बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 21 मई 2024
वर्ष 2, अंक 270, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज 16

यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म 15

आईएसआईएस के चार आतंकी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि श्रीलंका के ये नागरिक भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे। खुफिया सूचना पर एटीएस ने रविवार रात को सरदार वल्लभाई पटेल हवाई अड्डे पर इन आतंकवादियों को पकड़ा। ये श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से चेन्नई होते हुए अहमदाबाद पहुंचे थे।

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि एटीएस की टीम ने

भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे

- चारों श्रीलंका के रहने वाले हैं गुजरात एटीएस ने की कार्रवाई

आरोपियों के पास से जब्त मोबाइल फोन में मिली जानकारी और तस्वीरों के आधार पर नाना चिलोडा इलाके से पाकिस्तान निर्मित तीन पिस्तौल और 20 कारतूस भी बरामद किए हैं।

डीजीपी के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नफरान और मोहम्मद रासदीन के रूप में की गई है। इन्होंने कोलंबो से उड़ान भरी और रविवार तड़के चेन्नई पहुंचे। अहमदाबाद के लिए दूसरी उड़ान ली, जहां वे रविवार रात करीब आठ बजे उतरे। वे पहले प्रतिबंधित श्रीलंकाई कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन, नेशनल तौहीत जमात (एनजेटी) से जुड़े थे, और अपने पाकिस्तानी आका अबू बक्र अल बगदादी के संपर्क में आने के बाद आईएस में शामिल हो गए।

हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति रईसी की मौत

दुबई, एजेंसी

ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पहाड़ी क्षेत्र में खराब मौसम की वजह से हुए हेलीकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोग दुर्घटनास्थल पर मृत पाए गए। देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इब्राहिम रईसी की मौत के बाद प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। सरकारी टीवी ने पूर्वी अजरबैजान प्रांत में हुए हादसे का कोई कारण अभी नहीं बताया है। रईसी हादसे के समय ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। हादसे में रईसी के साथ मिले शवों में ईरान के विदेश मंत्री हुसैन

दुर्घटनास्थल पर पहुंचे बचाव दल के कर्मचारी। ● एजेंसी

- विदेश मंत्री सहित कई अन्य के शव भी मिले
- अजरबैजान में हेलीकॉप्टर हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमीराब्दुल्लाहियन (60) का शव भी शामिल है।

सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर एवं अन्य अधिकारी और अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे। ईरान द्वारा रईसी के निधन की पुष्टि किए जाने के बाद कि दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है, दुनिया भर से शोक संदेश आने शुरू हो गए। पाकिस्तान ने रईसी के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश दुख की इस घड़ी में ईरान के साथ खड़ा है। मिस्र और जॉर्डन के नेताओं ने भी रईसी के निधन पर शोक जताया है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल अशद ने भी ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा कि वह और उनकी सरकार हादसे से गहरे सदमे में हैं।

उपराष्ट्रपति मोखबर बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

भारत में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा

नई दिल्ली। भारत ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई यानी मंगलवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया कि रईसी व अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई मंगलवार को राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन गतिविधि नहीं होगी।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

नए क्रिमिनल कानूनों के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले तीन नए कानूनों को लागू करने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ ने अनुमति दी।

राजस्थान में 10 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन ने 10 दवाओं के नमूने मानक के विपरीत पाए जाने पर 08 कम्पनियों को इनकी आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। अग्रोन रेमेडीज को कफ सिरप एवं क्लोरमफेनिकल आई ड्रॉप, अलायन्स बायोटेक को हाइड्रोकोर्टीसोन सोडियम इंजेक्शन, एएनजी लाइफ को आर्टसुनेट इंजेक्शन, लिनस लाइफ केयर को डोरजोलामाइड आई ड्रॉप, मैक्सवेल लाइफ साइंसेज को सालब्यूटामॉल सिरप की आपूर्ति के लिए निश्चित अवधि के लिए प्रतिबंधित किया है।

14 सीटों पर लगभग 58% वोटिंग

5वां चरण : सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10% व सबसे कम लखनऊ 52.23% वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम 6 बजे तक लगभग 58 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10 प्रतिशत व सबसे कम लखनऊ 52.23 प्रतिशत मतदान रहा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के उप चुनाव में 52.45 प्रतिशत मतदान हुआ। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में मतदान धीमा रहा, शाम के वक्त लोगों ने मतदान में ज्यादा रुचि दिखाई। कई मतदान केंद्रों पर खराबी की शिकायत पर ईवीएम बदलकर मतदान कराया गया। छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्ण रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक जिलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल औसत मतदान 57.98 प्रतिशत हुआ। इसमें मोहनलालगंज (अजा) सीट पर 62.72 प्रतिशत, रायबरेली में 58.04 प्रतिशत, अमेठी में 54.40, जालौन (अजा) 56.15, झांसी में 63.70, हमीरपुर में 60.56 प्रतिशत, बांदा में 59.64, फतेहपुर में 57.05, कौशाम्बी (अजा) 52.79 प्रतिशत, फैजाबाद 59.10, कैसरगंज 55.68 व गोंडा सीट पर 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

मतदान के बाद अमिट स्याही दिखाते केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति इरानी, कौशल किशोर और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

- लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर 52.45 प्रतिशत मतदान
- दोपहर में धीमा रहा मतदान, कई जगह ईवीएम में खराबी

कई मंत्रियों समेत राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद

पांचवें चरण के मतदान के बाद पांच केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। लखनऊ सीट पर राजनाथ सिंह का मुकाबला सपा प्रत्याशी रविदास मेहरात्रा से रहा। मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के मुकाबले में सपा से आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार रहे। अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी व किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से रहा।

एटा में एक बूथ पर 25 मई को पुनर्मतदान

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर एटा जिले में आने वाले एक बूथ पर फर्जी मतदान की शिकायत पर 25 मई को वहां पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया है। फर्रुखाबाद लोस सीट पर एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी मतदान का वीडियो वायरल हुआ था।

सौ प्रतिशत मतदान कर ललितपुर ने रचा इतिहास

लखनऊ। शहरों में जहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं वहीं, झांसी-ललितपुर के गांवों के लोंगों ने शत-प्रतिशत मतदान कर इतिहास बना दिया। तीन बूथों पर सौ प्रतिशत वोटिंग कर रिकॉर्ड कायम किया है। माना जा रहा है कि देश का पहला मामला है, जहां 100 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां कुल 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। ग्राम सौल्दा के बूथ संख्या 277 पर पुरुष 198 और महिला 177 मिलाकर कुल 375 मतदाताओं ने वोट डाले। ग्राम बम्हौरा नागल के बूथ संख्या 355 पर पुरुष 235 और महिला 206 मिलाकर कुल 441 मतदताओं ने वोटिंग की। जबकि, ग्राम बुदनी नाराहट के बूथ संख्या 195 पर पुरूष 116 और महिला 99 कुल 215 मतदाताओं ने शत-प्रतिशत वोट किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों के अथक प्रयास के चलते ही यह संभव हो सका। आखिरी मतदाता को वोट के लिए बंगलुरु से बुलवा लिया गया। ललितपुर डीएम अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बंगलुरु से भोपाल तक का 18 हजार रुपये का टिकट बनवाया गया। फिर उस व्यक्ति को भोपाल से सरकारी गाड़ी द्वारा बूथ तक लाकर वोट डलवाया गया।

छत्तीसगढ़ : घाटी में गिरा वाहन, 18 की मौत

कवर्धा, एजेंसी

- पिकअप से तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे ग्रामीण, 4 घायल, मृतकों में 17 महिलाएं और एक पुरुष

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सोमवार को एक वाहन (पिकअप) के घाटी में गिरने से 17 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाहपानी गांव के करीब दोपहर बाद लगभग 1:45 बजे वाहन के बंजारी घाट में गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 17 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुई गांव के रहने वाले ग्रामीण तेंदूपत्ता एकत्र करने जंगल गए थे और वे जब पिकअप वाहन में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे तभी बाहपानी गांव के करीब वाहन बंजारी घाटी में गिर गया।

अधिकारियों ने बताया कि वाहन पहले सड़क से नीचे गिरा और घाटी के निचले हिस्से में बनी सड़क से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को मौके पर भेजा गया तथा बचाव कार्य शुरू किया गया। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि दुर्घटना में 12 महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। पल्लव ने बताया कि अस्पताल में पांच अन्य महिलाओं की मौत हो गई। तीन महिलाओं समेत अन्य चार घायलों को इलाज के लिए बेहतर सुविधा वाले अस्पतालों में भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने व्यक्त किया शोक

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया और शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

सड़क हादसे में मां-बेटे, मौसी की मौत

कार्यालय संवाददाता, सरसौल (कानपुर)

अमृत विचार : महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर से फतेहपुर की ओर जा रही एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार मां-बेटे और मौसी की मौत हो गई, बच्ची समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कर्नलगंज थानाक्षेत्र के ईदगाह कालोनी निवासी मोहम्मद कादरी तौहीद (50) दिल्ली में आईटीआई कर रहे बेटे अदनान उर्फ अब्दुल रहमान (19) और पत्नी नूर फातिमा (33) के साथ दिल्ली में रहते थे। वह ट्रैवेल्स का काम करते थे। रविवार को मोहम्मद कादरी

तौहीद के साले मुज्जसिर का परेड स्थित राजा गैलेक्सी से वलीमा था। दिल्ली से कार से कादरी तौहीद, बेटा अदनान, पत्नी नूर फातिमा व मुंबई निवासी साली रीना और उसकी बेटी अमायरा (5) शामिल होने आए थे। सोमवार सुबह पांचों अर्टिगा कार से ददिहाल जिला फतेहपुर के गांव खैरई जा रहे थे।

- महाराजपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर खड़े ट्रक में घुसी कार

महाराजपुर थाना क्षेत्र की पुरमावीर चौकी क्षेत्र में स्थित विराट ढाबा के पास उनकी तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चला रहे अदनान, मां नूर फातिमा और मौसी रीना की मौके पर ही मौत हो गई। कादरी तौहीद और अमायरा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हैलट रेफर कर दिया गया। महाराजपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार भाटी ने बताया कि हादसे का कारण कार चालक को झपकी आना माना जा रहा है।

गैंगरेप के बाद बच्ची को जिंदा जलाने के दोषियों को मृत्युदंड

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा

राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे कोयला भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को सोमवार को मृत्युदंड दिया।

विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किशनावत ने बताया कि इस मामले में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या करने वाले दो दोषियों कालू व कान्हा को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और फिर उसे जिंदा ही भट्टी में जलाने को अदालत ने 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मानते हुए दोनों दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया था और सोमवार को सुनाई। अदालत ने इस मामले में साक्ष्य मिटाने के आरोपी 7 व्यक्तियों को बरी कर दिया था। इनमें तीन महिलाएं व चार पुरुष हैं। किशनावत ने कहा कि इन्हें बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की जाएगी।

पीड़िता की मां ने कहा कि न्याय हुआ है और वह दोषियों को दी गई सजा से संतुष्ट हैं।

सूचना पर्ची पर कांग्रेस प्रत्याशी की फोटो प्रकरण में जांच के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ., रायबरेली

अमृत विचार: रायबरेली में मतदान के दौरान मतदाताओं को दी जाने वाली सूचना पर्ची पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की फोटो लगे होने के प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी की ओर से शिकायत पर भारत निर्वाचन आयोग ने जांच के निर्देश दिये हैं। इस मामले में कांग्रेस की ओर से भी आयोग से शिकायत की गई है, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं पर पार्टी का बस्ता उठा लिये जाने का आरोप है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से शिकायत दर्ज

रायबरेली का मामला

- कांग्रेस ने लगाया आरोप, भाजपा कार्यकर्ताओं ने उठा लिया बस्ता

कराने पर यह कार्रवाई की गई है। प्रकरण में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है।

रायबरेली संवाददाता के अनुसार जिले के राही क्षेत्र में बेला मतदान केंद्र पर कांग्रेस के बूथ से कुछ लोग पर्ची का बस्ता उठाकर चले गये। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू दिया। मौके पर पहुंचे प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें शांत कराया। दोपहर बाद राहुल गांधी भी मौके पर पहुंचे और प्रकरण की जानकारी ली। इस मामले में कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर बस्ता उठा ले जाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि हार की हताशा से भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस पर अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं।

दूसरी ओर, भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने अपने फेसबुक एकाउंट पर फोटो शेयर की, जिसमें कहा गया है कि हताशा में राहुल गांधी आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। फोटो में कुछ कार्यकर्ताओं को दिखाया गया है, जिसमें राहुल गांधी की फोटो छपी पचिर्यों को दिखाया गया है।

चारधाम यात्रा : 31 तक स्थगित किए गए ऑफलाइन पंजीकरण

देहरादून। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 31 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 दिनों में चारधाम यात्रा का विश्लेषण किया जाए, देखा जाए कहां कमी रही। यह भी देखा जाए कि यात्रा के दौरान कौन से सराहनीय कार्य किए गए। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन को साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को राज्य के अन्य धार्मिक और पौराणिक स्थलों पर जाने के लिए भी प्रेरित किया जाए।

ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट: 'आप' को विदेशों से हुई करोड़ों की अवैध फंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियमों का उल्लंघन कर विदेश सात करोड़ चंदा लेने का आरोप

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर दावा किया कि दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने एफसीआरए का उल्लंघन कर विदेश से सात करोड़ रुपये से अधिक का विदेशी कोष हासिल किया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पंजाब में 'आप' के पूर्व विधायक सुखपाल सिंह खैरा और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत कुछ दस्तावेज व ईमेल मिलने के बाद ईडी ने यह पत्र मंत्रालय को लिखा है। यह जांच 2021 में शुरू हुई थी और ईडी ने खैरा को तभी गिरफ्तार कर लिया था। वह अब कांग्रेस में हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने पिछले साल अगस्त में केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक विस्तृत पत्र भेजा था जिसमें 'आप' द्वारा नियमों के कथित उल्लंघन को रेखांकित किया गया है और इसे विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (फेरा) और जनप्रतिनिधिन कानून के उल्लंघन की श्रेणी में रखा गया है। माना जाता है कि ईडी ने हाल में इस मामले से संबंधित कुछ नई जानकारियां गृह मंत्रालय के साथ साझा की हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने पाया कि 'आप' को अब तक लगभग 7.08 करोड़ रुपये का विदेशी चंदा मिला है और उसने कुछ अन्य विवरणों के अलावा विदेशी दानदाताओं की पहचान और राष्ट्रीयता की कथित तौर पर गलत घोषणा की है और उनकी पहचान में हेरफेर की है।

सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने मंत्रालय को दानदाताओं के सत्यापित नाम, उनकी राष्ट्रीयता, पासपोर्ट नंबर, दान की गई राशि, दान का तरीका और प्राप्तकर्ता के बैंक खाता नंबर, बिलिंग नाम, पता, फोन नंबर, ईमेल, चंदा देने के समय और तारीख और भुगतान के लिए उपयोग किए गए गेटवे की जानकारी दी है।

कोवैक्सीन के दुष्प्रभाव वाला बीएचयू का शोध गलत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड टीका कोवैक्सीन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एक अध्ययन का खंडन करते हुए इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सीन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है और इस अध्ययन से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है।

पत्र में कहा गया है कि इस

- बीएचयू के अध्ययन का आईसीएमआर ने किया खंडन
- कहा-अध्ययन से हटाया जाए आईसीएमआर का नाम

अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है। अध्ययन में निर्धारित प्रक्रियाओं को पालन नहीं किया गया है तथा यह एक छोटे से समूह पर आधारित है। ये पत्र 18 मई को लिखे गए और इनकी प्रतियां सोमवार को यहां उपलब्ध कराई गईं। बहल ने दोनों पत्रों में अध्ययन से आईसीएमआर का नाम अलग करने तथा ऐसा नहीं होने पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और उसने शोध के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। आईसीएमआर द्वारा भेजे गए पत्रों के अनुसार टीकाकरण और गैर-टीकाकरण वाले समूहों के बीच घटनाओं की तुलना करने के लिए अध्ययन में गैर-टीकाकरण वाले व्यक्तियों का कोई उल्लेख नहीं है। इसलिए, अध्ययन में बताई गई घटनाओं को कोविड टीकाकरण से नहीं जोड़ा जा सकता है।

कोवैक्सीन को लेकर जताई गई थी चिंता

हाल ही में किशोरों और वयस्कों में बीबीवीएल 52 कोरोना वायरस वैक्सीन का दीर्घकालिक सुरक्षा विश्लेषण : उत्तर भारत में एक वर्ष के संभावित अध्ययन से निष्कर्ष नामक शोध पत्र के प्रकाशन के बाद कोवैक्सीन टीके को लेकर सुरक्षा पर चिंताएं जताई गई हैं। डॉ. बहल ने कहा है कि आईसीएमआर को बिना किसी पूर्व अनुमोदन या आईसीएमआर को सूचित किए बिना अनुसंधान में शामिल किया गया था, जो अनुचित और अस्वीकार्य है।उन्होंने कहा कि आईसीएमआर को इस असंगत अध्ययन से संबद्ध नहीं किया जा सकता है।

एक नजर

नशेबाजी के विरोध पर महिला को पीटा

कानपुर। नौबस्ता थानाक्षेत्र में नशे की हालत में दुकान के बाहर होकर गाली गलौज करने का विरोध करने पर दो सगे भाइयों ने महिला के साथ मारपीट व अभद्रता कर दी। पति व बेटे की भी पिटाई की। यशोदा नगर निवासी महिला ने बताया कि 17 मई की शाम वह घर के बाहर बैठी थी, तभी मोहल्ले का मनीष बाजपेई अपने भाई टिंकू के साथ नशे में गाली गलौज करने लगा। मना करने पर दोनों ने उनके साथ मारपीट कर छेड़खानी शुरू कर दी। बीच बचाव को आए बेटे व पति संग भी मारपीट की। इस संबंध में नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सफाई कर्मी दंपति से अभद्रता कर मारपीट

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के गदियाना इलाके में एक आरोपी ने मामूली बात पर महिला सफाई कर्मी से अभद्रता की और जाति सूचक शब्द कहे। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी। महिला को बचाने आए पति को भी आरोपी ने पीटा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। शिव कटरा निवासी कलावती के अनुसार वे और पति वार्ड 74 श्याम नगर के अंतर्गत गदियाना में ड्यूटी करते हैं। 18 मई को वह सफाई कर रही थी तभी मोहल्ले के निवासी लाला उर्फ मोहम्मद शाबिर उनसे सड़क पर पड़ी धूल को जीभ से चाटकर साफ करने के लिए कहने लगा। विरोध किया तो आरोपी पीटने लगा। पति भैरो को भी पीट दिया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

भीषण गर्मी में हजारों लोगों को पूरी रात बिजली संकट ने रुलाया

रात में फुंके ट्रांसफॉर्मर और फॉल्ट बनाने में लापरवाही, शिकायतें कीं नजरअंदाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। केस्को अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा रविवार रात शहर के करीब एक लाख लोगों को भुगतना पड़ा। शहर के कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी रात धड़ाम रही। भीषण गर्मी में पूरी रात लोग बेहाल रहे।

ट्रांसफार्मरों की खराबी और फाल्ट के कारण बर्रा विश्व बैंक के ब्लॉक समेत आसपास के क्षेत्र, राजीवपुरम, पोखरपुर, साइकिल मार्केट, शास्त्री नगर व सीसामऊ समेत आसपास क्षेत्र में पूरी रात बिजली व्यवस्था धड़ाम रही। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने केस्को के हेल्पलाइन नंबर 1912, एक्स पर कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉरपोशन एकाउंट पर और व्हाट्सएप नंबर 8189045247 पर शिकायतें कीं। करीब एक लाख लोगों को पूरी रात जाग कर बितानी पड़ी। सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक हंसपुरम गल्लामंडी में बिजली नहीं थी।

- साउथ सिटी के मोहल्लों में ज्यादा है संकट

कम कटौती दिखाकर अपनी पीठ थपथपा रहा केस्को

केस्को ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी की, जिसमें अधिकारियों का कहना है कि 19 मई को केस्को के अंतर्गत अधिकतम लोड 570 मेगावाट रहा। केस्को की संपूर्ण औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे छह मिनट रही। 20 मई को अफीम कोठी उपकेंद्र के झकरकटी ब्रिज फीडर की आपूर्ति बाधित हुई। ट्रक की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण एक बजकर 10 मिनट से दो बजकर 30 मिनट शटडाउन रहा। नवीन नगर उपकेंद्र के पांडु नगर फीडर की एचटी लाइन पर पेड़ गिरने के कारण दो बजकर 35 मिनट से चार बजकर 15 मिनट तक बिजली नहीं रही। जिन क्षेत्रों में पूरी-पूरी रात बिजली गुल रही, उन क्षेत्रों का जिक्र तक नहीं किया गया।

केशवपुरम् सबस्टेशन पर भीड़ का धावा

बिजली न आने से परेशान लोगों का सब्र का बांध टूटा तो वह केशवपुरम् सबस्टेशन पहुंचे। भीड़ को देखकर कर्मचारी सबस्टेशन छोड़कर भाग गए। हेल्पलाइन पर सटीक जानकारी न मिलने पर भीड़ ने सबस्टेशन की मेज व कुर्सी पलट दी। रात दो बजे बिजली आने के बाद भीड़ का गुस्सा शांत हुआ। वहीं, ट्रिपिंग ने शहर के हजारों लोगों को भीषण गर्मी में परेशान कर दिया। 24 घंटे में सात सौ से अधिक बार ट्रिपिंग हुई। नवाबगंज, पुराना कानपुर व बर्रा विश्व बैंक में ट्रांसफार्मर में फाल्ट हुए।

बिजली न आने से पूरी रात परेशान रहे

बर्रा विश्व बैंक निवासी अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में पूरी रात बिजली नहीं रहने से बच्चे पूरी रात परेशान रहे। छोटे बच्चों व बीमार लोगों को अधिक समस्या हुई। भीषण गर्मी में बिजली न आने पर हालत खराब हो गई थी।

रात नौ से सुबह सात बजे तक बिजली गुल

शास्त्री नगर के पं.सत्यम मिश्र के मुताबिक रात नौ बजे की गई बिजली सुबह सात बजे तक नहीं आई। कई बार कॉल करने के बाद भी किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने फोन तक नहीं उठाया। जिसकी शिकायत उन्होंने लिखित में की।

लाल कुआं फीडर में पूरी रात अंधेरा

साइकिल मार्केट लाल कुआ निवासी मुकीम अहमद कुरैशी ने एक्स पर शिकायत की। कहा कि सब स्टेशन साइकिल मार्केट के फीडर लाल कुआं में बिजली पूरी रात नहीं रही। गर्मी में बिजली न रहने से लोग पूरी रात सो तक नहीं सके।

रातभर नहीं आई बिजली दोपहर में फिर गई

बर्रा विश्व बैंक निवासी राधेश्री ने बताया कि सोमवार रात को करीब 12 बजे बिजली चली गई थी। सुबह करीब आठ बजे आई, इस बीच काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद बिजली दोपहर तीन बजे फिर चली गई थी।

सड़क से ऊपर निकले और बिना ढक्कन के खुले पड़े मैनहोल दुर्घटना का कारण बनते हैं। अमृत विचार

मैनहोलों की देख-रेख करेगी समिति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

5045 मैनहोल चैंबर हैं शहर में | **498** मैनहोल पर नहीं लगे ढक्कन

- नगर निगम ने हर जोन में अध्यक्ष सचिव व सदस्य किये नामित
- खुले मैनहोल एवं डक्ट की वजह से होती हैं अक्सर दुर्घटनाएं

अमृत विचार। नगर निगम की सीमा में खुले मैनहोल दुर्घटनाओं की वजह बने हुये हैं। शासन की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न होने की वजह से समस्या होती है। खुले मैनहोल एवं डक्ट की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नगर निगम ने प्रत्येक जोन में तकनीकी समिति का गठन कर दिया है। जोनल की अध्यक्षता में गठित समिति पर मैनहोल्स और डक्ट से जुड़ी समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने की जिम्मेदारी होगी। नगर निगम ने हर जोन में अध्यक्ष, सचिव व सदस्य नामित किये हैं। कुल 18 अधिकारियों को लगाया गया है।

जलकल के मुताबिक शहर में 5045 मैनहोल चैंबर हैं। इसमें से 498 सीवर मैनहोल पर ढक्कन नहीं लगे हैं। 4547 मैनहोल पर ढक्कन लगे हुए हैं, लेकिन कई जगह यह जर्जर हैं तो कई जगह जमीन के नीचे दबते जा रहे हैं। विभागों ने सड़क बनाने के दौरान मेनहोल चैंबरों को ऊंचा नहीं किया जिसकी वजह से कई सड़कों पर तो गड्ढेनुमा हो गये हैं। वहीं कई जगह इतने ऊंचे हैं जिससे राहगीरों को समस्या होती है। नगर आयुक्त ने बताया कि यह समिति साप्ताहिक रूप से सीवर सिस्टम का निरीक्षण करेगी। इस दौरान मिलने वाले खुले मैनहोल्स और डक्ट को 24 घंटों के अंदर ढकने की कार्रवाई करनी होगी। जब तक ढका नहीं जाता तब तक लाल झंडा लगाया जायेगा।

सफाई में दुर्घटना पर जिम्मेदार होंगे अधिकारी

मैनहोल, छोटे-बड़े नालों, चैंबर की मैनुअली सफाई में यदि सफाई कर्मचारियों की जान गई तो अधिकारी जिम्मेदार होंगे। नगर आयुक्त ने आदेश जारी कर कहा है कि मैनुअल सफाई के दौरान मैनुअल स्कैन्जर्स की एसओपी का पूरी तरह से पालन किया जाये। ऐसा न करने और यदि दुर्घटना होती है तो संबंधित अधिकारी व जिम्मेदार अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिये तैयार रहें। नगर आयुक्त ने कहा है कि सफाई कार्य के दौरान मानव बल को ऑक्सीजन मॉस्क, गम बूट्स, वॉटर प्रूफ दस्ताने और वाटर प्रूफ वर्दी उपलब्ध करवाना जरूरी है। बिना सुरक्षा उपकरण के सफाई कर्मचारियों को मैनहोल में उतारना अपराध है। अगर ऐसा पाया गया तो अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

प्राइवेट मैनहोल बनाने वालों पर भी होगी कार्रवाई

घरों के सामने प्राइवेट मैनहोल बनवाने वालों पर भी कार्रवाई होगी। पिछले दिनों रावतपुर के विनायकपुर बंबा रोड पर प्राइवेट मैनहोल में गिरकर युवक की मौत के बाद नगर निगम ने सख्ती कर दी है। खुले मैनहोल की मकान मालिक की पूरी जिम्मेदारी है, जिसपर कार्यवाही की जाएगी।

ऑनलाइन होंगी बैठकें और बौद्धिक चर्चाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठकें और बौद्धिक चर्चाएं जल्द ही ऑनलाइन कराई जाएंगी। इसके अलावा नए सदस्यों की सुविधा के लिए जल्द ही ऑनलाइन फॉर्म उपलब्ध कराने की भी सहूलियत दी जाएगी। एसोसिएशन से जुड़े पेशेवर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें इसके लिए भी कार्य किया जाएगा।

यह बातें सोमवार को कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों की ओर से कहीं गईं। पदाधिकारियों ने कहा कि शहर के पेशेवरों का बहुमूल्य समय बचे इसके लिए यह जरूरी है कि अधिक से अधिक सेवाएं ऑनलाइन हों। ऐसे में जल्द ही इस ओर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। हरिहरनाथ शास्त्री भवन में हुए समारोह में कार्यकारणी के अध्यक्ष नरपत जैन, महामंत्री शैलेश शर्मा, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव (प्रशासनिक) शरद सिंघल, सचिव (वित्त) जगदीश प्रसाद जायसवाल, सचिव (सांस्कृतिक) आशीष जौहरी, सचिव (क्रीड़ा) वैभव गुप्त, सचिव (पुस्तकालय) आनंद गुप्ता ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। इसी तरह समारोह में कार्यकारिणी सदस्य अभिनव ओमर, अखिलेश कृष्ण श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार गुप्ता, आनंद कुमार सिंह, गुरप्रीत सिंह भल्ला, ज्ञान प्रकाश गुप्त, पद्मेश कुमार बाजपेई, रंजीत सिंह, संजय कुमार गुप्त, सरबजीत सिंह, सूर्यांश अग्रवाल, वैभव गुप्त व आडिटर राजेश मिश्रा ने अपने-अपने पद के लिए शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान डीसी शुक्ला, डीएस सिन्हा, दीपक कपूर, जेपी.एस भाटिया, दीप कुमार मिश्रा, बीएल द्विवेदी, शशि बाजपेई, नवीन भार्गव, राकेश गर्ग, राजेश मेहरा, गोविंद कृष्ण, एसएम जौहरी, शैलेंद्र सचान, शरद शेखर श्रीवास्तव मौजूद रहे। सभा का संचालन निवर्तमान महामंत्री राहुल चंद्रा ने किया।

शपथ लेते इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य। अमृत विचार

- इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ
- अध्यक्ष पर निर्विरोध चयन, 23 पदाधिकारियों ने ली शपथ

योजना के लिए केडीए ने 11 किसानों से खरीदी 1.27 हेक्टेयर जमीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। केडीए न्यू कानपुर सिटी योजना की बाधा खत्म कर रहा है। योजना के लिये प्रस्तावित जमीन को लगातार केडीए खरीद रहा है। केडीए ने 11 किसानों को आठ करोड़ रुपये चुकाकर 1.27 हेक्टेयर जमीन खरीदी है। सभी को मौजूदा सर्किल रेट का चार गुना रकम का चेक दिया गया। केडीए अधिकारियों ने बताया कि कुल 20 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री कराई जा चुकी। जो बचे किसाने हैं उनसे बात की जा रही है।

न्यू कानपुर सिटी योजना में 90 वर्ग मी. से लेकर 450 वर्ग मी. के आवासीय भूखण्ड, व्यावसायिक भूखण्ड, शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा संस्थान, पार्क इत्यादि की सुविधाएं दी जाएंगी। विकास कार्य के लिए प्रदेश एवं भारत सरकार से भी वित्तीय मदद दी जा रही है। केडीए विशेष कार्याधिकारी (भूमि बैंक) डॉ. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि छह जनवरी से बची भूमि को खरीदने की प्रक्रिया शुरू है। सहमति दे चुके निजी काश्तकारों की भूमि की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। अभी तक लगभग 20 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री प्राधिकरण द्वारा कराई जा चुकी है।

- न्यू कानपुर सिटी योजना को बसाने में बाधा होगी दूर
- आठ करोड़ रुपये से ज्यादा के बांटे डिमांड ड्रफ्ट

इन किसानों को दिया गया चेक

11 काश्तकार निर्मला कनौजिया, अनुज कुमार वर्मा, बलवान सिंह, दिनेश कुमार, उमेश कुमार, दिलीप कुमार, शिव प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, दिनेश कुमार, उमेश कुमार एवं दिलीप कुमार से लगभग 1.27 हेक्टेयर की भूमि खरीदी गई। डिमाण्ड ड्राफ्ट विधि अधिकारी शशि भूषण राय ने सौंपी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या एम 9292828 में नाम समीक्षा दर्ज है, जबकि आधार कार्ड, पैनकार्ड में अपना नाम SAMIKSHA CHAODHARY अंकित करा लिया है। अब मुझे समीक्षा चौधरी के नाम से ही जाना पहचाना जाता है। पासपोर्ट में समीक्षा चौधरी अंकित किया जाए। **समीक्षा चौधरी पत्नी प्रदीप सिंह निवासी मिल वार्ड 21 खुटार रोड गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर-खीरी।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाईस्कूल अंक पत्र, सह प्रमाण-पत्र, वर्ष 2016, रोल नं. 1147310, व इंटरमीडिएट अंक पत्र व सह प्रमाण-पत्र वर्ष 2018, रोल नंबर 0909187 का अंक पत्र, सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही गुम हो गया है। **– सुशील सरकार पुत्र जगदीश सरकार, निवासी-ग्राम-मियांपुर, पोस्ट राजापुर बेनी तह0 मोहम्मदी, जिला-लखीमपुर खीरी -262804**

इरफान मामले में फिर टला फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में सोमवार को नौवीं बार अपरिहार्य कारणों से कोर्ट का फैसला टल गया। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 27 मई निर्धारित की।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में सपा विधायक, उनके भाई समेत अन्य आरोपी हैं।

एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में बीते एक मार्च को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत पहलवान का ट्रायल पूरा हो चुका था। जिसके बाद कोर्ट ने फैसले की तिथि 14 मार्च निर्धारित की थी। इसके बाद अलग-अलग कारणों से फैसला टलता गया।

नौ मई को दोनों पक्षों की ओर लिखित बहस दाखिल की गई थी। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 20 मई निर्धारित की थी। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि सोमवार को सुनवाई के दौरान कुछ अपरिहार्य कारणों से फैसला नहीं आ पाया। अब कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 27 अप्रैल निर्धारित की है।

फैसले के मद्देनजर फोर्स तैनात रहा। अमृत विचार

- आगजनी मामले में आरोपी हैं सपा विधायक इरफान सोलंकी

गंगा का प्राकृतिक स्वरूप वापस लाएगा गंगा समग्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा समग्र मां गंगा की अविरलता व निर्मलता के लिए जन कल्याणकारी कार्य कर रहा है। नदियों, तालाबों, कुओं व झील कुंड के प्राकृतिक स्वरूप वापसी के लिए जन जागरण, स्वच्छता, तालाब, नदियों के किनारे पौधरोपण व सफाई अभियान चलाना है। गंगा समग्र कानपुर प्रांत की प्रेसवार्ता में प्रेमभूषण महाराज ने बताया कि गंगा महोत्सव की रुपरेखा तैयार है।

प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि गोष्ठियां, गंगा सफाई, मां गंगा की आरती, स्कूल-कालेजों में बच्चों की ओर से निर्मल गंगा पर रंगोली, निबंध व चित्रकारी प्रतियोगिता होगी। नाटकों के माध्यम से बच्चे लोगों को प्रोत्साहित करेंगे। गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है। जल के बिना शहर वीरान हो जाएगा। मां गंगा की निर्मलता के लिए गंगा समग्र की मंगलकारी राम कथा 9 से 18 जून तक मोतीझील में होगी। प्रेस वार्ता में दीपेश सिंह, राजेंद्र गुप्ता सुबोध बाजपेई, गंगा समग्र युवा गंगा वाहिनी के सचिन सिंह, अक्षांश चतुर्वेदी, बृजेश, राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

- गंगा समग्र की राम कथा 9 से 18 जून तक मोतीझील में



कोर्ट-कचहरी | सीएमएम कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर, डीजीपी व प्रमुख सचिव गृह को दिया आदेश

33 साल पुराने हत्याकांड की रिपोर्ट तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में 33 साल पूर्व 15 वर्षीय किशोरी पूजा हत्याकांड के मामले में थाने से गायब हुए अभिलेखों व दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के मामले में कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से एक माह के भीतर रिपोर्ट तलब की है। आदेश की प्रति डीजीपी व प्रमुख सचिव गृह को भेजते हुए कार्रवाई करने को कहा है।

बेनाझाबर निवासी संजय अवस्थी ने 17 अगस्त 1991 को कर्नलगंज थाने में अपहरण और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 19 जुलाई को घर की छत पर भूपेंद्र नारायण शुक्ला, त्रिलोकीनाथ दीक्षित व अन्य साथियों के साथ बैठे थे। शाम छह बजे घर के नीचे वाले भाग में रहने वाली पूजा गौतम को उसके चाचा बेरहमी से मार रहे थे। 20 जुलाई को पूजा के चाचा व उनके तीन भाई व भतीजे घायल पूजा को कार में बैठा कर कहीं ले गए, जिसके बाद से वह गायब थी। संजय अवस्थी ने कर्नलगंज थाने में पूजा के अपहरण और हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तत्कालीन दरोगा अवनीश शुक्ला व शीतला प्रसाद ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छिपाने की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की था। आरोपियों ने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी स्टे ले लिया था। इसके बाद वर्ष 2013 में मामले की जांच स्पेशल इंवेस्टिगेशन सेक्शन (एसआईएस) को सौंपी गई।

एसआईएस ने चार्जशीट लगाई, लेकिन फाइल थाने से गायब हो गई। इसके बाद संजय अवस्थी ने कोर्ट की शरण ली, लेकिन पुलिस दो बार समय मांगने के बाद भी फाइल पेश नहीं कर पाई। तीसरी बार में कर्नलगंज पुलिस ने कोर्ट को बताया कि चार्जशीट दाखिल कर दी गई, लेकिन फाइल एसआईएस को ट्रांसफर की गई थी जिसका रिकॉर्ड है। वहां से फाइल वापस आने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सोमवार को सीएमएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि 33 साल से पीड़ित पक्ष न्याय के लिए भटक कर रहा है। पुलिस कमिश्नर को निर्देशित किया कि मामले में व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रकरण की वर्तमान स्थिति व अभिलेखों का पता लगाने का प्रयास करें। साथ ही दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर 24 जून तक कोर्ट को अवगत कराएं।

- वर्ष 1991 में 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी
- पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लेकिन थाने से फाइल हुई गायब

सब्जी की दुकान में आग लगी

कानपुर। गुजैनी क्षेत्र में रविवार देर रात आलू के बोरों से भरी दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। पीड़ित ने पड़ोसी पर आग लगाने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की।

बर्रा आठ निवासी अमन गुप्ता की आजाद पार्क सब्जी मंडी में आलू की दुकान है। अमन ने बताया कि रविवार रात करीब 12 बजे वह कन्नौज से डेढ़ लाख का आलू लेकर आए थे, जिसे दुकान में डंप करवाया था। इसके बाद वह घर चले गए, देर रात डेढ़ बजे दुकान में काम करने वाली बुजुर्ग महिला ने पड़ोसी के मोबाइल से सूचना दी कि दुकान में आग लग गई है। आरोप लगाया कि दुकान के सामने रहने वाले व्यक्ति ने अपने साथियों संग घटना को अंजाम दिया है।

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी
उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

43.8⁰	30.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 18	सूर्यास्त 06 : 51

एक नजर

माध्यमिक तक के सभी स्कूल आज से बंद

कानपुर। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आज से आठवीं तक के स्कूल 15 जून और माध्यमिक तक के स्कूल 30 जून तक बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार कक्षा 12 तक स्कूलों को बंद किया गया है। दिए गए आदेशों को न मानने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे स्कूल जहां पर परीक्षाओं का संचालन हो रहा है, उनके अलावा किसी भी दशा में स्कूल का संचालन नहीं किया जाएगा।

गोविंद नगर पुल से युवक ने लगाई छलांग

कानपुर। फजलगंज थानाक्षेत्र में स्थित गोविंद नगर नए पुल से युवक ने छलांग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हैलट अस्पताल भेजा। पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम कल्याणपुर निवासी रजत बताया। फजलगंज पुलिस के अनुसार युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों से झगड़कर ऐसा करने की बात सामने आ रही है।

बंधक बनाकर पीटा

कानपुर। ट्रक ड्राइवर के पिता ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक पर वेतन मांगने पर बंधक बनाकर मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। बहरमापुर शिवराजपुर निवासी श्रवण कुमार ने बताया कि उनका बेटा वेंकटरमण लवी गांधी रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट कंपनी में ड्राइवर है। 17 मई को सुबह वेतन मांगने पर गाली गलौज करते हुए गाड़ी का नुकसान होने की बात कह कर 65 हजार रुपये मांगे गए।

❍ शासन ने दोनों जगहों के दस्तावेज नगर निगम से मांगे ❍ कलक्टरगंज में व्यापारी कर रहे हैं विरोध

कलक्टरगंज की जगह स्वरूप नगर में बन सकता काम्प्लेक्स

एक्सक्लूसिव

अभिषेक वर्मा, कानपुर

अमृत विचार। व्यापारियों के भारी विरोध के कारण कलक्टरगंज गल्ला मंडी में प्रस्तावित कॉमर्शियल काम्प्लेक्स (आधुनिक बिजनेस सेंटर) घंटाघर स्वरूप नगर में बनाया जा सकता है। म्यूनिसिपल बांड के 100 करोड़ रुपये से बनने वाले कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के लिये शासन ने नगर निगम से दोनों जगहों के दस्तावेज तलब किये हैं, साथ ही चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। नगर निगम ने जोन एक और चार के साथ ही प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) से भी जानकारी तलब की है।

कलक्टरगंज गल्ला मंडी में म्यूनिसिपल बांड के तहत आधुनिक बिजनेस सेन्टर (कॉमर्शियल काम्प्लेक्स) प्रस्तावित है। पूर्व में हुई कार्यकारिणी की बैठक में म्यूनिसिपल बांड के तहत आधुनिक बिजनेस सेन्टर के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में सर्वे का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, सर्वे के खत्म होने के बाद योजना की डीपीआर बनाये जाने की कार्यवाही शुरू होनी है। सदन की स्वीकृति के बाद म्यूनिसिपल बांड के तहत इसकी धनराशि आरक्षित कर ली गयी है। लेकिन कलक्टरगंज के व्यापारी नहीं चाहते कि शहर की सबसे पुरानी बाजार का स्वरूप बदला जाए। इसको लेकर व्यापारी शहर के अधिकारियों के साथ ही शासन स्तर पर भागदौड़ कर रहे हैं। जिसके चलते पूर्व में काम्प्लेक्स के लिये चिह्नित की गई जगह में स्वरूप नगर घंटाघर को भी शामिल किया गया है। शासन ने घंटाघर स्वरूप नगर और कलक्टरगंज घसियारी बाजार की जानकारी मांगी है।

व्यापारियों की यहां पांचवीं पीढ़ी चल रही है

- कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक ज्ञानेश मिश्र ने बताया कि व्यापारियों को उजाड़कर कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के प्रस्ताव को नगर निगम ने पास किया है। यहां के व्यापारी बाबा व पिता के साथ सौ वर्षों से अधिक समय से व्यापार कर रहे हैं और कई व्यापारियों की यहां पांचवी पीढ़ी है। इसलिए कलक्टरगंज में कॉमर्शियल काम्प्लेक्स का व्यापारी विरोध कर रहे हैं।

शासन ने ये चार जानकारियां मांगीं

- चयनित स्थल पर वर्तमान में किसका कब्जा है, मौजूदा समय में स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण की जानकारी।
- चयनित स्थल पर वर्तमान में किसका स्वामित्व है।
- यदि योजना के अंतर्गत काम्प्लेक्स बनाया जाता है तो नक्शा पास होने में कितना समय लगेगा।
- स्थल पर कोई न्यायालय विवाद तो नहीं है या मुकदमा लंबित तो नहीं है।

"म्यूनिसिपल बांड के तहत योजना की समीक्षा समय-समय पर शासन की ओर से की जाती है। शासन के निर्देश पर जोन एक और चार के साथ ही प्रभारी अधिकारी संपत्ति से चयनित स्थलों की संपूर्ण जानकारी मांगी गई है। **मो. आवेश, अपर नगर आयुक्त प्रथम**

घंटाघर में इस जगह बन सकता है काम्प्लेक्स।

तेज तपिश और लू के थपेड़ों से लोग हलकान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया अधिकतम पारा
- रात का पारा 30 पर पहुंचा, भारी उमस से बेचैन रहे लोग

अमृत विचार। शहर में सोमवार को भी तपिश और लू से लोग हलकान रहे। मौसम विभाग ने 25 मई तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम वैज्ञानिकों ने बुजुर्ग, बच्चों व रोगियों को दोपहर में घर से बाहर निकलने में बचाव की सलाह दी है।

सीएसए के मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। हवा की गति औसत से तेज 5.6 किलोमीटर प्रति घंटा रही। लू के गर्म थपेड़ों से लोग परेशान रहे। शहर में गर्मी की वजह से आम जनजीवन प्रभावित रहा। बाजारों में आम दिनों के मुकाबले कम खरीदार आए। कारोबारियों ने कहा कि अधिक गर्मी की वजह से आस-पास के जिलों से कम व्यापारी आ रहे हैं। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 25 मई तक हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं। हालांकि वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं। दिन के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस के उछाल के आसार हैं।

गर्मी से बचने का जतन।

नौतपा 25 से शुरू होगा

- ज्योतिषाचार्य पं. मनोज द्विवेदी ने बताया कि हिंदी पंचांग के अनुसार नौतपा 25 मई से शुरू होकर दो जून तक चलेगा। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इन नौ दिन गर्मी का भयानक प्रकोप होता है।

कंपनीबाग चौराहे पर गिरा हुआ आईटीएमएस का खंभा। अमृत विचार

आईटीएमएस का खंभा गिरा, ट्रैफिक सिग्नल ठप

कानपुर। कंपनीबाग चौराहे पर सोमवार को आईटीएमएस का खंभा गिरने की वजह से ट्रैफिक सिग्नल ठप हो गए। यातायात संचालन प्रभावित हो गया। खंभे में लगे सीसीटीवी भी बंद हो गये। इसका असर तिलक नगर चौराहे तक रहा। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के अनुसार आटोमेटिक ट्रैफिक संचालन को दोबारा शुरू करने में 15 दिनों का समय लग सकता है। स्मार्ट सिटी के आईटी मैनेजर राहुल सब्बरवाल ने बताया कि किसी ने कंपनीबाग चौराहे पर आईटीएमएस का खंभा गिरा दिया है। जिससे ट्रैफिक संचालन और कैमरा का संचालन बंद हो गया। इसका असर राजीव पेट्रोल पंप तिलक नगर में लगे ट्रैफिक सिस्टम पर भी पड़ा है। सिस्टम ठीक करने में 15 दिन लगेंगे।

मायके में सामान हटाते वक्त तमंचा दगा, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह हुई घटना से हड़कंप
- परिजन घायलावस्था में लेकर पहुंचे हैलट तब हुई जानकारी
- हादसा-हत्या की जांच कर रही पुलिस, पिता-भाई हिरासत में

अमृत विचार। सीसामऊ थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चंद्रनगर स्थित बद्री का हाता में संदिग्ध परिस्थितियों में मायके में तमंचे से गोली चलने से महिला की मौत हो गई। परिजन उसे लेकर हैलट पहुंचे थे, जहां उसके सरिया लगने की बात कही थी। डॉक्टरों ने देखा तो गोली लगने की आशंका हुई जिस पर पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस ने मृतका के मायके से एक तमंचा और खाली कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने मृतका के भाई और पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि आशंका है कि टाल के ऊपर लोड तमंचा रखा था जिसे महिला ने पकड़ा तो फायर हो गया और महिला को गोली लग गई।

मनीषा।

जवाहर नगर निवासी प्राइवेट कर्मी संजय यादव, पत्नी मनीषा (32), बेटे आकृतिक और बेटी ऋतिका के साथ रहता है। मकान जर्जर हो जाने के कारण वह जवाहर नगर स्थित ससुराल में परिवार के साथ शिफ्ट हो रहा था। दो दिन से जवाहर नगर से सामान लाकर मनीषा के मायके चंद्रनगर में रखा जा रहा था। सोमवार सुबह करीब दस बजे छोटी बहन काजल कमरे की टाल में रखी चीजें हटाकर नीचे खड़ी मनीषा को पकड़ा रही थी। इस दौरान काजल ने एक बैग मनीषा को पकड़ाया। मनीषा ने जैसे ही बैग पकड़ा तभी फायर हो गया और गोली मनीषा के पेट के नीचे जा घुसी।

आनन-फानन पति संजय यादव साले विशाल के साथ मनीषा को लेकर हैलट अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में विशाल और संजय ने मनीषा के पेट में सरिया लग जाने की बात डॉक्टरों को बताई। डॉक्टरों ने जांच की तो गोली लगने की पुष्टि हो गई। इलाज के दौरान मनीषा की मौत हो गई। महिला को गोली लगने क़ी सूचना पर डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, एसीपी श्वेता कुमारी पहुंची। अस्पताल में परिजनों ने गोली लगने की बात से इंकार कर दिया। लेकिन पुलिस के सख्ती करने पर वह टूट गए और गोली लगने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने मनीषा के भाई विशाल को हिरासत में ले लिया और उसके घर छानबीन करने पहुंची। पुलिस को घटनास्थल वाले कमरे से एक तमंचा और खाली कारतूस बरामद हो गया। परिजनों ने बताया कि बैग खोलकर देखते समय मनीषा के हाथ से ही फायर हो गया। तमंचा किसका है और कौन लाया, इस मामले में परिजन चुप्पी साध गए। पुलिस ने मनीषा के पिता को भी हिरासत में ले लिया।

डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि तमंचा घर में पहले से ही रखा हुआ था। कमरे की साफ-सफाई के दौरान मनीषा के हाथ तमंचा लग गया और उससे फायर हो गया। यह हादसा है या हत्या, इसकी जांच की जा रही है। परिजनों ने बताया कि मनीषा के दो भाई मनीष, विशाल और बहन काजल हैं। मनीष पैरों से दिव्यांग है। मां निर्मला की मौत के बाद से मनीषा दिव्यांग भाई की देखरेख करती थी।



एक नजर

डीसीपी ने देखी वन-वे व्यवस्था की हकीकत

कानपुर। नरोना चौराहा से फूलबाग के बीच सोमवार से लागू की गई वन-वे व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने ट्रैफिक इंस्पेक्टर सेंट्रल जोन मनोज कुमार सिंह को वन वे व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। 20 मई से लागू वन-वे व्यवस्था के तहत फूलबाग से नरोना चौराहा की ओर कोई भी वाहन नहीं जाएगा। ऐसे वाहन चार्लिस चौराहा, झाड़ीबाबा से पनचक्की चौराहा होते हुए नरोना चौराहा की ओर जा सकेंगे। टीआई सेंट्रल ने बताया कि चौराहे फोर्स की कमी के चलते सिविल डिफेंस के जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही चौराहे पर बेरीकेडिंग लगाकर बंद कर किया गया है।

मोबाइल ठीक कराने निकली किशोरी लापता

कानपुर। कैंट थानाक्षेत्र में घर से निकली किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने थाने पहुंचकर एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 17 मई की शाम को घर से मोबाइल ठीक करवाने के लिए निकली थी। उसके बाद से घर लौटकर नहीं आई। पीड़ित ने इलाके के दीपक कश्यप पर बहला फुसलाकर बेटी को ले जाने का आरोप लगाया। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

बाबूपुरवा में मोबाइल लुटेरा गिरफ्तार किया

कानपुर। बाबूपुरवा में बीते शुक्रवार शाम युवती से मोबाइल लूटने वाले स्कूटी सवार एक लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी सैफी नाज ढकनापुरवा स्थित कंपनी में काम करती हैं। सैफी ने बताया कि शुक्रवार शाम वह ऑफिस से घर लौट रही थी। वह नया पुल के पास पहुंची ही थीं, तभी पीछे से आए स्कूटी सवार दो लुटेरों ने उनका मोबाइल छीन लिया। बाबूपुरवा पुलिस ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें लुटेरे कैद हो गए थे। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे का नाम बाबूपुरवा निवासी शोएब आलम अंसारी है। घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। फरार साथी मुन्ना की तलाश की जा रही है।

चकेरी फ्लाईओवर पर ट्रक व ट्राला में टक्कर, परिचालक जिंदा जला

चालक भी झुलसा, दमकल ने बुझाई आग, हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्राले से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक और ट्राला में आग लग गई। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले लेकिन ट्राला का परिचालक केबिन में फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला का चालक भी झुलस गया। उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल ने वाहनों की आग बुझाई। हाईवे पर घंटेभर तक जाम लगा रहा।

सोमवार तड़के एक ट्रक दलिया लादकर फतेहपुर से रामादेवी की तरफ आ रहा था।

हाईवे पर धू-धूकर जलता ट्रक। अमृत विचार

चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन पर राजस्थान से टाइल्स लादकर वाराणसी जा रहे ट्राले से टकरा गया। तेज आवाज के साथ दोनों वाहनों में आग लग गई। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले। ट्राला का परिचालक शाहपुर राजस्थान भीलवाड़ा निवासी 18 वर्षीय मोनू प्रजापति फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला चालक 20 वर्षीय सांवरिया प्रजापति बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग को बुझाया और चालक को उर्सला अस्पताल भिजवाया। मौके पर एडीसीपी पूर्वी लखन यादव समेत पुलिस बल पहुंच गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि चालक-परिचालक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिचालक के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

- चकेरी मोड़ के पास सोमवार सुबह हुआ हादसा

चालकों की झपकी से चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सोमवार सुबह महाराजपुर और चकेरी थानाक्षेत्रों में हुए दो बड़े हादसों में चार लोगों की मौत के पीछे चालकों के झपकी आ जाने की बात सामने आई है। महाराजपुर हादसे में जहां अदनान उर्फ अब्दुल रहमान, नूर फातिमा, रीना की मौत हो गई, वहीं बच्ची अमायरा और मो. कादरी तौहीद बुरी तरह से घायल हो हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार के ट्रक में घुसते समय स्पीड इतनी तेज थी कि टक्कर लगने से अमायरा सीट के नीचे जा पहुंची, जिससे उसकी जान बच गई। कादरी तौहीद की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज हैलट आईसीयू में चल रहा है।

मोहम्मद कादरी तौहीद के भाई तौफीक ने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग ददिहाल फतेहपुर के खैरई गांव जा रहे थे। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे काफी रिश्तेदार परिजनों को सांत्वना देते नजर आए। परिजनों का कहना था कि रात में देर से सोने के बाद सुबह जल्दी ही वे लोग फतेहपुर निकल गए थे। उन लोगों को पूरी आशंका है कि कार चला रहे भतीजे अदनान को झपकी आ गई होगी और इसी कारण हादसा हो गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन तीनों के शवों को लेकर फतेहपुर चले गए।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद अदनान उर्फ अब्दुल रहमान के परिजन। अमृत विचार

- महाराजपुर और चकेरी में हुए हादसों का मामला
- कार हादसे में घायल का आईसीयू में चल रहा उपचार

वहीं चकेरी थानाक्षेत्र में फ्लाईओवर पर तड़के हुए भीषण हादसे में परिचालक मोनू प्रजापति की जिंदा जलकर मौत के बाद उसका शव निकालने के लिए पुलिस और फायर ब्रिगेड को एक घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। केबिन में फंसकर वह चीखता चिल्लाता जान बचाने की गुहार लगाता रहा लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे में झुलसे चालक सांवरिया प्रजापति की उर्सला अस्पताल में हालत गंभीर बनी है। सोमवार रात तक दोनों में से किसी के परिजन कानपुर नहीं आ सके थे। पुलिस इस मामले में भी चालक के झपकी आने की बात कह रही है।

बेटी के हत्यारे को फांसी की सजा मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मेरी बेटी की आत्मा को तब ही शांति मिलेगी जब उसके हत्यारे पति को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी, उसको फांसी की सजा मिलनी चाहिए। यह बातें सोमवार को यशोदा नगर में आयोजित नीलम की श्रद्धांजलि सभा में उसकी मां मीना ने कहीं।

सोमवार को भजन गायिका नीलम तिवारी की आत्मा की शांति के लिए देवकी नगर के श्री परमज्ञानेश्वर महादेव श्याम मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में नीलम की मां हरबंश मोहाल निवासी मां मीना व पिता शिवकुमार शर्मा भी पहुंचे। मां मीना ने बताया कि बेटी ने 14 वर्ष पूर्व घाटमपुर निवासी राहुल तिवारी से प्रेम विवाह किया था। उनके दो बेटे व एक बेटी है। कुछ साल से वह नौबस्ता हंसपुरम स्थित एक मकान के तीसरे तल पर किराये पर रहती थी। साथ में राहुल का छोटा भाई अंकित भी रहता था।

- भजन गायिका नीलम तिवारी की श्रद्धांजलि सभा हुई
- हत्यारोपी पति राहुल अभी तक है फरार

पिता के मुताबिक राहुल शराब का लती था। बेटी भजन गाकर परिवार का खर्च चलाती थी। गुरुवार रात सपना और राहुल में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद राहुल ने सपना को जमकर पीटा और तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। इसके बाद से राहुल फरार है। श्रद्धांजलि सभा बड़ी संख्या में शहर के भजन गायक, संगीत और जागरण की झांकियों में कार्य करने वाले लोग शामिल रहे।

करोड़ों का सोना हड़पने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कलक्टरगंज थानाक्षेत्र के नयागंज और जालौन के तीन सराफा कारोबारियों का करोड़ों का सोना लेकर भागने वाले सर्राफ हरिओम गुप्ता और उसकी पत्नी को सर्विलांस की मदद से पुलिस ने गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने कर्जदारों से परेशान होकर भागने की बात कबूली है। आरोपी का कहना था कि कर्ज लौटाने के बाद भी सूदखोर और रुपये की मांग कर रहे थे जिसके वह अवसाद में चल रहा था। इस कारण उसने हड़पा सोना गलवा कर उन लोगों को रकम दे दी।

हरिओम।

कानपुर देहात के रसूलाबाद कहिंजरी निवासी सर्राफा दुकानदार हरिओम गुप्ता एक माह पहले नयागंज के दो कारोबारियों निवासी राजकुमार गुप्ता और संदीप मिश्रा का करीब 95 लाख रुपये का सोना-चांदी व नकदी लेकर फरार हो गया था। कारोबारियों ने हरिओम के खिलाफ कलक्टरगंज थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था। इसके बाद जालौन के तीन कारोबारियों ने भी सोना-चांदी लेकर भागने की शिकायत की थी। जांच के दौरान पता चला था कि हरिओम गुप्ता के केशवनगर निवासी भाई मनीष कुमार गुप्ता ने सात मई को हनुमंत विहार थाने में हरिओम और उसकी पत्नी सुमति की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने व्यावसायिक लेनदेन के विवाद की बात कही थी। जांच कर रही कलक्टरगंज पुलिस ने सर्विलांस की मदद से हरिओम और उसकी पत्नी सुमति गुप्ता को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

- सोना गलाकर सूदखोरों को लौटा दी रकम
- कलक्टरगंज पुलिस ने दंपति को गुरुग्राम से पकड़ा

इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में हरिओम ने बताया कि उसने नयागंज के अलावा शहर के अन्य कारोबारियों से भी कर्ज लिया था। रुपये देने के बाद भी कर्जेदार और रुपयों की मांग कर रहे थे। इसके चलते वह अवसाद में रहने लगा था। कर्जदारों से तंग आकर उसने कारोबारियों से लिया सोना गलवा दिया। उसे बेचने के बाद कर्जदारों को रुपये दे दिए।

संपत को भी पकड़े पुलिस

सराफा कारोबारी पंकज अरोड़ा समेत अन्य कारोबारियों का कहना था कि जिस तरह से इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक सप्ताह के भीतर आरोपी सर्राफ दुकानदार को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह बेकनगंज इलाके से करोड़ों का सोना और नकदी लेकर दिसंबर से फरार महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले संपत राव लवेटे को भी वह छह महीने से फरार है।

हत्यारे सांड़ समेत 51 छुट्टा जानवर पकड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रविवार को कल्याणपुर में सांड़ के हमले में जिला न्यायालय के डिप्टी नाजिर की मौत के बाद सोमवार को नगर निगम जागा। नगर निगम ने अभियान चलाकर हमलावर सांड़ को पकड़ लिया। इसके साथ कुल 51 छुट्टा पशुओं को पकड़ा।

कल्याणपुर आईआईटी नानकारी निवासी 58 वर्षीय देवेन्द्र कुमार यादव जिला न्यायालय में डिप्टी नाजिर के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी मीना और तीन बेटे शिवम सिंह, शशीकांत और रविकांत हैं। रोज की तरह रविवार सुबह वह मार्निंग वॉक पर गए थे। नानकारी में सांड़ ने उन्हें पटक दिया। अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। एक अन्य महिला को भी उसी सांड़ ने उठाकर पटक दिया।

- रविवार को कल्याणपुर में सांड़ ने ले ली थी एक जान
- अब जागा नगर निगम, अभियान चलाकर पशु पकड़े

सोमवार सुबह पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत नगर निगम का कैटिल कैचिंग दस्ता सुबह आईआईटी के पास प्रधान गेट, चंदेल गेट, नानकारी में पहुंचा। अभियान चलाकर टीम ने 20 सांड़ और 31 गोवंशों को पकड़ा। उन्हें नंदीशाला पनकी व कान्हा गोशाला किशनपुर में संरक्षित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह क्षेत्र नगर निगम की सीमा का अंतिम क्षेत्र है। इसके एक ओर खेत-खलिहान हैं और दूसरी ओर आईआईटी का जंगली क्षेत्र है। इसके चलते बेसहारा जानवर शहर की सीमा में प्रवेश कर जाते हैं।

डीएवी मैदान पर रात में भी होंगे मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। डीएवी मैदान पर जल्द ही रात में भी क्रिकेट मैच हो सकेंगे। मैदान में जल्द ही फ्लड लाइट लगाने का काम शुरू हो जाएगा। कॉलेज प्रशासन की ओर से उच्च शिक्षा निदेशक की अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। मैदान के कायाकल्प के लिए 30 लाख रुपये का बजट रखा गया है। कॉलेज प्रशासन ने दावा किया कि जून महीने के तीसरे सप्ताह से लाइटें लगाने का काम शुरू हो जाएगा।

छात्र संख्या के आधार पर शहर के सबसे बड़े डिग्री कॉलेज डीएवी का खेल मैदान आधुनिक होने जा रहा है। 30 लाख रुपये से मैदान में लाइट के प्रबंध के साथ ही घास, समतलीकरण और मैदान की सफाई की जाएगी। मैदान में बनी तीनों क्रिकेट पिचों का भी उच्चीकरण किया जाएगा। इस खेल मैदान में कॉलेजों की टीम के अलावा अन्य संस्थाओं के लीग मैच होते हैं। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि मैदान के और अधिक बेहतर होने से यहां पर लीग मैचों की संख्या बढ़ेगी। इसके अलावा भविष्य में एकेडमी को भी चलाया जा सकेगा। प्राचार्य ने बताया कि लाइट लगने के बाद उसके उपयोग के आधार पर मैदान में स्टैंड बनाए जाने की भी योजना प्रस्तावित है। स्टैंड बनने से खेल देखने आने वाले लोगों को मैच का बेहतर दृश्य दिखाई देगा।

डीएवी के मैदान को विकसित किया जाएगा। अमृत विचार

- 30 लाख रुपये से मैदान में लगेंगी फ्लड लाइटें
- जून में शुरू होगा काम, पिचों को सुधारा जाएगा

खिलाड़ियों को मिलेगा एक और विकल्प

डीएवी मैदान में फ्लड लाइट लगने से शहर के खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए विकल्प के रूप में एक मैदान और मिल सकेगा। फिलहाल शहर में ग्रीनपार्क के अलावा सिर्फ अर्मापुर स्थित आरमरीना स्टेडियम व गंगा बैराज स्थित बीसीए ग्राउंड में ही फ्लड लाइट में क्रिकेट मैच खेलने की सुविधा हासिल है। डीएवी मैदान में लाइट की सुविधा होने से छोटे डे-नाइट टूर्नामेंट को कराया जा सकेगा।

"कॉलेज प्रशासन की ओर से मैदान में लाइटें लगाए जाने की तैयारी कर ली गई है। उच्च शिक्षा निदेशक की अनुमति का इंतजार है। मैदान के सुंदरीकरण का काम शुरू हो गया है। जून से मैदान में लाइट लगाए जाने का काम शुरू हो जाएगा। तब यहां पर डे-नाइट मैच भी हो सकेंगे।

-डॉ. अरुण कुमार दीक्षित, प्राचार्य, डीएवी कॉलेज

सड़क पर फैला पड़ा दुकान का सामान। अमृत विचार

घटनास्थल पर हंगामा करते बजरंग दल कार्यकर्ता। अमृत विचार

मीट की दुकान पर बजरंग दल का धावा, तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में सोमवार देर शाम मंदिर के पीछे मीट की दुकान होने का विरोध करने पर दुकान कर्मी ने वहीं के रहने वाले युवक पर चापड़ से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दुकान में तोड़फोड़ कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने घायल का कांशीराम अस्पताल में उपचार कराया।

- मंदिर के पीछे दुकान का विरोध करने पर मारा चापड़ तो भड़के
- चकेरी में गुरु गोविन्द सिंह चौक के पास का मामला

चकेरी में गुरु गोविन्द सिंह चौक के पास एक धार्मिक स्थल के पीछे अलजैन रेस्टोरेंट नाम से मीट की दुकान है। इलाके के पवन, अभिषेक, सूरज, संदीप द्विवेदी, शुभम, वीरेन्द्र आदि ने बताया कि दुकान के कर्मी अक्सर मंदिर के पास ही मीट का अपशिष्ट फेंक देते हैं। सोमवार शाम इलाके के धीरेन्द्र सिंह यादव ने अपशिष्ट पड़ा देखा तो बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना दे दी। उन्होंने यहां पर दुकान खोले जाने का विरोध किया। इस पर दुकान मालिक आसिम के कर्मी अब्दुल्ला ने धीरेन्द्र पर चापड़ से हमला कर दिया। इसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दुकान में तोड़फोड़ कर हंगामा कर दिया। दुकान मालिक समेत कर्मी भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओं को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मीट की दुकान का विरोध करने पर युवक पर चापड़ से वार किया गया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बोनस प्वाइंट के नाम पर ठगे 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र के सर्वोदय नगर मोती विहार सोसाइटी निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोती विहार सोसाइटी निवासी सुधीर बत्रा के अनुसार उनके मोबाइल पर बोनस प्वाइंट प्राप्त करने का लिंक भेजा गया था। जिस पर उन्होंने यूजर आईडी व पासवर्ड भर दिया। कुछ ही देर में उनके खाते से 50 हजार रुपये कट गए। इस संबंध में काकादेव थाना प्रभारी केपी गौड़ ने बताया तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांचकर कार्रवाई की जा रही है।

दूसरी ओर बजरिया के रहने वाले राहुल सिंह ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार उसके मोबाइल पर एक लिंक प्राप्त हुआ था। जिस पर क्लिक करते ही खाते से 80 हजार रुपये कट गए। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

- दूसरे केस में मोबाइल पर लिंक भेजकर उड़ाए 80 हजार
- काकादेव और बजरिया थानों मे रिपोर्ट दर्ज

हेल्थ अलर्ट | पीडियाट्रिक व न्यूरो साइंस की ओपीडी में पहुंच रहे पीड़ित बच्चे

मोबाइल की लत से बच्चों को सर्वाइकल पेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अगर आप भी बच्चों को खाना खिलाने या रोने पर चुप कराने या मनोरंजन के लिए मोबाइल फोन देते हैं तो सावधान हो जाइये। मोबाइल के अधिक प्रयोग से उनका बचपना तो खो ही रहा है वे कई प्रकार की बीमारियों से भी ग्रस्त हो रहे हैं। मोबाइल की लत से बच्चे सर्वाइकल की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। उनमे ऑटिज्म का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

मोबाइल की लत से कई युवाओं को झुककर चलने की आदत हो गई है। वहीं, बच्चों में याददाश्त कमजोर होने, ध्यान लगाने में कमी, नाम पुकारने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया न देना और सर्वाइकल की समस्या होने लगी है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग और न्यूरो साइंस विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन सर्वाइकल और आटिज्म से पीड़ित छह से सात बच्चे पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इसका मुख्य कारण कई घंटों तक मोबाइल का इस्तेमाल करना है। साथ ही प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम युक्त भोजन की कमी इसका कारण है। न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि मोबाइल की लत से बच्चों में कई प्रकार की बीमारियां देखी जा रही हैं, जिसमे सर्वाइकल की समस्या भी शामिल है। यह बीमारी अभी तक 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में देखी जाती थी, लेकिन बचपन में ही यह समस्या होना चिंता की बात है।

- सर्वाइकल के साथ ऑटिज्म का खतरा भी बढ़ रहा



90 फीसदी अभिभावकों को नहीं पता चलती बीमारी

न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन छह से सात अभिभावक बच्चे को लेकर सलाह लेने भी आते हैं जिनको इलाज के लिए बाल रोग विभाग भेजा जाता है। इसमे गंभीर बात यह है कि मोबाइल की लत से होने वाली बीमारियों की जानकारी सिर्फ 10 प्रतिशत अभिभावकों को होती है। 90 फीसदी अभिभावकों को बच्चों में होने वाली इन बीमारियों का आभास तक नहीं हो पाता है, जिसके बाद बच्चों में समस्या बढ़ती जाती है।

रीढ़ की हड्डी पर भी पड़ता है दुष्प्रभाव

प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि मोबाइल का अधिक इस्तेमाल और एक ही पोजीशन में कई घंटे तक बैठकर मोबाइल चलाने या देखने से रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन पर भी काफी असर पड़ता है। लिगामेंट में समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे स्थिति में मसल्स हार्ड होने लगती है और डिस्क में परेशानी होती है। अधिक समय तक मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

पार्सल का लालच दे महिला से की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विदेश से पार्सल आने के नाम पर साइबर ठगों ने शिक्षिका से 68,700 रुपये ठग लिए। ठगों ने पार्सल में अवैध डॉलर होने की बात कही और दोबारा 58,200 रुपये मांगे। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज निवासिनी शिक्षिका संगीता अलबर्ट के अनुसार छह अप्रैल को उनके मोबाइल पर गौतम नाम के व्यक्ति का फोन आया और उसने पार्सल आने की जानकारी दी। उसने मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ड्यूटी जमा करने के बाद पार्सल डिलीवर होने का झांसा दिया। दो दिन बाद आठ अप्रैल को अर्चना नाम की महिला ने कॉल की, अर्चना ने खुद को मुंबई स्थित क्लियरेंस ऑफिस से बताया। झांसे में आकर संगीता ने अर्चना द्वारा दिये गये खाते में यूपीआई के माध्यम से 68,700 रुपये भेज दिए। शिक्षिका के अनुसार शाम पांच बजे अर्चना नाम की महिला ने उसी नंबर से दोबारा फोन किया और जानकारी दी कि क्लियरेंस के लिये स्क्रीनिंग में जाने पर आपके पार्सल में अवैध डॉलर होने की जानकारी मिली है। 58,200 रुपये की पेनाल्टी चुकानी होगी। ठगी का एहसास होने पर संगीता ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए नवाबगंज पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

- नवाबगंज थानाक्षेत्र की घटना, शिक्षिका ने दर्ज कराई रिपोर्ट

ठसाठस भरीं ट्रेनें, शौचालय में सफर की मजबूरी

सीमांचल एक्सप्रेस में कपड़े के झूले में बैठकर सफर करते दिखा एक यात्री, यात्रियों को हिलने, मुड़ने और सांस लेने तक में परेशानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में समर स्पेशल ट्रेनों के साथ रुटीन की ट्रेनें भी यात्रियों को रुला रही हैं। ट्रेनों में बाथरूम तक में यात्री सफर करने को मजबूर हैं। ठसाठस भरे कोचों में यात्री उबल रहे हैं। सांस लेने में दिक्कत होती है। पसीने से कपड़े भीग जाते हैं। सोमवार को सेंट्रल स्टेशन से गुजरी दिल्ली-अलीपुरद्वार, सीमांचल एक्सप्रेस और हावड़ा-जोधपुर का यही हाल था। जनरल कोचों में सवार यात्रियों की दुर्गति हो गई।

सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म चार पर सोमवार दोपहर पहुंची सीमांचल एक्सप्रेस में पैर रखने की जगह नहीं थी। जनरल कोच में एक यात्री ने अपरबर्थ के एंगल से कपड़ा बांधकर झूला बनाया, जिसमें लेटकर सफर कर रहा था। कोच में खड़े-खड़े सफर कर रहे यात्रियों ने बताया कि चक्कर आ रहा है। अब खड़ा नहीं हुआ जा रहा है। भीड़ और गर्मी के कारण सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है।

वहीं प्लेटफार्म पांच-छह पर पहुंची हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस में भी यात्री भीड़ के कारण बेदम दिखे। जनरल कोच में गलियारे से लेकर शौचालय के दरवाजे तक लोग बैठे दिखे। जिन्हें कहीं जगह नहीं मिली वे यात्री शौचालय के अंदर ही जाकर बैठ गए।

सीमांचल एक्सप्रेस के शौचालय में बैठे लोग। अमृत विचार

चढ़ने की जगह नहीं मिली, छूटी ट्रेन

यात्रियों से ठसाठस भरी दिल्ली-अलीपुरद्वार ट्रेन में पैर रखने की जगह नहीं थी। सोमवार को सेंट्रल के प्लेटफार्म पांच-छह पर पहुंची ट्रेन को देखते ही यात्री दरवाजे के पास पहुंचे, मगर अंदर प्रवेश नहीं कर सके। जनरल कोच के दरवाजे पर ही दो दर्जन लोग खड़े थे। काफी प्रयास के बाद यात्री ट्रेन में सवार नहीं हो सके, इसी बीच ट्रेन चल दी। जिससे करीब एक दर्जन से अधिक यात्रियों की ट्रेन छूट गई।

सीमांचल एक्सप्रेस में चादर का झूला बनाकर टिका यात्री। अमृत विचार

पीने के पानी की मारामारी

भीषण गर्मी में जनरल कोचों की सबसे ज्यादा बदतर हालत है। ट्रेनें ठसाठस भरी चल रहीं हैं। पीने के पानी की मारामारी है। जोधपुर-हावड़ा एक्सप्रेस सोमवार को जैसे ही प्लेटफार्म पर रुकी, जनरल कोचों से भीड़ टोटियों पर इस तरह टूटी कि बोतलों में पानी भरना दूभर हो गया। टोटियों से गर्म पानी ही मिल रहा है।

2309 टिकट निरस्त

ट्रेनों में भीड़ ही नहीं लेटलतीफी भी यात्रियों को बेहाल कर रही है। गर्मियों में टूर पैकेज से समर स्पेशल ट्रेनों से सफर करने वालों का पूरा शेड्यूल बेपटरी है। ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण लोग अपने टिकट निरस्त करा रहे हैं। रविवार को ही 2309 यात्रियों ने अपने टिकट निरस्त कराए। वहीं 114 को कनेक्टिंग आरक्षण की वजह से दूसरी ट्रेनों में सफर की छूट दी गई है।

श्रमशक्ति, हमसफर सहित छह ट्रेनों के एसी फेल

- यात्रियों ने रेलवे जीएम व रेलमंत्री को किया ट्वीट

कानपुर। श्रमशक्ति और हमसफर सहित छह ट्रेनों के एसी फेल होने से यात्री गर्मी से उबल गए। गर्मी और उमस से बेहाल यात्रियों ने सोमवार को रेल मंत्री, जीएम, डीआरएम को ट्वीट कर समस्या बताई। सेंट्रल पर पहुंची ट्रेनों को इंजीनियरों ने अटेंड किया। एसी ठीक होने के बाद ट्रेनें निर्धारित समय से 10 से 20 मिनट देरी से रवाना हो सकीं। 12452 श्रमशक्ति से सेंट्रल आ रहे आर्यव ने ट्वीट किया कि एसी डिब्बे में एक घंटे से कूलिंग बंद है। ट्वीट के बाद भी नो रिस्पांस है। आनंदविहार टर्मिनल से मधुपुर जाने वाली 22460 हमसफर का एसी गड़बड़ होने का ट्वीट यात्री शुभम कुमार ने किया। बताया कि बी-15 कूपे में एसी फेल है। यह ट्रेन शाम साढ़े पांच बजे प्लेटफार्म छह पर आई। इंजीनियरों ने एसी ठीक कर 5 .55 बजे ट्रेन को रवाना किया।

इसी तरह आनंद विहार से कामाख्या जाने वाली 12505 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के बी-वन कोच का भी एसी अलीगढ़ के पास दगा दे गया। ट्वीट के बाद सेंट्रल पर ठीक किया गया। बाड़मेर, पुणे-गोरखपुर समर स्पेशल सहित तीन और ट्रेनों का एसी खराब होने की सूचना पर इंजीनियरों ने अटेंड किया। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि गर्मी की वजह से दिक्कतें हैं, शिकायत पर समस्या का समाधान कराया जा रहा है।

गोरखपुर-पुणे स्पेशल 38 घंटे लेट

कानपुर। गोरखपुर से चलकर पुणे जाने वाली 01432 स्पेशल ट्रेन 38 घंटे देरी से डेढ़ दिन बाद सोमवार रात करीब 8 .20 बजे सेंट्रल स्टेशन पहुंची। इस ट्रेन ने लेटलतीफी का रिकार्ड दर्ज करा दिया है। इसी तरह कई अन्य ट्रेनें भी लेट रहीं।

- 01432 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 38 घंटे लेट
- 01124 गोरखपुर-एलटीटी स्पेशल 18 घंटे लेट
- 03635 गया-आनंद विहार स्पेशल 10 घंटे लेट
- 04061 बरौनी-दिल्ली स्टेशन 10 घंटे लेट
- 18428 आनंदविहार-पूरी एक्सप्रेस साढ़े 14 घंटे लेट

चैंबर में डाली गई पेयजल लाइन शिफ्ट करेगा मेट्रो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूही में सीवर चैंबर के पास ही डाल दी पेयजल लाइन
- जलकल में मेट्रो अधिकारियों के साथ हुई बैठक में निर्णय

अमृत विचार। जूही हमीरपुर रोड पर सीवर चैंबर में डाली गई पेयजल लाइन को मेट्रो शिफ्ट करेगा। सीवर और पानी की समस्या को लेकर सोमवार को मेट्रो कॉरपोरेशन, जल निगम और जलकल के अधिकारियों की संयुक्त बैठक जलकल मुख्यालय में हुई। बैठक में पार्षद शालू सुनील कनौजिया व पूर्व पार्षद सुनील कनौजिया ने समस्या के स्थायी निराकरण की बात रखी। पार्षद ने कहा कि सीवर चैंबर के बीचों-बीच पड़ी क्षतिग्रस्त पेयजल से एक तो दूषित जलापूर्ति हो रही है तो वहीं दूसरी ओर बस्तियों के अंदर सीवर भराव बना रहता है।

जलकल के महाप्रबंधक एके त्रिपाठी ने कहा कि कार्य करने की सूचना नहीं दी गई। बिना जानकारी के सीवर और पाइप लाइन का स्थानांतरण किया है। इससे भीषण गर्मी में पेयजल संकट क्षेत्र में गहरा गया है। जिस तरह से सीवर समस्या आई है उससे बारिश मे बस्तियों की स्थिति बहुत भयावह हो जायेगी।

महाप्रबंधक ने बैठक में मौजूद मेट्रो के डिप्टी चीफ इंजीनियर राजेन्द्र श्रीवास्तव व ब्रजेश वर्मा से समस्याओं का तीन दिन में निस्तारण कराने को कहा। बैठक में सचिव जलकल पीके सिंह, जलनिगम के अधिशासी अभियंता विशाल सिंह, सहायक अभियंता राहुल तिवारी, जलकल के अधिशासी अभियंता विकास शर्मा सहित मेट्रो व जलकल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

चकेरी में शातिर ने की मारपीट और फायरिंग

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर शातिर अपराधी ने दो युवकों से मारपीट और फायरिंग की। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर फायरिंग की बात से इंकार किया। सफीपुर निवासी विमला के अनुसार इलाके का शातिर अपराधी साहिल ठाकुर कई मामलों में जेल जा चुका है। वह दो दिन पहले ही जेल से छूटकर आया है। सोमवार की रात को उनके बेटे नंदू और विकास जा रहे थे। तभी अपने घर के पास साथियों के साथ खड़े साहिल ठाकुर ने उन्हें रोका और पुराने विवाद की खुन्नस में आरोपियों ने उन्हें मारापीटा। आरोप है, कि साहिल ठाकुर ने तमंचे से फायर भी झोंक दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। रामादेवी चौकी प्रभारी नीरज बाबू ने बताया कि फायरिंग की बात गलत है। आरोपियों ने ईंट पत्थर चलाए हैं। तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

125 बच्चों का हुआ स्वर्णप्राशन

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के तहत संचालित स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय बाल गृह और लाल बंगला स्थित आरोग्य क्लीनिक में नि:शुल्क स्वर्णप्राशन कार्यक्रम हुआ। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक ने 125 बच्चों को नि:शुल्क स्वर्णप्राशन कराया। डॉ. वंदना पाठक ने बताया कि भारतीय संस्कृति में प्रचलित 16 संस्कारों में से यह एक संस्कार है। इस मौके पर डॉ दिग्विजय शर्मा, डॉ. निरंकार गोयल, डॉ. प्रवीन कटियार आदि मौजूद रहे।

नशे में लोडर चालक ने टक्कर मारी, हंगामा

कानपुर। बर्रा दो यादव मार्केट में सोमवार देर शाम नशे में धुत लोडर चालक पिता-पुत्र ने एक बाइक में टक्कर मार दी। बर्रा पुलिस से पिता पुत्र ने जमकर अभद्रता की। पुलिस दोनों को हिरासत में लिया। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास सोमवार शाम एक लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार के विरोध करने पर लोडर चालक दिनेश शर्मा व उसका बेटा शुभम युवक से हाथापाई करने लगे। यादव मार्केट चौकी इंचार्ज छत्रपाल सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो दोनों पिता पुत्र ने पुलिस कर्मियों से अभद्रता शुरु कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी नशे में धुत थे। मुकदमा दर्ज किया है।

ग्वालटोली में भिड़े दो परिवार, दस पर रिपोर्ट

कानपुर। ग्वालटोली में रेलवे लाइन निवासी महक ने पड़ोसियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। ग्वालटोली थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इलाके में दो पड़ोसियों के बीच का विवाद है। दोनों आपस में रिश्तेदार भी हैं। मामूली बात पर विवाद हुआ था। मारपीट में ई रिक्शा चालक के परिवार के सदस्यों को चोट आई है। उसकी बेटी महक की तहरीर पर दस लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

वृद्धाश्रम में हुआ सत्संग, वितरित किया भोजन

कानपुर। सोमवार को दामोदर नगर स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को कपड़े, बिस्किट आदि वितरित कर भोजन की व्यवस्था की गई। बुजुर्गों के साथ महिलाओं ने भजन कीर्तन गाये। वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों ने कहा कि इस तरह का माहौल पाकर घर की याद आ जाती है। इस दौरान राधे गुप्ता, सुनीता गुप्ता, कमला मिश्रा, गीता अवस्थी, ज्योति, शशी दीक्षित, गौरव सचान मौजूद रहे। वृद्धाश्रम के प्रबंधक विकास पाठक ने आए हुए सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

आग से गृहस्थी जली, लोगों ने भाग कर बचाई जान

राजपुर। सट्टी थाना क्षेत्र के दिवैर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई और विकराल रूप ले लिया। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घर के अंदर सो रहे लोगों ने भाग कर जान बचाई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के दिवैर गांव निवासी कल्लू उर्फ रामाधार ने बताया कि वह अपनी झोपड़ी में प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी घर के पीछे खड़े खरपतवार में अचानक आग लग गई। लपटों ने पास में रखी अरहर की लकड़ी को अपनी चपेट में लिया। तेज हवा के चलने से चिंगारी कल्लू उर्फ रामाधार की झोपड़ी तक पहुंच गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण दौड़े और सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से बाल्टी व निजी सबमर्सिबल से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा बिस्तर, चारपाई, कपड़े, कुर्ता में रखे पांच हजार रुपये समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गए। पीड़ित मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है। एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश सिंह ने बताया कि राजस्व टीम को भेजकर रिपोर्ट मांगी है। क्षति का आंकलन कर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

एक नजर

दीपक गुप्ता निर्विरोध अध्यक्ष

कानपुर। श्री ओमर वैश्य जगदीश मण्डल कानपुर की आम सभा लाइम लाइट हॉल मॉल रोड में हुई। इस दौरान मंडल सदस्यों की सहमति पर पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। दीपक कुमार गुप्ता ने सभी से जनसेवा में आगे आने का आह्वान किया। सेवाकार्य के लिए समाज के हर घर तक पहुंचने की भी अपील की गई। इसके अलावा धार्मिक आयोजनों और शोभा यात्राओं में भव्यता के लिए सभी से आगे आने का अनुरोध किया गया।

मारपीट करने पर रिपोर्ट

कानपुर। रविवार रात ग्वालटोली थानाक्षेत्र के एलनगंज में पेट्रोल पंप पर कर्मचारी से मारपीट के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संचालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया दस लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एचबीटीयू में आज से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 21 से एमबीए, 22 से एमसीए व 1 जून से बीटेके लिए होंगे रजिस्ट्रेशन
- रजिस्ट्रेशन के लिए देने होंगे 2500 रुपये, प्रक्रिया में हुआ है बदलाव

अमृत विचार। एचबीटीयू में परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए मंगलवार से प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। छात्र-छात्राओं को परास्नतक में संचालित एमटेक, एमबीए, एमसीए और एमएस में दाखिले के लिए पंजीकरण कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए 21 से एमबीए, 22 से एमसीए व 1 जून से बीटेक के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होंगे। विवि की ओर से इस बाद प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव भी किया गया है।

हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) में प्रवेश प्रक्रिया में गेट और सीयूईटी के स्कोर पर एमटेक, कैट और सीयूईटी के स्कोर पर एमबीए, जैम और सीयूईटी स्कोर से एमएससी और सीयूईटी के स्कोर के आधार पर एमसीए में दाखिला दिया जाएगा। पूर्व में एमसीए की प्रवेश प्रक्रिया में निमसेट को मान्य किया गया था। विवि की ओर से एमबीए में प्रवेश के लिए, कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं की गई है। प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए छात्र विवि की वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसका शुल्क 2500 रुपये रखा गया है।

सामान्य श्रेणी के छात्रों को स्नातक में 55 फीसदी अन्य श्रेणी के छात्रों को स्नातक में 50 फीसदी अंक अनिवार्य हैं। एमटेक में 214 सीट हैं और इसकी फीस 80 हजार रुपये है। एमसीए में 78 सीटें हैं और 60 हजार रुपये फीस है।

सीएसए विवि में विदाई समारोह में मौजूद छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

एक-दूसरे से गले मिल अलविदा कह गए छात्र

- सीएसए के अंतिम वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह

कानपुर। सीएसए विवि में अंतिम वर्ष का विदाई समारोह आयोजित हुआ। सभी छात्रों ने एक दूसरे के गले मिल, रुंधे गले से अलविदा कहा। शिक्षकों ने युवाओं को मेहनत के जरिए अपना मुकाम बनाने का मंत्र दिया।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय, मत्स्य महाविद्यालय एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित हुआ।

छात्रों ने अपने अंतिम वर्ष के वरिष्ठ छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। विदाई समारोह के अध्यक्ष इटावा के कवि डॉ कमलेश शर्मा रहे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. वेद प्रकाश, महाविद्यालय के उप-कुलसचिव डॉ. पीकेएस भदौरिया, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. टीके माहेश्वरी, ईएमए हुसैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सड़क हादसे में युवक की मौत

रनियां। रायपुर तिराहे के पास रविवार की देर शाम डिवाइडर के पास युवक घायल पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

युवक रायपुर डिवाइडर से सटा हुआ पड़ा था। उसकी उम्र 45 वर्ष के आसपास थी। डिवाडर के पास से लोगों का आवागमन हो रहा था। अचानक बाजार सब्जी लेने जा रहे लोगों की नजर घायल युवक के ऊपर पड़ी।

स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक को शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि ऐसा लग रहा है किसी वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है।

यूपी पावरलिफ्टिंग की महिला-पुरुष टीम चयनित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रायल में जिलों से 100 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

अमृत विचार। यूपी पावरलिफ्टिंग टीम का चयन ट्रायल सोमवार को हुआ जिसमें टीम का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी सात से 10 जून तक दिल्ली में होने वाली नेशनल सब जूनियर व नेशनल डेडलिफ्ट (सब जूनियर से मास्टर्स) महिला व पुरुष चैंपियनशिप में भाग लेंगे। टीम छह जून को शहर से रवाना होगी। टीम के कोच धीरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार होंगे। यूपी पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव राहुल शुक्ला ने बताया कि ट्रायल में कई जिलों के करीब 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

पुरुष वर्ग के खिलाड़ी: देवांश मिश्रा, शिवा सिंह, प्रशांत शुक्ल, ऋषि गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, आशीष सचान, उत्कर्ष गुप्ता, आदित्य सिंह, हरी ओम साहू, अमन सोनी, अवनीश मिश्रा, हितेश श्रीवास्तव, संस्कार, तन्मय शुक्ल, पीयूष सिंह, आकिब आजाद, कुबेर, आर्यन सिंह, अभिषेक राजपूत, अमन, राज यादव, दिव्य कटियार, अभय सिंह, प्रतिक चौरसिया, अंशु शुक्ल, सौरभ श्रीवास्तव, पीयूष पांडेय, आदित्य सिंह, अलोक गुप्ता, आर्यन सिंह, ऋषि यादव, हर्ष वर्धन, सौरभ कुमार, मो. अब्दुल्लाह मुशीर, रजत जैयसवाल, पारस बाजपेई हैं।

महिला वर्ग: दीपिका संखवार, शिवानी वर्मा, नैन्सी कटियार, श्रेया, सिया यादव, आकृति कटियार, जिज्ञासा, शिवानी सिंह, आकांक्षा, नंदन, पूनम कुमारी, जानशीन, काजल राजपूत, रति कनौजिया, सारिका गुप्ता, कामक्षी साहू, सृष्टि यादव, सारिका गुप्ता, पुष्प चाहर।

खेल-खिलाड़ी | जेएनटी अंडर-12 क्रिकेट फॉर सिग्मा ग्रीपलॉक ट्राफी टूर्नामेंट

मोहनी टी और सिग्मा ग्रीपलॉक ने जीते मैच

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जेएनटी स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित जेएनटी अंडर-12 क्रिकेट फॉर सिग्मा ग्रीपलॉक ट्राफी में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। मोहनी टी ने बालमोल टीम को 51 रनों से और सिग्मा ग्रीपलॉक ने न्यू इंडिया इंश्योरेंस को छह रन से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। छावनी परिषद के पूर्व चेयरमैन नवाब व जेएनटी के बीपी गुप्ता ने मोहनी टी के अनुकल्प और सिग्मा ग्रीपलॉक के मो. हसन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

कानपुर साउथ मैदान पर खेले गए पहले मैच में मोहनी टी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। टीम के अनुकल्प सैनी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा। उन्होंने 82 गेंदों में 16 चौके व एक छक्के की मदद से 107 रन की शानदार पारी खेली। आशुतोष शर्मा ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बालमोल की टीम 22 ओवर में महज 115 रन बनाकर ढेर हो गई। टीम के अभय तिवारी ने 30 और सचिन सोनकर ने 21 रन बनाए। विजयी टीम के अफान हबीब, आकर्ष और सम्राट ने दो-दो विकेट हासिल किए। शतक लगाने वाले अनुकल्प को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में सिग्मा ग्रीपलॉक ने बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 172 रनों का लक्ष्य रखा।

टीम के विशेष अग्निहोत्री ने 67, अर्जुन सिंह ने 37, अक्षय प्रताप ने 20 और युवराज सिंह ने 17 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू इंडिया इंश्योरेंश टीम ने निर्धारित ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 172 रन ही बना सकी। टीम के कृष सिंह ने 33, अथर्व श्रीवास्तव ने 25, अंश गुप्ता ने 24, वैभव कुमार ने 17 रन बनाए। विजयी टीम के मो. हसन और प्रिंस ने तीन-तीन विकेट झटके।

अनुकल्प और मो. हसन को मैन आफ द मैच का अवार्ड दिया गया। अमृत विचार

एनरोलमेंट फार्म न भरने से पैरामेडिकल छात्र परेशान

कानपुर। जीएसवीएस मेडिकल कॉलेज के 45 पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं एनरोलमेंट नंबर नहीं भरने की वजह से परीक्षा नहीं दे सकेंगे।

पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं का आरोप है कि एनरोलमेंट नंबर नहीं आने पर संबंधित अधिकारी को जानकारी दी, लेकिन उन्होंने कोई भी संतोष जनक उत्तर नहीं दिया और आश्वासन देकर टरकाते रहे। इसके बाद सभी छात्र प्राचार्य प्रो.संजय काला से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। तब छात्रों ने अपनी समस्या उन्हें मेल के माध्यम से बताई। प्राचार्य प्रो. संजय काला के मुताबिक एनरोलमेंट फॉर्म भरने वाले बाबू की संख्या कम है। उनके पास समय कम था। इसलिए कुछ छात्र फॉर्म भरने से छूट गए हैं। इस संबंध में स्टेट फैकल्टी को पत्र लिखा गया है।

एसडीएम बिल्हौर के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर जालसाजी का प्रयास

संवाददाता, बिल्हौर

- पीड़िता ने साइबर कैफे में आधार कार्ड संशोधन के लिए किया था आवेदन
- मामला खुलने पर एसडीएम ने आरोपी को आफिस बुलाकर पुलिस के हवाले किया

अमृत विचार। कमिश्नरेट के बिल्हौर थानाक्षेत्र में सोमवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। जहां एक कैफे संचालक ने बिल्हौर एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर उसे स्कैन कर जालसाजी करने का प्रयास किया। मामला तब खुला जब सोमवार को पीड़िता उनके कार्यालय में अपने कागज की प्रगति जानने के लिए पहुंची तो अफसर ने युवती को जांच के नाम पर बुलवाया। मामला खुलने पर पुलिस बुलाकर आरोपी कैफे संचालक को गिरफ्तार करा दिया। सोमवार देर रात एसडीएम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

बिल्हौर के ग्राम रहमतपुर निवासी नसरीन बेगम सोमवार को एसडीएम बिल्हौर रश्मि लांबा के कार्यालय पहुंची। उनके रिश्तेदार के आधार कार्ड पर दूसरी बार जन्म तिथि बदलनी थी। इसे लेकर उन्होंने सुभानपुर बिल्हौर निवासी कैफे संचालक प्रशांत कटियार के यहां से आवेदन कराया था।

दूसरी बार जन्म तिथि बदलवाने के लिए एसडीएम के हस्ताक्षर की जरूरत पड़ती है। आरोपी प्रशांत ने एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर बना फार्म में स्कैन कर दिए। उसके बाद भी आधार कार्ड नहीं आया। उसी की जानकारी करने के लिए नसरीन बेगम अधिकारी के कार्यालय पहुंची और उन्हें दस्तावेज दिखाए। एसडीएम ने अपने फर्जी हस्ताक्षर देखे तो होश उड़ गए। उन्होंने प्रशांत को जांच के लिए बुलवाया और फिर अपने ऑफिस में पुलिस को बुलाकर उसे गिरफ्तार करा दिया।

इस संबंध में एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना, उनका प्रयोग करना आदि में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। एक प्रिंटर और एक लैपटॉप भी बरामद किया गया है। मामले में जांच की जा रही है कि उसने इस तरह से और कितने दस्तावेज बनाए हैं।

ओवरलोडिंग में डंपर सीज...

बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना चौराहे से गुजर रहे छह ओवरलोड डंपरों को बिठूर पुलिस ने पकड़कर सीज कर दिया है। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि छह मौरंग लोड गाड़ियों को रोककर कागज मांगे गए तो वाहन चालक कागजात नहीं दिखा सके। इसके बाद सभी डंपरों को मोटर एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। इस मामले की जानकारी खनन अधिकारी और आरटीओ को दे दी गई है। बाकी की कार्रवाई दोनों विभागों की ओर से की जाएगी। ● अमृत विचार

थाने से 200 मीटर दूर जेवरात-नकदी चोरी

मंगलपुर। थाने से महज दो सौ मीटर की दूर रात में चोरों ने एक घर से लाखों रुपये के जेवरात सहित 25 हज़ार रुपये पार कर दिए। पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

मंगलपुर कस्बा निवासी सुधीर कुमार तिवारी ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार रात वह खाना खाने के बाद परिवार समेत छत पर लेटने चले गए थे। तभी घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर चोर अंदर प्रवेश कर दिए। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर रखी अलमारी से लर, चार अंगूठी, बृजवाला, झुमकी, बिछुआ, पायल, तीन जोड़ी तोड़िया व 25 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित की बेटी सोनम भोर पहर जब नीचे आई तो सामान बिखरा देखकर सन्न रह गई।

जमीन के लिए पुत्र ने बुजुर्ग पिता को मार डाला

संवाददाता, मूसानगर (देहात)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के भरतौली गांव में जमीन नहीं मिलने की खुन्नस में बड़े पुत्र ने दरोगा पद से रिटायर्ड 72 वर्षीय पिता की गमछे से गला कसकर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रिटायर्ड सब इंसपेक्टर खुशीराम की छोटी बहू प्रेमलता के मुताबिक उसके पति प्रमोद कुमार का देहान्त हो चुका है। ससुर खुशीराम उसके साथ ही मूसानगर के मण्डी समिति स्थित मकान में रहते थे। सोमवार की सुबह वह गांव में वोट डालने की बात कहकर घर से निकले थे। दोपहर बाद गांव से फोन के जरिए सूचना मिली कि ससुर का शव गौशाला के पास पड़ा है। सूचना पर इलाकाई थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

घटनास्थल पर छानबीन करती मूसानगर थाने की पुलिस। अमृत विचार

बहू ने बताया कि खेती को लेकर बड़े पुत्र (जेठ) हेमन्त कुमार से अनबन चल रही थी। सोमवार को भी खेती बेचने को लेकर गांव वाले घर में दोनों में आपस में विवाद हो गया। जमीन न मिलने की खुन्नस को लेकर गांव से वोट डालकर मूसानगर लौटते समय गौशाला के पास जेठ हेमन्त कुमार ने ससुर की गमछे से गला दबा कसकर हत्या कर दी।

- मूसानगर थाना क्षेत्र के भरतौली गांव में गमछे से कस दिया गला
- वोट डालने के लिए मूसानगर अपने गांव पहुंचे थे खुशीराम

इस बाबत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि जमीन न मिलने की खुन्नस को लेकर पुत्र हेमन्त कुमार ने हत्या की है। फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। छोटी बहू को सूचना दे दी गई है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सजेती में लाखों के जेवरात के साथ नकदी समेट ले गए चोर

क्षेत्र के कोहरा गांव में रविवार रात हुई वारदात, सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: सजेती थाना क्षेत्र के कोहरा गांव में रविवार की रात घर में घुसे चोर लाखों रुपये के जेवरात के साथ 82,000 की नकदी समेट ले गए। चोरों ने दो सगे भाइयों और भतीजे के घर को निशाना बनाया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है।

सजेती थाना क्षेत्र के कोहरा गांव में रविवार की रात चोरों ने एक ही घर के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे दो सगे भाइयों उमेश सिंह और राजेश सिंह के साथ उनके भतीजे गुरचरण सिंह के घर को निशाना बनाया। देर रात घर में घुसे चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और 82,000 की नकदी समेट ले गए। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में उमेश सिंह व राजेश सिंह ने बताया कि 19 मई की रात्रि घर में घुसे चोरों ने सारा कीमती सामान पार कर दिया।

चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

- दो सगे भाइयों और भतीजे के घर को चोरों ने बनाया निशाना
- परिवार वालों को सुबह उठने पर हुई घटना की जानकारी

उन्होंने बताया कि चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उमेश सिंह के यहां से तीन सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, दो सोने के मंगलसूत्र, एक सोने की अंगूठी, सोने की सलाई, तीन जोड़ी चांदी की पायल, चांदी की चूड़ी एवं छह चांदी के सिक्के, कानों के चार जोड़ी बाला, 250 ग्राम चांदी और 82,000 नकदी ले गए।

वहीं राजेश सिंह के कमरे से दो जोड़ी कानों के बाले, एक सोने का मंगलसूत्र, नाक की कील, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी के सिक्के, एक चांदी की चूड़ी, 100 ग्राम चांदी और 10,000 नकदी चोरी हुई है। गुरचरण सिंह के यहां से तीन जोड़ी पायल, कानों के दो जोड़ी बाले, एक सोने का मंगल सूत्र आदि जेवरात ले गए हैं।

सामान बिखरा देख सन्न रह गए परिवार के लोग

राजेश सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह जब सभी लोगों की नींद खुली तो घर के कमरे का ताला टूटा देख सब लोग हैरान रह गए। जब कमरे के अंदर गए तो सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी में रखे लाखों रुपये के जेवरात और नकदी ले गए। सजेती थानाध्यक्ष बृजभान सिंह ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

नहाते समय युवक की गंगा में डूबकर चली गई जान

शिवराजपुर। सोमवार को खेरेश्वर घाट में अंतिम संस्कार में शामिल होने आया युवक गंगा स्नान करते समय पैर फिसलने से डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के जगनपुर गांव से दोस्त विनय तिवारी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शिवकुमार पांडेय का 28 वर्षीय पुत्र रामजी पाण्डेय शिवराजपुर के खेरेश्वर गंगा घाट आया हुआ था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद वह गंगा स्नान करने चला गया। स्नान के दौरान वह गहराई में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। एसओ सुबोध कुमार ने बताया परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर, मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

गर्मी से अस्पतालों में बढ़े मरीज

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। तापमान में बेतहाशा वृद्धि व भीषण तपिश के चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सोमवार को कस्बा स्थित सीएचसी पहुंचे ज्यादातर रोगी बुखार, उल्टी, दस्त और त्वचा संबंधी समस्याओं से घिरे रहे। बीमारियों से बचने के लिए चिकित्सकों ने खानपान में एहतियात बरतने के साथ धूप व लू से बचाव की सलाह मरीजों को दी।

हफ्ते भर से कहर बरपा रहे तापमान से लोग बेहाल बने हैं।भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कड़ी धूप में बाहर निकल रहे लोग बुखार, उल्टी, दस्त, चक्कर आने आदि दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। तन झुलसाने वाली चटक धूप के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढी हैं।

सरकारी अस्पताल हो या फिर निजी अस्पताल, सभी जगह रोगियों की भरमार है। सोमवार को सीएचसी पहुंचे 298 मरीजों में ज्यादातर लोग उक्त समस्याओं से ग्रस्त रहे। मरीजों को दवाईयां दिए जाने के साथ धूप व लू से बचने की सलाह चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है।

चौबेपुर सीएचसी में मरीजों को देखते चिकित्सक। अमृत विचार

लू से बचने को घरों में रहने की सलाह दे रहे डॉक्टर

- सीएचसी अधीक्षक डॉ. यशोवर्धन सिंह ने बताया कि इस समय की चटक धूप स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक है। कोशिश करें कि धूप में बाहर न निकलना पड़े। मजबूरी बस बाहर निकलने पर सिर को अंगौछा, टोपी व दुपट्टा आदि से ढक कर रखें। बताया कि इस मौसम में अत्यधिक पसीना निकलने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जिसके लिए पानी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। इसके अतिरिक्त बाजार में बिकने वाले खुले खाद्य पदार्थो,कटे फटे फल व बासी भोजन का इस्तेमाल कतई न करें।

विहिप के कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

- **घाटमपुर।** बरीपाल बाजार में बजरंग दल, हिन्दू सेवा समिति की ओर से भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत वितरण किया गया। बरीपाल में विश्व हिंदू परिषद की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस भीषण गर्मी में लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद समिति के अध्यक्ष अवधेश अवस्थी, राजू मिश्रा, राजेन्द्र परिहार, राजेश मिश्रा, रामजी जादौन, सत्यम तिवारी, निरंजन प्रजापति, राजेश अवस्थी, आशीष पाठक, दशरथ गुप्ता, दरोगा तिवारी, शिवबीर सिंह आदि रहे।

एक नजर

जमीन के विवाद में परिवार में चले लाठी-डंडे

सरसौल। महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथी गांव में सोमवार दोपहर जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के परिवारों में मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों की महिलाएं और पुरुष घायल हुए। दोनो और से तहरीर दी गई है। पुलिस जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार ने बताया कि जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद था, इसी की वजह से मारपीट हुई है। दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

नशे की हालत में घर में घुसा युवक पकड़ा गया

बिधनू। सोमवार सुबह न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र में एक युवक सतबरी गांव में महेंद्र पासवान के घर में घुस गया। पकड़े जाने पर उसने खुद ब्लेड मार ली। पुलिस उसे न्यू आजाद नगर चौकी ले गई। काफी देर बाद नशा कम होने पर उसने अपना नाम शिवकटरा निवासी संदीप बताया। शाम को पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सेनपश्चिम पारा थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि स्मैक के नशे में पानी पीने के लिए घर में घुसा था। ग्रामीणों ने चोर समझकर पुलिस को सूचना दी थी।

डंपर ने तार तोड़ा, 20 गांवों की बिजली गुल

बिठूर। कुरसौली फीडर में रविवार रात हाईटेंशन लाइन के खंभे में डंपर की टक्कर लगने से 27 गांवों की बिजली गुल हो गई। सोमवार सुबह कुरसौली फीडर को चालू किया गया, लेकिन 20 गांवों में अभी भी बिजली नहीं पहुंच सकी है।

बनी ग्राम पंचायत क्षेत्र के पास रिंग रोड के प्रोजेक्ट में काम कर रही आरसीएल कंपनी के डंपर ने 11 हजार केवीए लाइन का तार तोड़ दिया, जिसके बाद बनी, तिवारीपुर, दयालपुर समेत कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। आक्रोषित ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था के जेसीबी और डंपरों को रोककर विरोध किया। सूचना मिलते ही एसडीओ पीके चौरसिया मौके पर पहुंचे और टूटे तारों की मरम्मत शुरू कराई। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अवर अभियंता विवेक सोनकर ने बताया कि कुरसौली फीडर को चालू कर दिया गया है, लेकिन कुछ गांवों में अभी भी समस्या बनी हुई है, जिसे जल्द चालू कर दिया जाएगा।

तालाब पर भूमाफिया की नजर

संवाददाता, घाटमपुर

होगी जांच

- पतारा कस्बे में तालाब पुराई की एसडीएम से शिकायत
- शिकायत पर एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

अमृत विचार: पतारा जिला पंचायत सदस्य, पूर्व प्रधान समेत आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पतारा कस्बे में स्थित सात सौ वर्ष पुराने तालाब को बचाने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि भूमाफिया ने राजस्व कर्मियों के साथ मिलकर अभिलेखों में हेराफेरी की है। अब माफिया तालाब की पुराई कर उसका अस्तित्व खत्म करना चाहते हैं। एसडीएम ने एसीओ चकबंदी और तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए हैं।

पतारा कस्बा निवासी रामकुमार, मनोज, कृष्ण कुमार, धर्मेंद्र, राकेश, योगेंद्र, हरिशंकर, संजय, आशीष, नीरज, रामकुमार, सुरेंद्र समेत एक सैकड़ा ग्रामीणों के साथ पतारा जिला पंचायत सदस्य कल्लू मिश्रा उर्फ प्रवीण मिश्र, पूर्व प्रधान गयाप्रसाद त्रिवेदी ने तहसील पहुंचकर एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैस को शिकायत पत्र दिया। उन्होंने बताया कि कस्बे के तिलसड़ा रोड पर स्थित देशी शराब ठेका के सामने लगभग सात सौ वर्ष पुराना तालाब है।

घाटमपुर एसडीएम से शिकायत करने पहुंचे पतारा के लोग। अमृत विचार

इस तालाब की भूमाफिया पुराई करा रहे थे, जिसकी शिकायत पुलिस चौकी में की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमाफिया ने राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी की है। एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैस ने ग्रामीणों को कार्रवाई के प्रति आश्वस्त किया। एसडीएम ने बताया कि तालाब पर कब्जे की शिकायत मिली है। तहसीलदार और एसीओ चकबंदी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

दो दिन से इंटर का छात्र घर से लापता

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के रातेपुर गांव से रहस्यमय ढंग से दो दिन पूर्व किशोर घर से लापता हो गया। परिवार वाले उसकी सभी संभावित जगहों पर तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक पता नहीं चलने से परेशान हैं। किशोर इंटरमीडिएट का छात्र है। पिता ने गुमशुदगी की तहरीर साढ़ थाने में दी है।

साढ़ थाना क्षेत्र के रातेपुर गांव निवासी संजय कुमार ने साढ़ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र अमन उर्फ गोलू (17) इंटरमीडिएट का छात्र है। बीते शनिवार की शाम लगभग सात बजे वह घर से अचानक गायब हो गया। उसकी तलाश उसी दिन से लगातार की जा रही है। सभी रिश्तेदारियों में पता किया जा चुका है, लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। परिवार वालों का कहना है कि ऐसी कोई वजह नहीं है, जिससे वह बिना बताए घर से खुद गायब हो जाए। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

सार-संक्षेप

वैन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के शरदेपुर गांव निवासी अनिल सिंह पुत्र गुलबदन सिंह अपनी मोटरसाइकिल से घाटमपुर चौराहे से अपने गांव शरदेपुर जा रहे थे। कि शाम 5:00 बजे शुक्ला पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक वैन चालक अज्ञात भटौली डेरापुर रोड अकबरपुर कानपुर देहात ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे उसके गंभीर चोटे आई हैं। और हाथ फैक्चर हो गया। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लाया गया। जहां पर गंभीर होने पर उसे कानपुर रिफर किया गया है। घाटमपुर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए उपरोक्त प्रकरण में धारा 279 337 338 आईपीसी के अंतर्गत कार्रवाईकी है।

दुर्घटना में घायल युवक के परिजनों ने लिखाया मुकदमा

घाटमपुर। सजेती निवासी सौरभ कुमार पुत्र राम शंकर शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह रामसरी मोड पर सवारी का इंतजार कर रहा था। शाम 7:00 पीछे से एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने तेजी से भाई को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज अभी रामा हॉस्पिटल मंधना में चल रहा है। भाई कोमा में है। उसके इलाज के लिए कई अस्पतालों में भाग दौड़ करते रहे, जिसकी वजह से थाने में तहरीर नहीं दे सके। उसने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर घाटमपुर पुलिस ने सड़क हादसे के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बांटा दर्द पीड़ित परिवारों ने सरकारी आवास उपलब्ध कराने की उठाई मांग, खंड विकास अधिकारी को प्रस्ताव बनाने के निर्देश

अग्निपीड़ितों के बीच पहुंचे विधायक, मदद दिलाने का दिया भरोसा

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार: क्षेत्र के हरनू गांव के बाहर झोपड़ियों में रविवार को चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग में 10 से अधिक परिवारों के प्रभावित होने और 15 बकरियों के साथ एक युवक की जिंदा जल कर मौत होने के बाद सोमवार को क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे और उन्हें सरकार की ओर से आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने सभी पीड़ित परिवारों से बातचीत कर दर्द बांटा।

क्षेत्र के हरनू गांव में एक समुदाय के कई लोग झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। रविवार को एक झोपड़ी से भड़की आग में सभी झोपड़ियां जल कर राख हो गई थीं और वहां लेटे एक युवक सोनू की जिंदा जल कर मौत हो गई थी। सोमवार दोपहर बाद पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने मृतक युवक के परिवार और वहां रहने वाले लोगों से मुलाकात की और आर्थिक मदद का हर संभव भरोसा दिया।प्रभावित परिवारों ने विधायक से आवास की मांग की। इसके बाद विधायक ने बीडीओ से फोन पर वार्ता कर चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद पीड़ित परिवारों के नाम आवास प्रस्तावित करने को कहा। विधायक ने बताया कि जिन लोगों की बकरियां और झोपड़ी जली हैं, उन्हें शासन से 8000 रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी और आग में जले मोनू के परिजनों को चार लाख रुपये की मदद की जाएगी।

अग्निपीड़ितों का दर्द सुनते विधायक राहुल बच्चा सोनकर। अमृत विचार

अग्निपीड़ितों को राशन की किट देतीं एसडीएम रश्मि लांबा। अमृत विचार

सोमवार को भी भूसे में सुलगती रही आग, बुझाने में जुटे रहे ग्रामीण

जिस जगह पर झोपड़ियां जली थीं, वहां आसपास सोमवार को भी आग सुलगती रही। आसपास भूसा और अन्य सामानों से धुआं उठता रहा। वहां मौजूद गांव के लोग हैंडपप से पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे।

एसडीएम ने दिलाया राशन और जरूरी सामान, पंचायत भवन में डेरा

रविवार देर रात तक एसडीएम रश्मि लांबा मौजूद रहीं। उन्होंने सभी परिवारों से मिलकर दर्द बांटा और पंचायत भवन खुलवाकर सभी के लिए राशन किट के साथ रहने की व्यवस्था कराई। उन्होंने पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने के लिए उच्चाधिकारियों से वार्ता की।

दो दिन पहले एक परिवार में हुई थी शादी, जल गया पूरा सामान

अग्निपीड़ितों में एक परिवार ऐसा भी है, जिसके यहां दो दिन पहले शादी की खुशियां बिखरी थीं। गुफरान के पुत्र शहनूर की शादी दो दिन पहले ही हुई थी। शहनूर की शादी में मिला दान दहेज का सामान भी आग में जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गया।

एक नजर

चोरी की बाइक के साथ युवक को पकड़ा, जेल भेजा

पुरवा। दही थानाक्षेत्र के गांव जाफरखेड़ा निवासी अजय बीती रविवार शाम बाइक से पुरवा के बिछिया बाजार आया हुआ था। जहां उसकी बाइक चोरी हो गई थी। सोमवार को तारनखेड़ा चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव जालिमखेड़ा निवासी राहुल उर्फ गोलू को पकड़ा और उसे थाने लाकर पूछताछ की। इसमें उसने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। जिस पर अजय को बुलाकर बाइक की शिनाख्त कराई गई तो अजय ने अपनी बाइक को पहचान लिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से अदालत ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया।

तीन वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में निरीक्षक जय प्रकाश यादव, विनोद यादव, पूजा व प्रियंका ने वांछित चल रहे गोंदरी गांव निवासी महेश व प्रदीप और गंगादास पुर निवासी अमित कुमार को उनके घर के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया।

लोन नदी को 'ड्रेन' साबित करने की चल रही साजिश!

अपने लाभ के लिये उद्यमी इसे गंगा की सहायक नदी होने से कर रहे वंचित, गजेटियर में है लोनी नदी का उल्लेख

बड़ा सवाल

धर्मशील शुक्ला, उन्नाव

अमृत विचार। अफसरों व चर्म उद्यमियों के गठजोड़ के चलते शहर सीमा से गुजरने वाली लोन नदी को ड्रेन साबित करने की लंबे अर्से से जद्दोजहद चल रही है। इसके विपरीत अंग्रेजी हुकूमत के दौरान तैयार गजेटियर में विभिन्न जलस्त्रोतों से अस्तित्व में आई गंगा की इस सहायक नदी का लोनी नाम ही उल्लेखित है। इसका उद्गम स्थल पवई गांव स्थित पवईताल माना जाता है। यही नहीं पवई सहित अधिकांश गावों में लोनी को देवी के तौर पर मांगलिक आयोजनों के दौरान होने वाले लोकगायनों में आज भी याद किया जाता है।

गंगा प्रदूषण को लेकर पड़ोसी जिला कानपुर महानगर में टेनरियां संचालन में आने वाली दिक्कत के चलते वहां के उद्यमियों ने अपनी इकाइयां जिले में स्थानांतरित करना शुरू किया था। तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जेडआर अंसारी सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में बड़े मुस्लिम चेहरे के रूप में स्थापित हो चुके थे। शुरू में तो शहर के सिंगरोसी व अकरमपुर के आसपास इकाइयों की स्थापना हुई। और फिर बाद में दही चौकी क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करते हुए बड़ी संख्या में यहां भी इकाइयों का संचालन शुरू कराया गया। शहर व दही चौकी क्षेत्र की सीमा से निकलने वाली लोन नदी औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले जहरीले पानी को बहाने का जरिया बन गई।

इसी के साथ लोन नदी को ड्रेन साबित करने की जद्दोजहद भी शुरू हो गई। छोटी व सीजनल नदियां आमतौर पर किसी न किसी बड़ी नदी की सहायक होती हैं। इसीलिए उद्यमियों द्वारा इस नदी को ड्रेन कहा जाने लगा क्योंकि ड्रेन प्रायः मानव निर्मित होती है। इसलिए उसका आसपास गुजरने वाली किसी बड़ी नदी से मिलाया जाना तय नहीं होता है। अधिकारी जाने-अनजाने उद्यमियों की साजिश का हिस्सा बनते रहे। इसीलिए कुछ दशकों के अंदर इसकी सफाई कराते समय अभिलेखों में नदी के बजाए ड्रेन का ही उल्लेख होता रहा। अब स्थिति यह है कि शहर सहित आसपास की वर्तमान आबादी नदी के बजाए इसे लोनी ड्रेन के तौर पर ही जानती है।

बिछिया ब्लाक क्षेत्र स्थित तिवारीखेड़ा-जरगांव रोड पर बने पुल पर लगा शिलापट।

औद्योगिक क्षेत्र से होकर निकली लोन नदी। अमृत विचार

जिले के चार ब्लाक क्षेत्रों में होता है लोनी का प्रवाह

सदर तहसील क्षेत्र का पवई गांव बिछिया ब्लाक क्षेत्र में शामिल है। यह नदी इसके अलावा सिकंदरपुर कर्ण, पुरवा, बीघापुर व सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्रों के दर्जनों गावों से होकर रायबरेली जिले के सरेनी ब्लाक क्षेत्र में प्रवेश करती है। जहां डलमऊ क्षेत्र में यह नदी गंगा नदी में मिल जाती है।

उन्नाव व रायबरेली में लोग लोन नदी ही कहते हैं

इसके प्रवाह वाले क्षेत्र में इसे लोन नदी ही कहा जाता है। बिछिया ब्लाक क्षेत्र में तिवारीखेड़ा-जरगांव मार्ग पर तत्कालीन भाजपा सांसद देबी बक्श सिंह ने अपनी विकास निधि से इस सड़क पर लोन नदी के पुल का निर्माण कराया था। लोकर्पण शिलापट में आज भी लोन नदी ही दर्ज है।

लोना दाई के कदम पड़ने से अस्तित्व में आई नदी

किवदंती है कि अनुसूचित जाति के एक परिवार में जन्मी लोनी अपने भाइयों का खेती में हाथ बंटाती थी। पवई व आसपास के तमाम गांव निचली जमीन पर आबाद होने से वहां धान की उपज काफी मात्रा में होती थी। धान की रोपाई के समय बेढ़ लगाने में लोनी अपने पांच भाइयों पर भारी पड़ती थी। भाई नर्सरी में तैयार पौधे बड़े डलवा (टोकरे) में रखकर खेत तक लाते और लोनी हर भाई को हर बार इत्मिनान से खाली खड़ी मिलती। जबकि पूर्व में पहुंचाए गए सभी धान के पौधे खेत में खड़े दिखते। इससे आश्चर्य में रहने वाला एक भाई पौध रोपने का ढंग देखने के लिए वहां छिप कर बैठ गया। लोनी निर्वस्त्र होकर डलवा में रखे सभी पौधों को एक बार में उछालती और वे खुद ही खेत में रोप जाते। भाई द्वारा छिपकर रोपाई देखने की जानकारी पर आत्मग्लानि महसूस करते हुए लोनी दौड़ लगाती रही। जहां भी उसके कदम पड़ते वहां की जमीन धंसकर नदी का रूप लेती रही और आखिर में वह खुद गंगा नदी में समाहित हो गई। तभी से उन्हें लोना दाई के नाम से भी जाना जाने लगा।

बेटे की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने को सीएम से गुहार

बिछिया। दही थानांतर्गत गांव तारगांव के मजरे हिंदूखेड़ा निवासी ओमप्रकाश पुत्र रामस्वरूप ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गांव के पास गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। जिसका निर्माण एक कार्यदाई संस्था करवा रही है। रोड निर्माण के लिए मिट्टी खुदाई का कार्य भी उसी कम्पनी द्वारा कराया जा रहा है। कम्पनी प्रबन्धक व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से मिट्टी खुदाई मानक के विपरीत की गई। जिससे गांव में गहरे-गहरे गड्ढे हो गये हैं। जिनमें पानी भर गया है। जिस पर न ग्राम प्रधान और ना ही संस्था द्वारा गड्ढों को बन्द कराया गया। जिससे उसके 12 वर्षीय बेटे अनूप की पानी भरे गड्ढे में जाने से 12 मई को मौत हो गई थी। बताया कि वह अनपढ़ है और ग्राम प्रधान ने कहने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी और न ही उसके शव का पोस्टमार्टम कराया। एक कागज पर साधारण लिखापढ़ी कराकर उसके बच्चे के शव को दफन करवा दिया। बताया कि पूरी घटना को गांव के कुछ ग्रामीणों ने देखा है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

फर्जी लूट बता कर पांच लोगों का चालान किया

फालोअप

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव जगदीशपुर मोड़ पर चालक-क्लीनर से हुई लूट को पुलिस ने फर्जी करार दिया है। पुलिस ने इसे मारपीट की घटना बता पकड़े गए 5 लुटेरों का शान्तिभंग में चालान कर इतिश्री कर ली। वहीं, मोटर मालिक द्वारा लूटी गई रकम मिलने पर समझौता करने की चर्चा रही।

शनिवार रात जगदीशपुर मोड़ के पास तीन बाइकों से 6 युवक आये और ट्रक चालक महेंद्र पुत्र बलदेव निवासी महोबा थाना खन्ना व क्लीनर रमेश से तमंचा लगाकर 25 हजार रुपये व मोबाईल फोन लूट लिया। उनके भागते समय क्लीनर ने हिम्मत दिखाई और एक बाइक को धक्का देकर गिरा दिया और एक लुटेरे को पकड़ लिया और शोर मचा दिया। शोर सुन सामने होटल में मौजूद कर्मचारी दौड़े और तीन बाइकों पर सवार 5 लुटेरों को पकड़ लिया। जबकि, एक भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंचे ट्रक मालिक रोहित ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र भी दिया। लेकिन, रात में ही ट्रक मालिक का लुटेरों के परिजनों से समझौता हो गया। इसके बाद सोमवार सुबह ट्रक मालिक ने लूट की जगह मारपीट होने का प्रार्थनापत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गये युवकों नीलू व विशाल निवासी पहाड़पुर भौली, रंजीत, अभिषेक व अमन पुत्र निवासी भौली का चालान शांतिभंग में कर दिया। प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया ट्रक मालिक ने मारपीट की तहरीर दी है लूट की कोई घटना नहीं हुई है।

किसान की दो बकरियां चुरा ले गए चोर

आसीवन। थानाक्षेत्र की रसूलाबाद चौकी अंतर्गत निराला नगर में दीनदयाल पुत्र सन प्रसाद घर के बाहर बरामदे में सो रहा था। पास में उसकी दो बकरियां बंधी थीं। देररात कार सवार मवेशी चोर उसकी दोनों बकरियां चुराकर भाग गए। आहट लगने पर दीनदयाल की नींद खुली तो उसकी नजर पास में बंधी बकरियों पर पड़ी तो बकरियां वहां नहीं थीं। देखा कि कार सवार बकरियों को उठाकर ले जा रहे थे। उसने आनन-फानन रसूलाबाद चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर चौकी से दो सिपाही वहां पहुंचे और जांच की। लेकिन, बकरी चोरों का कुछ पता नहीं चल सका। दीनदयाल ने शिकायतीपत्र पुलिस को दिया है। उसने बताया कि चोरी हुई बकरियों की कीमत 20 हजार है। वहीं नगर पंचायत के लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं, पुलिस गश्त पूरी तरह से फेल हो रही है।

मेधावियों को पदक देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। शहर के मोहल्ला एबी नगर स्थित संगम शिशु मंदिर इंटर कालेज में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित कर मेधावियों को प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी व प्रबंधक निशांत शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि शिखर पटेल ने 86, मानसी द्विवेदी ने 84, वैष्णवी पाल व उत्कर्ष ने 83, शगुन व सुमित यादव ने 81, समीक्षा ने 80, रिया गुप्ता ने 76, शहीद ने 74, तुबा ने 73, इफरा, अनस व दिव्यांशी ने 72, अभय प्रताप, पलक व गौरी सिंह 71 और उमरा ने 70 फीसदी अंक लाकर हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन विद्यार्थियों को अंकपत्र के साथ मैडल व प्रतीकचिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इसी तरह नर्सरी से 12वीं कक्षा तक अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व मैडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सिर्फ परीक्षा परिणाम से किसी विद्यार्थी की प्रतिभा का आकलन नहीं हो सकता है। शिक्षा के साथ उसकी विभिन्न प्रतिभाओं से भी उसकी क्षमता को आंका जाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों में परिपक्वता विकसित होने के बाद ही मोबाइल फोन उपलब्ध कराने की सलाह दी। इससे पूर्व प्रबंधक निशांत शुक्ला व प्रधानाचार्य पूर्णिमा शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान प्रेम शंकर दीक्षित, विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्रा व समीक्षा अधिकारी अंजू द्विवेदी, शिरोमणि सिंह आदि मौजूद रहे।

मेधावियों के साथ अतिथिगण व विद्यालय स्टाफ। अमृत विचार

- विद्यालय प्रबंधन ने पुरस्कृत कर मेधावियों को किया प्रोत्साहित

पढ़कर लौट रही बच्ची से दरिंदगी का प्रयास

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

- बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत एक गांव का मामला

अमृत विचार। नगर के एक मोहल्ले में ट्यूशन पढ़कर घर जा रही छह साल की बच्ची को दरिंदे ने दबोच लिया। उसने बच्ची का उसका मुंह दबाया और सुनसान जगह ले जाने लगा। बच्ची के शोर मचाने पर दौड़े नागरिकों को देख दरिंदा भाग खड़ा हुआ। बच्ची के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

पीड़िता के पिता ने बताया कि रोज की तरह बीते रविवार को उसकी 6 वर्षीय बेटी एक कोचिंग सेंटर में उर्दू अरबी का ट्यूशन पढ़ने गई थी। दोपहर करीब 1 बजे वह घर लौट रही थी तभी रास्ते में एक युवक ने उसे दबोच लिया। उसने बच्ची का मुंह दबाया और उसे सुनसान गली में ले जाने लगा। तभी बच्ची के शोर मचाने पर दौड़े नागरिकों को देख युवक भाग खड़ा हुआ। नागरिकों की सहायता से बच्ची अपने घर पहुंची। घर में उसने रोते हुए माता-पिता को घटना की जानकारी दी। उसकी बात सुन पिता उसे लेकर मौके पर पहुंचा और लोगों से घटना के संबंध में जानकारी की। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ में मौजूद एक युवक को देखते ही बच्ची रोने लगी। बच्ची ने इशारे से बताया कि उसी ने उससे जबरदस्ती की है। यह देख आरोपी चुपके से भाग गया। वहां मौजूद लोगों ने आरोपी युवक का नाम उवैस पुत्र कमरू निवासी मोहल्ला हटिया बताया है। बताया जाता है कि छेड़छाड़ के मामले में युवक काफी दिनों से जेल में था। हाल में ही वह जमानत पर वह जेल से बाहर आया है। बच्ची के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

सम्मानित किये गए छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय स्टाफ। अमृत विचार

प्रतिभा सम्मान समारोह में किया सम्मान

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

अमृत विचार। नगर के जीनियस पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी नरेश दीक्षित एडवोकेट ने सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

बता दें कि इसी विद्यालय के कक्षा-12 के छात्र शिवम ने जिले की मेरिट में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। जिसे ट्रॉफी व मेडल देने के साथ कलाई घड़ी देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को समाजसेवी ने कलाई घड़ी, ट्रॉफी, मेडल व स्कूल बैग देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन अंधकारमय होता है। शिक्षा के बल पर ही मनुष्य सर्वोच्च लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं में प्रेम, विकास, मसरबा जुल्फी, सत्यम, इबा, कोमल यादव, अमीना खातून, निर्मला, मन्नत, तस्मिया, साईन, शोभित व पिंकी सम्मानित किए गए।

ढाबे में छापेमारी कर मादक पदार्थ के साथ दो को पकड़ा

उन्नाव। सीओ बीघापुर ने अचलगंज पुलिस के साथ मवइया माफी गांव के पास स्थित एक ढाबा में छापा मारकर 400 ग्राम गांजा के साथ दो युवकों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया। सीओ माया राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भोरपहर ढाबे में दबिश दी गई। जहां से बिहार प्रांत के दरभंगा जिला के थाना मनीगाछी के गांव वलिदपुर निवासी गोपाल उर्फ रब्बानी व बारासगवर थानाक्षेत्र के सीताराम खेड़ा निवासी अंकित पासी को पकड़ा गया। जामा तलाशी में उनके पास 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। छापेमारी से पहले ढाबा संचालक भागने में कामयाब रहा। एसओ संजीव कुशवाहा ने वताया कि दोनों युवकों को मादक पदार्थ रखने के आरोप में पकड़कर कोर्ट पेश किया गया।

पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, गांव में फैली सनसनी

संवाददाता परियर उन्नाव

- चर्चा रही कि युवक की शादी तय होने के बाद टूट गई थी
- रात एक बजे उसकी मां की नींद खुली तो वह चारपाई पर नहीं था

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बंदनपुरवा गांव निवासी युवक का शव आम के पेड़ में फंदे से लटका देख खेत जा रहे ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। परियर चौकी पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन युवक के आत्महत्या का कारण नहीं बता सके। चर्चा रही कि युवक की शादी तय होने के बाद टूट गई थी। इसी से वह आहत था।

दीपू निषाद।

परियर चौकी अंतर्गत गांव कटरी मरौंदा मझवारा के मजरा बंदन पुरवा निवासी दीपू निषाद (22) पुत्र केशन कानपुर में एक ढाबे में खाना बनाने का काम करता था। बीते दो महीने से वह गांव में ही था। पिता ने बताया कि गांव में ही उनके रिश्तेदार रामस्वरूप की मौत हो गई थी। रविवार को उनका तेहरवीं संस्कार था। सभी लोग वहीं थे। रात में दीपू भी खाना खाकर सोया था। लेकिन रात एक बजे उसकी मां की नींद खुली तो वह चारपाई पर नहीं था। गर्मी के कारण उसके बाहर सोने की बात सोंच मां फिर सो गई। सोमवार सुबह खेत गई महिलाओं ने गांव के मैकू मल्लाह के खेत में लगे आम के पेड़ में उसका शव रस्सी के फंदे से लटकता देख शोर मचाया तो वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। चौकी पुलिस ने शव फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। परिजन उसकी मौत का कारण नहीं बता सके। चर्चा रही कि दीपू की शादी कानपुर में तय हुई थी। गोदभराई भी हो चुकी थी। लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से शादी टूट गई थी। इससे वह परेशान था। उसकी मौत से वृद्ध पिता और मां शांति बदहवास हैं। वह पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। मौत के बाद गांव में घटना को लेकर दिनभर चर्चा चलती रही।

युवक पर बेटी की फोटो अपने साथ लगाकर वायरल करने का आरोप

पुरवा। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले युवक ने उसकी बेटी की सोशल मीडिया से फोटो निकाल ली। इसके बाद उसने बेटी की फोटो अपने साथ लगाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। आरोप है कि वह बेटी के साथ अपनी फोटो लगाकर अश्लील गाने के साथ वायरल कर रहा है। जानकारी होने पर जब वह शिकायत करने पहुंची तो उन लोगों ने उससे के साथ जमकर मारपीट की और धमकी देकर भगा दिया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ रामऔतार ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की गहनता के साथ में जांच की जा रही है।

कार्यक्रम कवि सम्मेलन में कवि-कवयित्रियों ने रचनाओं को पढ़कर वाहवाही लूटी

हर घर गुलाब सिंह लोधी जैसा लाल होना...

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। शहीद चंद्रशेखर आजाद सांस्कृतिक सेवा समिति के तत्वावधान में विकासखंड क्षेत्र के मिर्जापुर न्यामतपुर गांव में हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थानीय निवासी साहित्यकार व ओज के कवि डा. प्रमोद कुशवाहा के संयोजन में विशाल कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें जिले व अन्य जिलों से आए हास्य, श्रंगार व ओज के वाणीपुत्रों के गीत, गजल, व्यंग्य, श्रंगार व वीररस की कविताएं सुन ग्रामीण श्रोता वाहवाही करने पर विवश रहे।

मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के बाद वाणीपुत्रों का सम्मान किया गया। इसके साथ संडीला (हरदोई) से आई कवियत्री प्रियंका द्विवेदी द्वारा सरस्वती वंदना से शुरू हुए कवि सम्मेलन में जिला बाराबंकी से आए व्यंग्यकार संजय 'सांवरा' के संचालन में कवि डा. प्रमोद कुशवाहा ने देश प्रेम से जुड़ी शहीदों को समर्पित रचना 'क्रांतिकारियों का ऋण सदा सिर पर रहेगा, इस बात का हमें ख्याल होना चाहिए, भारत की आन, बान, शान हेतु हर घर गुलाब सिंह लोधी जैसा लाल होना चाहिए' पढ़ी तो वहां मौजूद श्रोताओं की तालियों से प्रांगण गूंज उठा। पुलिस विभाग में कार्यरत लखनऊ से आए कुलदीप कलश ने अपने छंद व गीत से समाज की विसंगतियों को इंगित करते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़ी रचना सुनाई। इसके अलावा सूर्यकांत 'अंगारा', वीरसिंह पटेल, रोहित विश्वकर्मा (सीतापुर)' संदीप अनुरागी (बाराबंकी) व शिवसागर कुशवाहा 'सागर उन्नावी', आदि कवियों ने अपनी रचनाएं पेश की।

कविता पाठ करतीं कवयित्री। अमृत विचार

खनन कर रहा बुलडोजर व डंपर पकड़ा गया

पुरवा। जिला खनन अधिकारी केबी सिंह ने सोमवार को पूर्व में मिली शिकायत पर ब्लाक क्षेत्र के बाल सरैंया गांव का औचक निरीक्षण किया। जिसमें खनन करते हुए एक बुल्डोजर को पकड़ा। लेकिन, बुल्डोजर चालक व मिट्टी लेकर जा रहे अन्य वाहन भाग निकले। खनन अधिकारी ने बुल्डोजर को पुलिस के हवाले कर सीज करवा दिया। वहीं, जिला खनन अधिकारी ने असोहा-कालूखेड़ा मार्ग स्थित शिवगढ़ के पास ओवरलोड मौरंग लेकर जा रहे डंपर को भी पकड़कर थाने मे खड़ा कराया। एसओ रामऔतार ने बताया कि खनन अधिकारी ने एक बुल्डोजर व एक ओवरलोड डंपर को थाने में खड़ा कराया है।

दीवार खड़ी कर बंद किया रास्ता

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। गांव के दबंगों ने आम रास्ते को अवरुद्ध कर उस पर दीवार खड़ी कर दरवाजा रखकर रास्ता बंद कर दिया। जिससे परेशान ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने व रास्ता खुलवाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नौबतपुर निवासी हुकुम चंद्र, राहुल, दीपू, सरवन, प्रताप, खुशीराम सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि गांव निवासी भगवानदीन पुत्र गजा तिवारी व प्रकाश पुत्र पूरन ने गांव जाने वाले आम रास्ते पर बीती 13 तारीख की रात शासन-प्रशासन की व्यस्तता की आड़ में रास्ते पर दीवार खड़ी कर कब्जा कर लिया है।

वहीं दूसरी ओर प्रताप पुत्र परसादी ने भी गांव के कच्चा मार्ग बंद कर दिया है। जब ग्रामीणों ने रास्ता खोलने को कहा तो वे एक-दूसरे से रास्ता खुलवाने की बात कह कर झगड़ा करने लगे। इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि लेखपाल को सूचना दी गई है। लेखपाल के साथ पुलिस टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रास्ते पर दीवार खड़ी कर लगाया गया गेट। अमृत विचार

- ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

सड़क हादसों में दो की मौत, 11 लोग हुए घायल

पुरवा क्षेत्र में 17 मई को हुए हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

संवाददाता नवाबगंज/बांगरमऊ

अमृत विचार। अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, अन्य में 11 लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे पुरवा, अजगैन व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुए।

नवाबगंज सीएचसी में होता घायलों का इलाज। अमृत विचार

केस 01 पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव कालीखेड़ा के मजरे निवासी 28 वर्षीय संतोष 17 मई को बाइक से पुरवा जा रहा था। तभी डगरूवन खेड़ा के पास सामने मवेशी आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खंती में चली गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां उसे गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल से हैलट अस्पताल कानपुर भेज दिया गया था। सोमवार को परिजन उसको अस्पताल से घर ले आए। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत से भाई रामआसरे व नरेश रो-रोकर बेहाल थे। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने की तहरीर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

केस 02 नवाबगंज। कस्बा क्षेत्र के पछियांव मोहल्ला निवासी गणेश पुत्र अलोपी की बीमारी से मौत हो गई थी। उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने उसका भाई भगौती (40), लक्ष्मी (45) पुत्र अलोपी व रिश्तेदार छेदी (45) पुत्र नेपाल निवासी पूरा बरौना थाना हसनगंज जा रहे थे। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पक्षी विहार के पास हाईवे पार करते समय उनकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इसमें भगौती, लक्ष्मी, छेदी व दूसरी बाइक सवार बबलू (35) पुत्र मूलचंद निवासी मानक नगर लखनऊ व एक अज्ञात घायल हो गए। घायलों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से भगौती व लक्ष्मी को गंभीर देख जिला अस्पताल भेजा गया।

केस 03 बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला महा ब्रह्मनान निवासी अफसाना पत्नी नसरुल्लाह अपनी बेटी निशा के साथ यूको बैंक गई थी। जहां से लौटते समय हरदोई-उन्नाव मार्ग पर बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें मां-बेटी के अलावा बाइक चालक सोनू पुत्र रघुवीर निवासी गांव सलेमपुर थाना माखी भी घायल हो गया। उन्हें पास के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से अफसाना को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं अन्य सड़क हादसे में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोशा कुतुब निवासी अंकित पुत्र कैलाश व इसी थानाक्षेत्र के गांव काशीराम खेड़ा निवासी नरेंद्र पुत्र दयाशंकर गंभीर घायल हो गए। उन्हें भी सीएचसी लाया गया।

कंटेनर की टक्कर से लोडर चालक की हुई मौत, खलासी घायल

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर पीछे से आए कंटेनर ने पंचर लोडर का टायर बदल रहे चालक को रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत पर हो गई और खलासी गंभीर घायल हो गया। टक्कर से लोडर में लदे आलू सड़क पर फैल गए। यूपीडा टीम ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु करवाया।

लखनऊ के कस्बा गोसाईंगंज निवासी पंकज (25) व पुत्र सुमिरन लोडर चालक था। रविवार रात वह कस्बा निवासी क्लीनर सैफ अली (24) पुत्र वारिस के साथ लोडर में कन्नौज से आलू लादकर लखनऊ जा रहा था। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास लोडर अचानक पंचर हो गया। जिसे किनारे खड़ा कर चालक व खलासी टायर बदल रहे थे। तभी पीछे से आए कार लदे कंटेनर ने उन्हे रौंद दिया। इसमें पंकज की मौके पर मौत हो गई और सैफ गंभीर घायल हो गया। लोडर करीब 50 मीटर दूर जाकर पलट गया और उसमें लदे आलू सड़क पर बिखर गए। जिससे वहां आवागमन बाधित हो गया। राहगीरों की सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम और पीतमपुरा चौकी पुलिस ने घायल खलासी को अस्पताल भेजने के साथ लोडर को हटवाकर सड़क पर बिखरे आलू किनारे करवाकर आवागमन बहाल कराया। पुलिस ने कंटेनर को सीज कर चालक अखिलेश पुत्र प्रेम नारायन पांडेय निवासी गांव खेतौना कुतुबा जमालपुर जिला आजमगढ़ को हिरासत में ले लिया। वहीं लोडर चालक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

एक्सप्रेस-वे पर खड़ा कंटेनर व फैले आलू।

पंकज।

- टायर बदलते समय कंटेनर की टक्कर से पलटे लोडर के नीचे दबने से हुई मौत

एक माह पूर्व हुई थी पंकज की शादी

पंकज की एक माह पूर्व ही अन्नू से शादी हुई थी। पत्नी अन्नू के हाथों की मेंहदी अभी फीकी भी नहीं हुई थी कि उसकी मांग का सिंदूर उजड़ गया। शव देखते ही मां पूनम व छोटा भाई अभिषेक बिलखकर रोने लगे।

बेटी को याद कर पूरी रात सिसकते रहे माता-पिता

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कानपुर में भर्ती बड़े बेटे की हालत में हुआ सुधार
- पुलिस तहकीकात में जुटी पकड़े नहीं गए आरोपी

अमृत विचार। पति की मौत के बाद ससुरालियों की प्रताड़ना से ऊब कर बेटों को जहर देकर खुद फंदे से लटक कर खुदकशी करने वाली महिला व उसके छोटे बेटे का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पारिवारिक सूत्रों की माने तो बड़े बेटे की हालत में भी सोमवार को सुधार हुआ।

बता दें कि सदर कोतवाली के पटकापुर गांव निवासी दूध का व्यवसाय करने वाले संतकुमार की चार माह पहले मौत हुई थी। उसकी मौत के बाद दो मासूम बेटों में 12 वर्षीय अंश व नौ वर्षीय सुधीर की परवरिश की जिम्मेदारी पत्नी सोमवती (35) पर आ गई थी। दूध बेंचकर वह बच्चों का पेट पालने लगी। शनिवार शाम करीब पांच बजे सोमवती का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। पास में दोनों बेटे छटपटाते मिले थे। सूचना पर बिहार थानांतर्गत चिकंदरपुर गांव निवासी पिता शिव शंकर व अन्य परिजन पहुंचे और ससुरालियों पर विधवा बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। शिवशंकर ने ससुरालियों की प्रताड़ना से ऊबकर बेटी द्वारा दो बच्चों को कीटनाशक खिलाने के बाद खुद जान देने की तहरीर दी थी। इसके आधार पर सोमवती के तीन जेठ अविवाहित कमलेश, प्रकाश के अलावा बालकराम व उसकी पत्नी मधु के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पोस्टमार्टम के बाद मां-बेटे के शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसे देख लोगों को आंखे भर आईं। सोमवती अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। उसकी और छोटे नाती की मौत से शिवशंकर व उसकी पत्नी की पूरी रात रोते हुए गुजरी।

विवाहिता की मौत, दहेज हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- मृतका के भाई ने पति समेत चार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कैलाश विहार निवासी विवाहिता के ससुरालियों ने दहेज में कार और दो लाख नगद की मांग की थी। मृतका के भाई का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति व अन्य ससुरालियों ने उसकी बहन की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। वहीं मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

सुल्तानपुर जिले के थाना लम्भुआ के जाटूपुर निवासी अवनीश सिंह की बेटी प्रीती सिंह की शादी 5 दिसंबर 2023 को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कैलाश बिहार कॉलोनी निवासी हरगोविंद सिंह के बेटे अमित सिंह के साथ हुई थी। प्रीती के भाई नवनीत कुमार ने बताया की शादी में उसने खूब दान दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुरालीजन दहेज में कार और दो लाख की नकदी मांगने लगे। जिस पर बहन प्रीती ने दहेज लाने से मना कर दिया। इसकी जानकारी उसने मायके के लोगों को दी। जिस पर पिछले सप्ताह उसका भाई गौरव अपनी बहन के घर पहुंचा और धीरे-धीरे कर दहेज की मांग पूरी करने का आश्वासन दिया है। नवनीत का आरोप है कि दहेज न मिलने पर ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते रहे। रविवार को उसने फोन मिलाकर प्रीती से बात करने का प्रयास किया तो ससुरालीजनों ने फोन काट दिया। रात्रि लगभग 9:50 बजे बहन के ससुर हरगोविंद ने फोन कर जानकारी दी कि तुम्हारी बहन का शव दरवाजे पर पड़ा है। जिस पर वह मौके पर पहुंचा। जहां बहन को मृत देख उसने पति अमित, ससुर हरगोविंद, सास मिथलेश, देवर रोहित सिंह पर बहन की हत्या का आरोप लगाते हुये कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पहुंचे और जांच पड़ताल की। जहां मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को पीएम के लिये भेजा गया। वहीं मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति अमित, ससुर हरगोविंद, सास मिथलेश, देवर रोहित सिंह के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज की है। इधर मृतका के पति के अनुसार पत्नी की तबीयत खराब थी। कई अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे। रविवार का दिन होने के कारण डॉक्टर समय से नहीं मिल सके। जिससे पत्नी की मौत हो गई।

प्रीती सिंह।

किसान की जहरीला पदार्थ निगलने से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत खेत गए किसान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वापस न लौटने पर ढूंढने गई पत्नी उसका शव पड़ा देख बेहाल हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

बीघापुर कोतवाली अंतर्गत कठार गांव निवासी मोहन रावत (50) पुत्र परसादी खेती के साथ मजदूरी करता था। सोमवार सुबह करीब चार बजे वह खेत की ओर गया था। लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। इस पर पत्नी कमलेश कुमारी उसे तलाश करने पहुंची तो उसका शव संदिग्ध हालात में पड़ा देख उसके होश उड़ गए। उसकी चीख सुन ग्रामीण पहुंच गए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां मौजूद परिजनों ने उसकी मौत जहरीले कीड़े के काटने से होने की बात कही। वहीं पीएम रिपोर्ट में उसके कीटनाशक निगलने से मौत होने की बात सामने आई है।

मोहन रावत।

इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। परिजनों ने बताया कि दिवंगत अधेड़ का बड़ा बेटा सोनू दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। छह महीने पहले उसकी वहीं पर बीमारी से मौत गई थी। पिता की मौत से छोटा बेटा मोनू और दो विवाहित बेटी सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

शांतिभंग में ग्राम प्रधान का चालान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- ग्राम प्रधान संघ ने एसपी से शिकायत की

अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत कठार गांव के प्रधान को निष्पक्ष जांच की मांग करना भारी पड़ गया। एसओ ने पहले तो प्रधान को हवालात में बंद कर दिया फिर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। पुलिस की कार्यशैली से नाराज ग्राम प्रधान संघ ने एसपी से शिकायत कर एसओ पर कार्रवाई करने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के कठार गांव के प्रधान फूलचंद ने एसपी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनकी ग्राम सभा में कुछ खेतों में अराजकतत्त्वों ने 17 मई को आग लगा दी थी। इसका शक गांव के एक युवक पर जताया गया था। इस पर वह युवक के साथ कोतवाली गए और एसओ से निष्पक्ष जांच की मांग की थी। आरोप है कि एसओ को यह नागवार गुजरा और उन्होंने प्रधान से अभद्रता की और उन्हें हवालात में डाल दिया। इसके बाद शांति भंग में उसका चालान भी कर दिया। एसओ की कार्यशैली से नाराज तहसील क्षेत्र के प्रधानों मंत आक्रोश फैल गया। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष विमल शुक्ला की अगुवाई तीन दर्जन प्रधान सोमवार को एसपी आफिस पहुंचे और एसओ पर कार्रवाई की मांग की। प्रधानों ने कहा कि जन प्रतिनिधि का इस तरह थाने में अपमान होगा तो उनके पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं है। एसपी ने जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है। प्रधान संघ के अध्यक्ष ने बताया कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोग इसकी शिकायत शासन में करेंगे। प्रधान फूलचंद ने बताया कि अपने बचने के लिए वह हम पर गालीगलौज का आरोप लगा रहे है। ज्ञापन देने वाले में दिलीप यादव, संदीप श्रीवास्तव, नीरज कुमार, जमुना देवी, सविता देवी, छोटेलाल, प्रमोद शर्मा, मेदा देवी, गुरु प्रसाद आदि प्रधान शामिल रहे।

युवती ने गांव के युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ का लगाया आरोप

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानांतर्गत एक गांव की युवती ने गांव के एक युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। बताया कि उसकी चीख सुन बचाने आई मां को उसके पिता व दो-तीन अज्ञात लोगों ने मिलकर पीटा और उसके सिर पर बांका मारकर घायल कर दिया। युवती ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि रविवार को उसकी मां छत पर सो रही थी। वह घर में अकेली थी। तभी रात नौ बजे गांव का आरोपी घर में घुस आया। उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बचाव में उसके कपड़े फट गए। उसकी चीख सुन उसकी मां आई और रोने लगी। रोने की आवाज सुन आरोपी सोनू व उसके पिता राम स्वरूप दो-तीन अज्ञात लोगों के साथ असलहा व बांका लेकर घर में घुसे और मारा।

शिविर में वृद्धजनों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

शिविर में वृद्धजनों को बताए उनके अधिकार

फतेहपुर, चौरासी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिकों के मान सम्मान व अधिकारों के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन गांव तकिया निगोही के वृद्धाश्रम में किया गया। राजस्व निरीक्षक छोटेलाल सिंह, तहसीलदार सफीपुर रामाश्रय, वृद्धाश्रम के प्रबन्धक पीएन सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तकिया निगोही प्रभारी डा. रुपेश कुमार हलधार, बेहटा मुजावर थाना प्रभारी इंद्रपाल सिंह, राहुल कुमार चौरसिया व विशाल कुमार लेखपाल तहसील सफीपुर से मौजूद रहे। वृद्धाश्रम में 102 वृद्ध उपस्थित मिले। जिसमें तहसीलदार सफीपुर के द्वारा वृद्धजनों को फल वितरण किया।

भंडारे का आने जाने वालों ने चखा प्रसाद

शुक्लागंज उन्नाव। सोमवार को राजधानी मार्ग स्थित अंबिकापुरम के सामने विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आने जाने वाले राहगीरों के अलावा क्षेत्रीय लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा सुबह से देर शाम तक अनवरत चलता रहा।

अंबिकापुरम निवासी शंकरलाल गुप्ता की सोमवार को प्रथम पुण्यतिथि थी। जिस पर उनकी पत्नी संध्या गुप्ता, बीना गुप्ता व उनके बेटों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। जिसके बाद राजधानी मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने सब्जी पूड़ी का प्रसाद चखा। भंडारा सुबह से देर शाम तक अनवरत चलता रहा।

श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। शहर के मां कल्याणी मंदिर परिसर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी (प्रदोष व्रत) पर मंदिर समिति ने सामूहिक रुद्राभिषेक के साथ बाबा भोलेनाथ के विविध स्वरूपों का श्रृंगार भी कराया। श्रद्धालुओं ने बड़े भक्तिभाव आचार्य जुगल किशोर तिवारी के मार्ग दर्शन में पूजन किया।

यजमान निधि अवस्थी, नीलम पांडेय, नमन, आयुषी, मनीषा वाजपेयी, संजय श्रीवास्तव, मनीषा, पूनम अवस्थी, आर्यन, अंकिता मिश्रा, निधि अवस्थी, उषा त्रिवेदी, विमला शुक्ला, राधा, विनय तिवारी, सुधा कुमारी, अनामिका मिश्रा, ममता, शील चतुर्वेदी व तृप्ति श्रीवास्तव ने महादेव का रुद्राभिषेक किया। साथ ही सभी ने मिलकर बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, बैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, केदारनाथ व घृष्णेश्वर स्वरूपों का श्रृंगार करते हुए पूजन किया। मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्र पीके मिश्रा, गोपाल तिवारी व सर्वेंद्र सिंह चौहान ने सभी श्रद्धालुओं को पूजन सामग्री की व्यवस्था कराई। समिति के मंत्री कमलेश नाथ अवस्थी ने बताया कि ज्येष्ठ माह का अगला प्रदोष व्रत चार जून को होगा। दोपहर 12 बजे सामूहिक पूजन-अर्चन कराया जाएगा।

महादेव के विभिन्न स्वरूपों का श्रृंगार व पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु।। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कोतवाली परिसर में युवक ने आत्मदाह का किया प्रयास

उन्नाव। सदर कोतवाली परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब अपनी जमीन पर कब्जे के लिए चक्कर काटकर थक चुके युवक ने अपने दो बच्चों और पत्नी पर आत्मदाह के इरादे से ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल लिया। पुलिस कर्मियों की समय रहते नजर पड़ने से बड़ा हादसा टल गया। एसएचओ ने पीड़ित की पूरी बात सुनकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब परिवार वापस लौटा। सदर कोतवाली अंतर्गत सुतिया तारा चौकी क्षेत्र के दुलिया खेड़ा पतारी गांव निवासी सोनू पुत्र गणपति ने बताया कि उसने गांव के पास एक-एक रुपये जोड़कर जमीन खरीदी थी। अपनी जमा पूंजी लगाने के बाद उसे जमीन पर कब्जा नहीं मिला। जमीन बेचने वाला शख्स भी उसे काबिज नहीं करा पाया। न्याय की आस में राजस्व और पुलिस के चक्कर काटने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे आहत होकर वह सोमवार शाम सदर कोतवाली परिसर पहुंचा और अपने 6 व 10 वर्षीय बेटे के साथ पत्नी पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों की नजर उन लोगों पर पड़ी तो उन्होंने दौड़कर युवक को पकड़ लिया।

सूने घर से चोरों ने पार किया हजारों का माल

शुक्लागंज, उन्नाव। गोपीनाथपुरम निवासी कमल गुप्ता की पत्नी रागिनी गुप्ता ने बताया कि उनके पति दूध कंपनी की गाड़ी चलाते हैं। वह अपने बेटे और बेटी के साथ शुक्रवार को बनारस बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने गये थे। इस दौरान घर पर कोई नहीं था। सूना घर पाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गये। जहां कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी बीस चांदी के सिक्के, मोबाइल, एलसीडी, पैंडल, सात हजार की नकदी चोरों ने पार कर दिया।

बेटी ने लगाया पिता को नशीला पदार्थ पिलाकर मारने का आरोप

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के गांव रानियामऊ निवासी रामसिंह (45) पुत्र स्व. श्यामलाल पाल बीते सोमवार को घर से एक किमी दूर भिखारीपुर बाजार गए थे। वह बाजार से वापस आए और विवाहित बेटी रामाकांती से पानी मांगा। बेटी ने बताया कि पानी मांगते हुए पिता ने कहा था कि बाजार में उन्हें एक व्यक्ति ने शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया है। जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। बेटी ने पिता की हालत बिगड़ती देख एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी फतेहपुर चौरासी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक बेटा विपिन कानपुर में सोफा बनाने का काम सीखता है।

शिक्षक नेताओं ने शोकसभा में दिवंगत आत्माओं को किया याद

उन्नाव। माध्यमिक शिक्षक संघ ने शोकसभा आयोजित कर समाजसेवी रघुवीर सिंह 'मुन्ना भैया' व शहर स्थित आरएसएस इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य जेपी वर्मा के निधन पर शोक जताया। इस दौरान संघ के प्रांतीय नेता कौशल किशोर मिश्रा, उमाशंकर तिवारी, सतीश चंद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष शिवभान सिंह, जिला मंत्री दिनेश गुप्ता, शैलेश पाल, आरपी धारिया व आलोक श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

मकान मालिक पर ईंट मारने का आरोप

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गाजी खेड़ा में किराये में रहने वाले एक युवक ने मकान मालिक पर मारपीट करने के साथ सिर फोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गाजी खेड़ा निवासी मुकेश कश्यप ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह किराये के मकान में रहता है। उसने बताया कि रविवार को वह मकान मालिक को बिजली का बिल देने गया था, तभी आरोप है कि मकान मालिक गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसके सिर पर ईंट मार दी। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

कार्रवाई न होने से दर-दर भटकने को मजबूर गर्भवती महिला

पुरवा, उन्नाव। पति द्वारा मारपीट कर घर से भगा देने के मामले में दो दिन से थाने के चक्कर लगा रही छह माह की गर्भवती की पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। जिससे पीड़िता दर-दर भटकने को मजबूर है।क्षेत्र के गांव तौरा निवासी अर्चना की दो वर्ष पूर्व क्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी सनोज उर्फ कल्लू से कोर्ट मैरिज हुई थी। रविवार को पति सनोज ने अर्चना को पीटकर घर से भगा दिया।

समस्या — 500 घरों की बाधित रही आपूर्ति, गर्मी से बेहाल होते रहे उपभोक्ता

जला ट्रांसफार्मर, गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। नगर के सीताराम कॉलोनी स्थित तिकुनिया पार्क का ट्रांसफार्मर शनिवार को फुंक गया था। जिसके बाद रविवार रात आपूर्ति चालू की गई। देर रात ओवरलोड होने के कारण ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया। जिससे आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद आग बुझाई गई। इस दौरान पंद्रह घंटे तक पांच सौ घरों की बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने से लोग बिलबिला उठे।

सीताराम कालोनी तिकुनिया पार्क के पास रखे 400 केवीए का ट्रांसफार्मर शनिवार शाम फुंक गया था। जिस पर बिजली विभाग ने रविवार रात मरम्मत कर आपूर्ति चालू कराई गई। जिसके बाद रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे दोबारा ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया। तेज लपटें उठने के कारण आस पास खड़ी झाड़ियां और पेड़ भी आग की चपेट में आ गये। यह देख क्षेत्रीय लोग दौड़े और बिजली विभाग को सूचना दी। जिस पर आपूर्ति बंद कराई गई। जिसके बाद किसी तरह आग बुझाई गई।

ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण सीताराम कालोनी, रेलवे कालोनी समेत 500 घरों की बिजली सप्लाई रातभर बंद रही। भीषण गर्मी में हजारों लोग बिलबिलाए रहे। सोमवार दोपहर नया ट्रांसफार्मर लाया गया। इस दौरान क्षेत्र की पंद्रह घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं चंपापुरवा में 100 केवीए के ट्रांसफार्मर से एक फेस न आने के कारण रविवार रात ग्यारह बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक बिजली बंद रही। जिससे गर्मी में लोग परेशान रहे।

धू-धूकर जलता ट्रांसफार्मर।

ओवरलोडिंग होने के कारण बंद रहे फीडर

गर्मी में सभी फीडरों में ओवरलोडिंग चल रही है। जिसे देखते हुये विभाग ने फीडर दो को रात 11:15 से 1 बजे तक बंद रखा। फीडर तीन को रात 12:48 से 1:46 तक, फीडर पांच को 12:48 से 1:53 को, फीडर चार को 12:48 से 1:39 तक बंद रखा गया।

एस एमवीए का ट्रांसफार्मर भी हवा-हवाई

गर्मी में बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने के लिये विभाग ने नया 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया है। इसके बावजूद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिये उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है।

गर्मी का पारा हुआ हाई, तपिश और लू से बिलबिलाए लोग

दोपहर के समय मरहला चौराहा पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गर्मी का पारा सोमवार को इतना बढ़ा कि लोग घरों में दुबके रहे। दोपहर होते ही सड़कों पर चहल-कदमी न के बराबर देखने को मिली। लू के थपेड़ों के चलते आने जाने वाले लोग सिर को पूरी तरह ढक कर गन्तव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। वहीं बिजली नदारद होने से लोगों को काफी दिक्कतें हुई।

गर्मी का पारा एक दिनों दिन हाई होने लगा है। सोमवार को भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सड़कों पर निकले। वहीं लू के थपेड़ों से आने जाने वाले लोग बेहाल हो गये। लोग पूरा शरीर ढक कर निकले। वहीं अधिक गर्मी पड़ने के कारण बच्चे गंगा में छपकछई करते रहे। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं। पारा अधिक हो जाने के कारण लोगों के शरीर से पसीना निकलना लगातार जारी रहा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती रही।

छात्र ने आरपीएफ दरोगा पर लगाया रुपये छीनने का आरोप

शुक्लागंज, उन्नाव। लखीमपुर के थाना मोहम्मदी पोस्ट बलमिया बडखर गांव मोहम्मदपुर दीना निवासी वंश मिश्रा ने लखनऊ डीआरएम के अलावा रेल मंत्रालय, एडीजी जीआरपी व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि 15 अप्रैल को वह ट्रेन से कानपुर जा रहा था, रेलवे पुल पर ट्रेन में सवार अवैध वेंडर ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन के रूकने पर वह नीचे उतरा। जिसके बाद आरोप है कि गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ एएसआई ने उसे रोक लिया और उसकी जेब में पड़े जबरन 2660 रुपये निकाल लिये। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर एसएसआई ने उसके खिलाफ चेन पुलिंग की धाराओं में निरूद्ध कर दिया। छात्र गिड़गिड़ाता रहा लेकिन एसएसआई ने पीड़ित की एक नही सुनी। जिस पर छात्र ने लखनऊ मंडल के डीआरएम के अलावा रेल मंत्रालय को शिकायत की है।

लोकतंत्र के महापर्व में वोटिंग के लिए दिखी उमंग

पांचवें चरण के लिए बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट पर हुआ मतदान, करीब 60 फीसदी लोगों ने डाले वोट, सुबह धीमी रही वोटिंग, सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट के लिए सोमवार को जब मतदान का महापर्व शुरू हुआ तो जिले के सभी मतदान केंद्रों में वोटर्स की लंबी लंबी कतारें लग गई। सुबह से ही बूथों में बढ़ी मतदाताओं की भीड़ ने जहां जिला प्रशासन को राहत पहुंचाने का काम किया, वहीं दोपहर आते आते प्रशासन की खुशी काफूर भी होने लगी। कुल मिलाकर शांतिपूर्वक संपन्न हुए मतदान में किसी भी विवाद की कोई खबर नहीं है। कुछ स्थानों पर शुरूआती दौर में ईवीएम और वीवीपैट ने जवाब दिया, जिसे सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने तत्काल पहुंचकर सही कराया। जिले की चार विधानसभा सीटों में 59.64 फीसदी मतदाताओं ने हिस्सा लिया। इसके अभी और ऊपर जाने की उम्मीद है। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के लिए बूथों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात किया गया था।

पांचवें चरण के लिए होने वाले मतदान का महापर्व निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन ने शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने को पुख्ता इंतजाम किए थे। सुबह ठीक सात बजे से मतदान की शुरूआत हुई, लेकिन बूथों में सुबह छह बजे से ही लाइन लगी रहीं। प्रत्येक बूथ

डीएम की मुहिम पर भारी पड़ी बीएलओ की लापरवाही

- जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की अगुवाई में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 85 फीसदी से अधिक मतदान का लक्ष्य को पार करने को लेकर मुहिम छेड़ी गई, लेकिन मतदाताओं की बेरुखी के साथ ही बीएलओ की लापरवाही ने इस अभियान को फ्लाप कर डाला और मतदान का आंकड़ा 85 प्रतिशत के आसपास भी नहीं पहुंच सका। जिले में करीब फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान में अपेक्षित इजाफा होने को लेकर जहां बूथों पर काम करने वाले बीएलओ की लापरवाही सामने आई है। उधर मतदाताओं की लंबी लाइनों व सूरज की तल्खी को भी इसका कारण माना जा रहा है। सुबह के समय जहां मतदान केंद्रों में लाइनें लगी रहीं, वहीं दोपहर के समय ज्यादातर बूथ सन्नाटे में डूब गए। हालांकि मतदान जागरूकता से लेकर मतदान तक के लिए डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने अथक परिश्रम किया और जिले अधिक से अधिक मतदान कराने का पूरा प्रयास किया। लेकिन बीएलओ की लापरवाही ने डीएम की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया। आलम यह रहा कि शहरी क्षेत्र के ज्यादातर मतदाताओं के घर पर्चियां तक नहीं पहुंच पाई और मतदान केंद्र में पर्चियों को लेकर खासी अफरातफरी देखने को मिली।

मतदान केंद्र में लगी मतदाताओं की लंबी लाइनें। अमृत विचार

बांदा-चित्रकूट लोकसभा

पर मतदान शुरू कराने से पहले मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में माक पोल कराया गया। इसके बाद मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग करना शुरू किया। सुबह नौ बजे तक जिले में केवल करीब 14.15 फीसदी मतदाताओं ने ही मतदान किया था। इसके बाद बूथों में मतदाताओं की लाइन लगने लगी। सबसे अधिक युवा और महिला मतदाताओं मे मतदान के प्रति अधिक उत्साह देखने को मिला। हर जगह बूथ में महिलाओं की लंबी

आदर्श मतदान केंद्रों में रही भव्य सजावट। अमृत विचार

लाइन लगी थी। वोट डालने के लिए मतदाताओं ने काफी देर तक बूथ में लाइन पर खडे रहकर इंतजार किया। इसी तरह से सुबह 11 बजे करीब 28.23 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। कड़ी धूप के बावजूद मतदाताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और अपराह्न एक बजे मतदान का प्रतिशत करीब 39.35 फीसदी पहुंच गया। हालांकि एक बजे से तीन बजे के बीच मतदान की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई। अपरान्ह तीन बजे तक 47.27 फीसदी वोटरों ने मतदान मे हिस्सा लिया। विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थक घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए बूथ जाने को प्रेरित कर रहे थे। इसका असर भी काफी देखने को मिला। इस तरह से शाम पांच बजे तक मतदान का औसत 56.76 फीसदी पहुंच गया। शाम छह बजे तक 60 फीसदी मतदान रिकार्ड किया गया है। जबकि छह बजे के बाद तक कई पोलिंग बूथों में लाइनें लगी रहीं और मतदान का काम चलता रहा। मतदान के बाद मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में ईवीएम सील हुई। इसके बाद पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। हालांकि मतदान समाप्ति तक मतदान के प्रतिशत में थोड़ा बहुत इजाफा होने की उम्मीद जताई जा रही है। मतदान के बाद सियासी जंग मे ताल ठोंक रहे दर्जनभर रणबांकुरों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है। आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना में इनके भाग्य का पिटारा खुलेगा।

बूथों पर सुबह से उमड़ पड़े मतदाता, झूमकर बरसे वोट

फतेहपुर लोकसभा

- वोटरों ने लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सांसद चुनने के लिए फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में छिटपुट वारदातों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर वोट की चोट करने के लिए लोग पहुंचने लगे।

55 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता सुबह दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के बाद मतदान के लिए चल पड़े। वहीं अधिकांश घरों में महिलाएं परिजनों के लिए चाय, नाश्ता और खाना बनाने के बाद चूल्हा चौका करने के बाद दोपहर में मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं। यही वजह रही कि दोपहर के वक्त मतदान केंद्रों पर महिलाओं की संख्या ज्यादा नजर आई। दोपहर में गर्मी के कारण गति धीमी पड़ी लेकिन चार बजे के बाद जैसे जैसे दिन ढलता गया वैसे वैसे पोलिंग केंद्रों की तरफ फिर लोग जाते दिखे।जिले के 2143 बूथों में निर्धारित समय से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। कुछ स्थानों में ईवीएम में खराबी की शिकायतें आईं तो तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती ने समस्या का समाधान

वोट डाल कर ट्राईसाइकिल से लौटता दिव्यांग मतदाता।

कराते हुए मतदान शुरू करा दिया। सबसे पहले बूथों में मौजूद पार्टी एजेंटों के समक्ष पीठासीन अधिकारी ने मॉक पोल कराया उसके बाद मतदान शुरू हो गया। कुछ मतदान केंद्रों पर छिटपुट कहासुनी एजेंटों के मध्य हुई। इसे पुलिस कर्मियों ने दखल देकर शांत करा दिया। शाम को पोलिंग पार्टियों ने मंडी समिति पहुंच कर ईवीएम को जमा कराया। प्रेक्षक एवं डीएम, एसपी समेत अन्य अफसरों ने पूरे जिले में घूम-घूमकर सुरक्षा का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्षता और शांति से निपटा है।

56 फीसदी मतदान, ईवीएम में प्रत्याशियों का 'भाग्य' कैद

जालौन-गरौठा-भोगनीपुर (सु.)

- मतदान केंद्रों पर सुबह व शाम दिखीं लाइनें, कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण हुआ मतदान

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। जालौन-गरौठा-भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट के लिए सोमवार को मतदान हुआ। सीट से चुनाव लड़ रहे छह प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। भीषण गर्मी के साथ दोपहर से शाम तक तेज धूप होने के बाद भी लोकसभा क्षेत्र में 56.15 फीसदी मतदाताओं ने जमकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासनिक अधिकारियों के प्रयासों के बाद भी लोकसभा क्षेत्र के कुछ स्थानों पर विलंब से मतदान शुरू हो सका। सुबह मतदान शुरू होने के बाद शुरुआती दो घंटों में नौ बजे तक करीब 12.27 फीसदी मतदान हुआ। प्रशासन की जागरुकता के बाद भी इसबार वर्ष 2019 व वर्ष 2014 के मुकाबले कम मतदान हुआ।

यहां दोपहर में गर्मी के बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं होता दिखा। जिसके चलते अगले दो घंटे बाद सुबह 11 बजे तक क्षेत्र में करीब 28 फीसदी मतदाता अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं दोपहर एक बजे भी मतदान प्रतिशत बढ़ता रहा और इस चरण में करीब 39.52 मत पड़ने का कंट्रोल रूम को आंकड़ा प्राप्त हुआ। वहीं दोपहर तीन बजे तक 46.19 प्रतिशत वोट ही डाले जा सके। इसके बाद शाम पांच बजे तक 53.7 मतदान हुआ।

मतदान कर लौटीं महिलाएं व युवती। अमृत विचार

सूरज तमतमाता रहा फिर भी वोट देने निकले 60.56 फीसदी लोग

हमीरपुर लोकसभा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। संसदीय क्षेत्र में कुल 60.56 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें राठ विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं ने झूमकर वोट डाले। यहां मतदान का प्रतिशत सबसे ज्यादा रहा। वहीं तिंदवारी विधानसभा में सबसे कम मतदान हुआ। राठ विधानसभा में 63.23 प्रतिशत तो तिंदवारी में 57.72 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चरखारी में 59.77 फीसदी, महोबा में 60.29 व हमीरपुर सदर में 61.23 फीसदी मतदान हुआ।

भीषण तपन भरी गर्मी के बीच जंग में लोकतंत्र की जीत हुई। शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न चुनाव में कुल 60.56 फीसद लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम राहुल पांडेय और एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा समेत अन्य अधिकारी लाव लश्कर के साथ बूथों का निरीक्षण करते रहे। सोमवार को 45 डिग्री तापमान होते हुए भी लोग घरों से निकले और पूरे जोश से वोट डाला। सुबह छह बजे ठंडक भरे माहौल में वोट डालने के लिए लोग मतदान केंद्रों पर पहुंच गए। अधिकांश बूथों पर समय से मतदान शुरू हो गया। इक्का-दुक्का बूथों पर ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण मतदान

हमीरपुर के मुस्करा स्थित मतदान केंद्र में वोट डालने आईं महिलाओं ने ली सेल्फी। अमृत विचार

व्हील चेयर से मतदान केंद्र पहुंच कर डाला वोट

- कुरारा (हमीरपुर)। कस्बा व क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। कही मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला तो कही सन्नाटा रहा। गर्मी व तपन के चलते 3 बजे के बाद मतदान की गति बढ़ी। कस्बा में बूथ नंबर 41, 42, 43 में लोगों का सुबह से ही मतदान करने के लिए लंबी लाइन देखने को मिली। जिसमें कस्बे के जगदीश शरन (86) को व्हील चेयर से मतदान कराया गया।

तीन बूथों में ईवीएम में गड़बड़ी से रुका मतदान

- सरीला (हमीरपुर)। लोकसभा का चुनाव क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। तीन बूथों पर मशीनों में आई गड़बड़ी की वजह से कुछ देर के लिए मतदान प्रभावित रहा। मशीनों के बदलने के बाद मतदान कराया गया। सारा दिन अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ती रहीं। सोमवार को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में तड़के से ही बूथों पर लंबी-लंबी कतारें देखी गई। चुनाव को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

मतदान में लोगों ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया

मौदहा (हमीरपुर)। लोकसभा सीट के लिए मतदान में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही मतदाताओं ने अपने सारे काम छोड़ मतदान केंद्रों में पहुंच लाइन में लगने शुरू हो गए। हालांकि 10 बजे के बाद चिलचिलाती गर्मी व गर्म हवाओं के चलते मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसरने लगा। तीन बजे के बाद मतदाता निकले, शाम होते ही खासी संख्या में लोग मतदान केंद्र पहुंच गए। युवा, महिलाओं व बुजुर्गों में खासा उत्साह रहा। दिव्यांग भी सरकार बनाने में अपनी भागीदारी निभाने में पीछे नहीं रहे। ग्राम सिसोलर में सुबह 9 बजे तक 12 फीसद, भमई में 11:30 बजे तक 30, टिकरी व कपसा में 12 बजे तक 34 फीसद मतदान हुआ। इचौली में 12 :15 बजे तक 50, नायकपुरवा में 12:30 बजे तक 40, गुसियारी में 1 बजे तक 41, फत्तेपुर में 1:30 बजे तक 46, खंडेह में 1:40 बजे तक 39, करहिया में 2 बजे तक 50, छिमौली में 2:15 बजे तक 50, सिलौली में 3 : 36 बजे तक 58 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

- राठ विधानसभा में सर्वाधिक 63.23 प्रतिशत वोट पड़े
- तिंदवारी में सबसे कम 57.72 फीसदी हुआ मतदान

प्रक्रिया देरी से शुरू हुई। सुबह सात बजे फतेहपुर से भाजपा प्रत्याशी/केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, डीएम राहुल पांडेय और एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया। वहीं राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने राजकीय बालिका

मौदहा के एक मतदान केंद्र में मतदान के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

इंटर कॉलेज के बूथ में मतदान कर लोकतंत्र के पर्व पर अपने कर्तव्य को पूरा किया। सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति भी सुबह अपने पैतृक गांव पौथिया में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे। अधिकांश मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए महिलाएं, युवतियां और युवक उत्साहित नजर आए। खासकर महिलाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह नौ बजे तक 13.61 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नगर पालिका क्षेत्र के ब्रह्मा का डेरा स्थित बूथ में सुबह नौ बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर एक बजे तक 40.71 प्रतिशत मतदाता ही वोट डाल सके। पारा बढ़ने के बाद मतदान प्रतिशत भी धीमी गति से बढ़ता रहा। पांच बजे तक 57.83 प्रतिशत वोट पड़। फाइनल मतदान 60.56 प्रतिशत रहा।

बेटी को मार कर खुद भी गला रेता

संवाददाता, उतरौला/बलरामपुर

अमृत विचार। स्थानीय नगर के गांधीनगर मोहल्ला निवासी मानसिक मंदित मां ने पंद्रह माह की बेटी का गला रेतकर हत्या कर दी। बाद में खुद का गला रेत लिया। डाक्टरों मां की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पति राहिल ने बताया कि उसका घर अल्माइटी स्कूल के बगल है। परिवार में पत्नी नादिया खातून, छह वर्षीय पुत्र मोहम्मद शहरान पांच वर्षीय पुत्री हाजिरा शहरीन व पंद्रह माह की बेटी किसबा के साथ रहता है। वह मजदूरी करने निकल गया था। दोपहर लगभग तीन बजे पड़ोसियों ने सूचना घटना की सूचना दी। घर पहुंचा तो देखा कि पत्नी गंभीर अवस्था में पड़ी है। और बेटी किसबा खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी है। बताया कि पत्नी मानसिक मंदित है। जिसका मनोचिकित्सक से इलाज चल रहा है। पड़ोसियों ने बताया कि दिन में तीन बजे राहिल का पुत्र शहरान घर से बदहवास चिल्लाता हुआ निकला। कारण पूछने पर बताया कि मां ने मुझे मारने पीटने के बाद छोटी बहन का गला रेत दिया है।

राष्ट्रपति को पत्र लिख कर मांगी इच्छा मृत्यु

औरैया। थाना सहार औरैया के पुर्वा रावत के रहने वाले बीएसएफ के जवान मोहम्मद दस्तगीर क़ुरैशी ने अपनी पत्नी द्वारा लगाए गए झूठे मुकदमों से तंग आकर और न्याय न मिलने के कारण इच्छा मृत्यु की मांग की है। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में बताया कि उसके ऊपर तमाम फर्जी मुकदमे दर्ज करा दिए गए हैं।

आदर्श आचार संहिता में जब्त हुआ कैश वापस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गुरसहायगंज के व्यापारी से मिले थे 4.81 लाख रुपये

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की आदर्श आचार संहिता को लेकर उड़नदस्ता टीम ने दो मई को गुरसहायगंज के व्यापारी से 4.81 लाख रुपये जब्त कर लिए थे। अधिकारियों ने सुनवाई व साक्ष्यों के आधार पर नकदी वापस करा दी।

कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अधिकारी व एडीओ सहकारिता सुभाष चंद्र यादव ने एसआई इमरान खां के साथ जलालाबाद व जसोदा के बीच में ड्यूटी के दौरान वाहनों की तलाशी कराई। इस दौरान टेंपों में तलाशी के दौरान नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर रेलवे रोड निवासी व्यापारी संतोष गुप्ता के बैग से चार लाख 81 हजार 200 रुपये नकद बरामद हुए। उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अधिकारी के मुताबिक नकदी के बारे में कोई साक्ष्य न मिलने से उसे जब्त कर लिया गया था। अधिकारियों की सुनवाई टीम में शामिल पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने बताया कि व्यापारी संतोष गुप्ता ने रुपये बैंक से निकालने के साक्ष्य दिखाए। इस पर कमेटी ने रुपये रिलीज कर दिए। अप्रैल में प्रभारी अधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने ही हरदोई जिले में तैनात पीडब्ल्यूडी एक्सईएन की गाड़ी से एक लाख 98 हजार 500 रुपये बरामद किए थे। सुनवाई व साक्ष्यों के आधार पर उसे भी रिलीज कर दिया गया है।

जनसभा उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा, साइकिल पंचर, जनता ने हाथ मरोड़ दिया, यूपी छोड़ भागा हाथी

पिछड़ों के लिए सबसे ज्यादा मोदी ने काम किया

संवाददाता जौनपुर

अमृत विचार। सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने जौनपुर लोकसभा सीट के बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में चंबलतारा बाजार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि मोदी ने सबसे ज्यादा पिछड़ों के लिए काम किया है और पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने ही किया है और किसी सरकार ने नहीं दिया उसके साथ ही उन्होंने कहा की जो विपक्ष के लोग बार-बार यह अफवाह उड़ाते हैं कि मोदी सरकार आरक्षण को समाप्त कर रही है

लेकिन आप सभी को बताना चाहता हूं कि पिछले 10 साल से भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार है लेकिन किसी का कोई आरक्षण समाप्त नहीं हुआ। पिछड़ी जातियों के लिए नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार पूरी तरह समर्पित है।

श्री मौर्य ने कहा कि मुझे दो-दो बार डिप्टी सीएम भाजपा ने ही बनाया ये सम्मान किसी पार्टी ने मौर्य समाज को नही दिया जौनपुर में ही देखिए नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य को भाजपा के ही मतदाताओं ने पहली बार इतना बड़ा सम्मान दिया ऐसे में मौर्य समाज का फर्ज बनता है की एक एक वोट भाजपा को दे। आरोप लगाते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नहीं पहुंचे थे। उन्हें राम मंदिर जाना स्वीकार नहीं। कहा, लेकिन माफिया मुख्तार अंसारी के कब्र पर फातिया पढ़ने पहुंच गए थे। कहा कि आज जहां 14 सीटों पर भारी मतदान हो रहा है वहां टकाटक कमल का फूल खिल रहा है। साइकिल पंचर हो चुकी है कांग्रेस का पंजा जनता ने हाथ मरोड़ दिया है और हाथी यूपी छोड़कर भाग गई है। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सैनी जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव विधायक गण रमेश चंद्र मिश्र रमेश सिंह मनोरमा मौर्य रामसूरत मौर्य अमरनाथ यादव रामचंद्र मिश्र आदि ने सम्बोधित किया।जिला मीडिया प्रभारी आमोद कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंघानिया ने किया।

देश के गौरव को मोदी सरकार जरूरी: दयाशंकर

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सोमवार को भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के पक्ष में धर्मेंद्र सिंह द्वारा सेमरी महमूदपुर और संतोष सिंह प्रधान द्वारा प्रतापपुर में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश का गौरव बढ़ाने के लिए नरेंद्र मोदी की सरकार बनाना है। इसके लिए हमें भाजपा के प्रत्याशी को जिताना भी जरूरी है।

उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज प्रदेश में भी जो माफिया हुआ करते थे या तो वह जेल में है या फिर उन्हें अपने कर्मों की सजा मिल गई है।

गैंगरेप में पिता सहित 5 को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- गर्भपात कराने में दादी को भी मिली 8 साल की सजा, 50 हजार अर्थदंड का आदेश

अमृत विचार। बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म व उसका गर्भपात कराने के मामले में न्यायालय नें आरोपी पिता सहित पांच को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट ने एक-एक लाख रुपये अर्थदंड वसूले जाने के आदेश दिये हैं। गर्भपात कराने के मामले में दादी को भी आठ साल की सजा सुनाई गई है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 12 जनवरी 2020 को पीड़िता के ही पिता चर्चित लेखपाल समेत उसके दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोपी पिता के दोस्तों के नाम भी उजागर कर दिये थे। मामले में विवेचक निरीक्षक जसबंत सिंह ने पीड़िता के बयान के आधार पर शहर के सिकत्तरबाग निवासी दवा व्यापारी विष्णु शरण रस्तोगी, रेलवे रोड निवासी दवा व्यापारी मनोज शाक्य, उसका दोस्त विकास नगर कॉलोनी बढ़पुर निवासी लेखपाल, फतेहगढ़ निवासी लैब संचालक सोनू तिवारी को आरोपित बनाया था। पीड़िता की दादी पर आरोप था कि उन्होंने सहयोग किया। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट राकेश कुमार ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पीड़िता की मां ने दर्ज करायी गयी एफआईआर में बताया था कि मेरी बेटी जो कि 16 वर्ष की है उसके साथ काफी समय से मेरे पति दुराचार कर रहे थे। जब इस बात का पता चला तो पुत्री को जयपुर पढ़ने के लिए भेज दिया। उसने वहां भी पहुंच कर बेटी को जबरदस्ती वहां से ले जाकर दुराचार किया। अपने दोस्तों को भी साथ ले जाकर उसके साथ दुराचार कराता था। जब वह उसे बाहर ले जाने का विरोध करती थी तब वो मुझे व बेटी को बहुत मारता था। बेटी ने मुझे बताया कि मेरे पापा ने मेरे साथ गलत काम किया तथा वो मुझे कुछ गोलियां भी खिलाते थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

संपादकीय

बढ़ती बिजली की मांग

भारत वृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में कोयला क्षेत्र देश की प्रगति, आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण की आधारशिला बना हुआ है। साथ ही विद्युत क्षेत्र की आधारशिला के रूप में कोयला हमारी प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकताओं में आधे से अधिक योगदान देता है और उद्योगों की रीढ़ के रूप में कार्य करता है। पिछले दशक में, मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत परियोजनाओं ने लगातार देश के कुल बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्से का योगदान दिया है। बिजली की मांग में भारी वृद्धि के कारण ताप विद्युत पर निरंतर निर्भरता की आवश्यकता होती है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर बिजली की मांग बढ़ी है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। राहत की बात है कि सरकार ने तत्परता दिखाते हुए बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मानसून से पहले सभी ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने की व्यापक योजना बनाई है। क्योंकि बिजली की औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी के बीच, इस बात के संकेत हैं कि बिजली उत्पादन के लिए भारत का कोयला भंडार आदर्श स्तर से नीचे है। कोयले के स्टॉक में गिरावट किसी चुनौती से कम नहीं है। उधर सरकार का दावा है कि हाल ही में कोयला, बिजली तथा रेलवे की अंतर-मंत्रालयी समिति के स्तर पर राज्य बिजली उत्पादक कंपनियों के साथ उप-समूह की बैठक में पाया गया कि देश के सभी ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयले का पर्याप्त भंडार है।

कोयले की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त परिवहन व्यवस्था मौजूद है। 'पिट-हेड' (खनन गड्ढे) पर मौजूद और टीपीपी को भेजे जा रहे कोयले का कुल भंडारण इस वर्ष 15 मई को 14.7 करोड़ टन था जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत अधिक है। ताप विद्युत उत्पादन 8.78 प्रतिशत और कोयला आपूर्ति 8.45 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष कोयले का उत्पादन पिछले साल की तुलना में 7.26 प्रतिशत बढ़ रहा है। सरकार के मुताबिक पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की पूर्ति के रास्ते में कोयला सेक्टर का बड़ा योगदान रहने वाला है। आमतौर पर कोयला खानों के पास स्थित संयंत्रों में शुष्क ईंधन स्टॉक की स्थिति गंभीर नहीं होती है। वहीं जो संयंत्र कोयला खानों के पास नहीं हैं, उनके लिए कोयला दूरदराज से पहुंचाना पड़ता है। इसलिए कोयला आपूर्ति के लिए रेलवे को नियमित आधार पर कोयला परिवहन के लिए प्रतिदिन अतिरिक्त रैक उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

कहां रुकेगा पीछे खिसकता लोकतंत्र

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है।

देश में आम चुनाव की गहमागहमी है, लेकिन दुनिया में भारतीय लोकतंत्र का बैकस्लाइड (पीछे खिसकना) चर्चा का विषय बना हुआ है। दुनिया भर में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिति पर नजर रखने वाली प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्थाओं की नजर में भारत की स्थिति पिछले कुछ सालों में बदतर होती गई है। लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईसी) ने भारत को एक 'फ्लॉड डेमोक्रेसी' (गड़बड़ लोकतंत्र) माना है और 2016 से 2023 के बीच प्रकाशित उसके अध्ययनों में भारत का स्थान 27 वें से गिरकर 53 वां हो गया है।

कुछ समय पहले ईआईसी ने सूचना जारी की कि भारतीय अधिकारियों ने उसके जिम्मेदार लोगों से संपर्क किया और उनसे आग्रह किया कि अपने निष्कर्ष निकालने के लिए वे उन्हीं आंकड़ों और तथ्यों का इस्तेमाल करें, जो भारत सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से जारी किए गए हैं। संस्था की ओर से इस बारे में साफ मनाकर दिया गया, लेकिन यह बात सामने आने से भारत की छवि थोड़ी और खराब हुई। अमेरिकी थिंकटैंक 'फ्रीडम हाउस' की ओर से भारत को 'पार्शियली फ्री डेमोक्रेसी' (आंशिक रूप से उन्मुक्त लोकतंत्र) घोषित किया गया है। अमेरिका में इस संस्था को मूल्यगत दृष्टि से एक ऊंचा मुकाम हासिल है।

इसके भावों का अनुगमन करते हुए कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने पहले अवमानना के मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता निलंबित करने और फिर आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ एहतियाती बयान जारी किए तो भारत सरकार की ओर से अमेरिकी राजदूत से जवाब तलब कर लिया गया। शायद यह सख्ती देखकर ही अमेरिकी सरकार ने लोकतांत्रिक मानकों पर भारत की गिरावट को तूल न देने का रवैया अपनाया। इस तरह का तीसरा बड़ा नाम स्वीडन के वी-डेम इंस्टीट्यूट का है जिसने कुछ ज्यादा ही तीखा रवैया अपनाते हुए भारत को लोकतांत्रिक देशों में भी शामिल नहीं किया है और इसे 'इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी' (चुनाव करा लेने वाली निरंकुश व्यवस्था) करार दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि चीन की एकदलीय कम्युनिस्ट प्रणाली की तुलना में भारत को एक तरह का लोकतंत्र ही माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है। आगे जैसे लक्षण हैं, 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था वाले सारे संविधान संशोधन यहां अमल में उतारे जा सके तो संसाधनों की कमी से हिले विपक्ष का रहा-सहा ढांचा भी खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएगा।

हाल में सत्ता की करीबी न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ एक बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोकतंत्र पर चिंता जाहिर करने वाले पश्चिमी बौद्धिकों और संस्थाओं को अज्ञानी बताया, साथ ही कहा कि उनकी सरकार भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' मानते हुए इसे और व्यापक बनाने के लिए काम कर रही है। पश्चिम की दलीलों की काट करने के लिए उन्होंने बताया कि जिस देश में पांच लाख ग्राम पंचायतों में मुखिया और सदस्य चुने जाते हों, उसके लोकतंत्र को कमजोर भला कौन समझदार व्यक्ति कहेगा? यह भी कि शायद ही देश का कोई राजनीतिक दल ऐसा हो जिसकी किसी न किसी राज्य में सरकार न हो या सरकार में किसी न किसी रूप में उसकी भागीदारी न हो। दूसरी तरफ डेमोक्रेसी इंडेक्स में भारत की स्थिति सुधारने के लिए भी उनकी कोशिशें जारी हैं।

> गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं।

इसमें एक तरह की कोशिश का जिक्र ऊपर आ चुका है। यानी लोकतंत्र की कसौटियां बनाने और उन पर विभिन्न देशों को आंकने वाली संस्थाओं से संपर्क करके सीधे उन्हें मैनेज करने का प्रयास करना। उद्योग-व्यापार से जुड़े बहुत सारे इंडेक्सेज में ऐसी कोशिशें कारगर हो चुकी हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाएं भी भारत के आधिकारिक आंकड़ों को अपने आंकड़े की तरह जारी करने के लिए तैयार हो जाती हैं, लेकिन जब कोई बात बिल्कुल ही उनके हिसाब से बाहर होने लगती है तो उनकी ओर से ऐसा बयान भी आता है कि हम खुद आंकड़े नहीं जुटाते, यह भारत का अपना आंकड़ा है।

लोकतंत्र से जुड़े मानकों के मामले में इस तरह की कोशिशें कामयाब नहीं हो पा रही हैं तो इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो चीजें राजनीति में इतनी फायदेमंद साबित हो रही हैं और विदेशों में हिंदुत्व वाला एनआरआई जनाधार भी जिनसे इतना खुश है, मोदी सरकार उनसे ज्यादा दूर जाती हुई नहीं दिखना चाहती। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से विभिन्न मंत्रालयों को डेमोक्रेसी इंडेक्स का ध्यान रखने के जो निर्देश चुपचाप भेजे गए हैं, उनकी सबसे ज्यादा उपेक्षा गृह मंत्रालय द्वारा की गई है, जबकि इंडेक्स में नीचे खींचने वाले ज्यादातर मामले इस मंत्रालय से ही जुड़े हैं। कश्मीर में बात-बात पर इंटरनेट बंद करना, वहां विधानसभा चुनाव कराना तो दूर, ऐसी कोई संस्था आगे वहां होगी भी या नहीं, इस पर सन्नाटा खींच लेना, पत्रकारों समेत बहुत बड़ी तादाद में लोगों को जेल में डाल देना गृह मंत्रालय का ही कमाल है। अल्पसंख्यकों की असुरक्षा, मणिपुर हिंसा और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग तक भारतीय लोकतंत्र को घुन खाई चीज बताने वाले और भी कितने ही मामले इस मंत्रालय से जुड़े हैं, लेकिन दूसरी ओर, केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा उत्तेजना पैदा करने वाले हनकदार चुनावी मुद्दे भी गृह मंत्रालय ही मुहैया करा रहा है।

गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं। इसके विपरीत पूरी तरह हवा-हवाई, पौराणिक बातें करने वाले, सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले, दिन-रात झूठ बोलने वाले लोगों को देश का बड़े से बड़ा मंच सहज ही उपलब्ध हो जा रहा है। ऐसे में विपक्ष अगर एक-दो चुनाव जहां-तहां जीत भी जाए तो लोकतंत्र से खेलने वाली शक्तियां उसे खिलौना बना छोड़ेंगी।

प्रसंगवश

जीवन की सामाजिक वास्तविकता

सामाजिक परिवर्तन के संबंध में सामाजिक पॉजिटिविटी अर्थात् समाज को रचनात्मक दृष्टि प्रदान करने का विषय और सामाजिक निगेटिविटी अर्थात्स माज को विघटित करने के प्रयास के साथ-साथ आज के लोकतांत्रिक राजनीति में एक महत्वपूर्ण तत्व है सामाजिक रियलिटी या सामाजिक वास्तविकता।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सामाजिक वास्तविकता किसी भी युग में चाहे वह राजशाही का युग रहा हो, चाहे वह आधुनिक वैज्ञानिक लोकतांत्रिक युग ही क्यों न हो सर्वथा दोषमुक्त और न्यायसंगत नहीं रही है। व्यवस्थागत अन्याय और दोष को मानव को सदैव झेलना पड़ा है, जिसे सामंजस्य स्थापित करते जीवनयापन कहा जाता है। व्यवस्थाओं में समुदाय, संप्रदाय और समाज भले बलशाली हो जाए अदना मानव अदना ही रह जाता है।

नैतिक दायित्व के रूप में दोष निवारण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष भी अनवरत चलते रहे हैं। सामाजिक आंदोलन और तथाकथित क्रांतियां भी होती रही हैं। आंदोलन और क्रांतियों के सूत्रधार व्यवस्था में प्रतिष्ठित भी होते रहे हैं, पर यह भी एक कटु सत्य है कि सूत्रधार व्यवस्थागत दोष के अंग भी बन जाते हैं। परिणामस्वरूप पुरातन विषमता दूर होने के बजाय समाज अन्य प्रतिगामी विषमता से ग्रसित हो जाता है। फिर मानव को किसी न किसी रूप में पुरातन और आधुनिकतम विषमताओं के घालमेल को झेलना ही पड़ता है। व्यवस्थाओं में न्याय-अन्याय द्वंद्वात्मक रूप से संश्लेषित होकर एकाकार हो जाते हैं। युगानुरूप न्याय अन्याय की मात्राएं, मान्यताएं और स्वरूप भिन्न-भिन्न होते हैं जिनके अनुरूप जीवन जीना ही जिंदगी कहा जाता है। मानव अपनी जिंदगी में जीता है-रियलिटी पर, पर पूरी जिंदगी उलझा रहती है पाजिटिविटी और नेगेटिविटी में ही।

अंततः मानव को किसी न किसी रूप में इसे आस्था के रूप में बुद्धि-विवेक में बैठाना पड़ता है। भौतिक नियम तथा नैतिक नियम दोनों ही ईश्वर की इच्छा के अनुसार संचालित होते हैं। अन्यायों, अनिष्टों से छुटकारा ईश्वर की कृपा के अधीन ही है-ऐसा मानते हुए एक ईश्वर को अवतरित कर देते हैं और उसकी कृपा पाने के लिए स्तुतियों की रचना करने लगते हैं।

भारत को बदलने की सोच वाले थे राजीव गांधी

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा।

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस

21 मई 1991 में 46 वर्ष की उम्र में राजीव गांधी, तमिलनाडु में लिट्टे द्वारा किए गए आत्मघाती विस्फोट में शहीद हो गए थे। राजीव गांधी को कई नई पहलों और शुरुआत का जनक माना जाता है जिसके अंतर्गत संचार क्रांति, कंप्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। उन्होंने कई साहसिक कदम भी उठाए थे जिनमें असम समझौता, पंजाब समझौता, मिजोरम समझौता, श्रीलंका में शांति सेना का भेजा जाना आदि शामिल हैं।

राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मानसून के दगा देने के चलते देश में भयानक अकाल पड़ा था। उस वक्त उन्होंने देश के अलग-अलग इलाकों को दौरा किया। स्वतंत्रता दिवस पर उनके भाषणों में बेरोजगारी और गरीबी के लिए चिंता साफ दिखती थी, लेकिन लोगों के दिलों में यह बात थी कि उनका नेता जरूर कोई न कोई रास्ता निकाल लेगा। चुनौतियां बनी रही, लेकिन राजीव हर साल लोगों को नौकरियों की दुहाई देते रहे। राजीव ने 1987 में लाल किले की प्राचीर से कहा था कि युवकों में एक निराशा कभी-कभी दिखलाई देती है। देश के करोड़ों युवक काम ढूंढ नहीं पाते हैं। रोजगार नहीं पाते हैं। हमारी कोशिश है कि ढांचे में जो कमजोरियां हैं उनको दूर करने का काम किया जाए।

राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा। इससे उनका इशारा साफ था कि सत्ता संरक्षित दलाली उनकी सरकार में नहीं चलेगी। 1986 के अपने भाषण के दौरान उन्होंने न सिर्फ भारत को संबोधित किया, बल्कि उन विविधताओं के बारे में बात कि जिनसे भारत बनता है। उन्होंने कहा था- "एक भारतीय होने का मतलब यह नहीं है कि हम केवल देश के निवासी हैं हमारे पास संस्कृतियों की विविधता है। हम अलग-अलग धर्मों के हैं- हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी और बौद्ध हम सभी धर्मों और आस्था को सम्मान देते हैं। इसी तथ्य से हमारी ताकत और एकता बढ़ती है। यही एकमात्र रास्ता है जिसका हमें अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि हमारी ताकत हमारी विविधता में निहित है।"

1985 की बात है। भारत के राजीव गांधी सूखा प्रभावित ओडिशा के कालाहांडी जिले में दौरे पर थे। उन्होंने कहा था कि सरकार जब भी एक रुपया खर्च करती है तो लोगों तक 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। यहां राजीव बीच के भ्रष्टाचार का जिक्र कर रहे थे। अपने उस भाषण में राजीव ने कहा था कि देश में बहुत भ्रष्टाचार है। राजीव कहते हैं कि भ्रष्टाचार ग्रासरूट लेवल पर है जिसे दिल्ली से बैठकर दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत की साक्षरता दर में सुधार करने के लिए कई उत्कृष्ट प्रयास किए। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना हुई। भारत में शिक्षा को एक नई दिशा और नया बल प्रदान करने के उद्देश्य से 1986 की नई शिक्षा नीति उन्हीं के कार्यकाल में लाई गई। पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में श्री गांधी की रुचि पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों में दिखाई देती है।

धरती और जीवन के लिए आसन्न संकट को भांपते हुए उन्होंने संसद में पर्यावरण (संरक्षण) विधेयक, 1986 पेश किया। इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित किया और 23 मई 1986 को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। इसके अलावा श्री गांधी ने 1952 की राष्ट्रीय वन नीति की समीक्षा भी कराई और 1988 की नई वन नीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नई नीति ने वन संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर बल दिया।

भारत की सर्वप्रथम जल नीति भी राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद द्वारा 1987 में तभी अपनाई गई जब राजीव गांधी इस परिषद के अध्यक्ष थे। मुझे आज भी भरोसा है कि राजीव गांधी की हत्या भले ही लिट्टे ने की हो, लेकिन उसके पीछे साजिश में वे देश थे, जो राजीव गांधी के विकास के दूरगामी कदमों से हिले हुए थे, वे लोग थे, जो हथियारों के दलाल थे और वे लोग भी थे, जो जान गए थे कि यदि प्रगति के मुद्दे पर चुनाव हुए तो राजीव को कभी भी हराना संभव नहीं होगा। राजीव गांधी की हत्या एक तेजी से बढ़ते देश की योजनाओं और सपनों की हत्या थी।

सोशल फोरम

हवा चली नहीं कि बिजली गुल

पिछली रात बिजली नहीं थी। अंधेरा हुआ नहीं कि तेज हवा चली और कुछ बूंदें भी गिरीं। हमेशा की तरह बिजली वालों ने लोड शेडिंग कर दी। पूरा गांव अंधकार में डूब गया। ये बिजली वाले भी कमाल के लोग हैं। पोल लगाए हैं। पोल को जितने अंदर तक जमीन में गाड़ना चाहिए उसकी एक चौथाई गहराई तक गाड़कर काम पूरा कर दिया।

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब पोल तारों के सहारे खड़े हैं और तार पोलों के सहारे झूलते। यह पोलों और तारों की जुगलबंदी बिजली विभाग के लोगों के लिए वरदान है, आय का साधन है। हवा चली नहीं कि बिजली गुल। कुछ पोल गिरते भी हैं और कुछ बेशर्मों की तरह खड़े भी रह जाते हैं, लेकिन कागज पर गिरने से उन्हें कौन रोक सकता है? बिल बनाने में मालिकों को कौन रोक सकता है? आप कहेंगे, भले मानस, जब ऐसे में जीने के लिए मजबूर हो तो इन्वर्टर और स्टेबलाइजर क्यों नहीं लगवा लेते? तो भाई, लगे है इन्वर्टर और स्टैबिलाइजर भी, लेकिन दिन भर में दस बार लोड शेडिंग हो और वोल्टेज की अनवरत उठापटक हो तो बेचारे क्या कितना कर लेंगे। चुक जाते हैं, खराब होते रहते हैं। ठीक करने वाले मिस्त्री नहीं मिलते। वैज्ञानिकों ने मेहनत की, कुछ तो हमारे वेदों से पुरातन ज्ञान चुराने में और कुछ उनको नई पोशाक पहनाकर बाजार में लाने में। विदेशों में तो इसी बूते पर सब चल रहा है। खूब लूटा उन्होंने। जब टेक्नोलॉजी वहां घिस-पिट जाती है तो भारत में आती है। टेक्नोलॉजी का काम करवाने के लिए आदमी चाहिए। आदमी तो इंपोर्ट नहीं करोगे। मिस्त्री और इंजीनियर तो देशी ही होंगे, लेकिन वे जुगाड़ हैं और उससे भी ज्यादा बिगाड़ हैं। तभी तो रिपोर्ट आई कि अस्सी प्रतिशत इंजीनियर अनइंप्ल्वायेबल हैं।

सरकार ने, कॉलेजों ने, जनता ने, लीडरों ने, सबने हें-हें कर दिया। इस देश के अर्थशास्त्री भी तो अर्धशास्त्री ही हैं। गुड फॉर नथिंग। तो इन्वर्टर मिस्त्री के आने की प्रतीक्षा कर रहा है। गनीमत है कि तीस बरस ठंडे मुल्क में रहने के बाद भी शरीर न भूला कि पसीना निकालकर उसे खिड़की से आने वाली हवा के कतरों से सुखाकर कुछ आराम मिल सकता है। सो शरीर ने किया। कुछ राहत हुई। **-फेसबुक वॉल से**

तेजी से बदल रहा बद्रीनाथ

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं।

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल में चमोली जनपद के जोशीमठ से 44 किलोमीटर दूर 3133 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचें, तो एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां चमकती दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर घाटी में बहती अलकनंदा दहाड़ते स्वर में स्वागत करती है। यहीं पर है हिंदुओं का पवित्र धाम बद्रीनाथ, पर बद्रीनाथ पहले वाला बद्रीधाम नहीं रहा जहां शांति थी, देवदार और भोजपत्र थे। अब यह धर्म क्षेत्र के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में ज्यादा प्रतिष्ठित हो गया है।

जोशीमठ से विष्णु प्रयाग के पास पुल पार कर दो विशालकाय पहाड़ियों के बीच से एक सर्पिला रास्ता बद्रीनाथ को जाता है। रास्ते भर अलकनंदा विपरीत दिशा में आपके साथ-साथ चलती है। भले ही नदी और आप विपरीत दिशा में जा रहे हों, पर हरे-भरे पहाड़ों से गिरे इस उनींदे रास्ते में बाल सुलभ क्रीड़ा कौतुक करती यह नदी जैसे अपने मोहपाश में बांध लेती है। पहले यह रास्ता वन-वे था, लेकिन अब सड़क काफी चौड़ी कर दी गई है। चौड़ी सड़क यानी ज्यादा गाड़ियों की भीड़।

बद्रीनाथ में भीड़तंत्र साफ नजर आता है। चारों ओर कंक्रीट का जंगल और बीच में मंदिर कहीं खोया सा गया लगता है। नगर में तब्दील हो गए बद्रीनाथ में अधिकतर लोग अब जैसे मौज मस्ती के लिए आते हैं। गंगाजल से आचमन करने की आदत बनी है तो करेंगे ही, पर साथ ही युवाओं की कोल्ड ड्रिंक को धीरे-धीरे गटकने के बाद खाली टीन को हवा में लहराकर नदी में फेंकने की शहरी आदत भी बन गई है। सन्नाटे को चीरता हुआ टीन गुम हो जाता है अलकनंदा नदी की अथाह गहराई में। पहले लोगों का विश्वास था कि बद्रीनाथ जाए बिना मुक्ति नहीं मिल सकती। यही कारण था कि पुराने वक्त में बद्रीनाथ की यात्रा को अंतिम यात्रा मानकर लोग घर बार छोड़कर निकल पड़ते थे। दरअसल तब यात्रा मार्ग इतना दुर्गम था कि श्रद्धालु लौटने की उम्मीद कम ही रखते थे। आज के बद्रीनाथ की सुगमता को देखकर भले ही यह काल्पनिक लगे पर सच यही था। जाहिर है तब बद्रीनाथ जाना खुद को जोखिम में डालने से कम नहीं रहा होगा। बद्रीनाथ वह स्थान है, जहां नर नारायण पर्वत और नीलकंठ चोटी है और जहां से पांडव माणा गांव के रास्ते अपनी अंतिम यात्रा पर गए थे। यहां अलकनंदा नदी भी है, जो देवप्रयाग में भागीरथी से संगम कर गंगा नाम से बहती है। बद्रीनाथ में गंगा वह नहीं है, जो कानपुर या पटना में है। हालांकि यहां भी नदी में गंदगी जा रही है। कानपुर में नदी को देखकर लगता है कि डबरे में नहाकर कोई शूकर बीच सड़क पर खड़ा हो गया हो और पटना में गंगा महिषी की तरह बेपरवाह होकर पसर गई है। ऐसे में अपने उद्गम स्थल पर भी गंगा में बदलाव होना दिखना लाजमी है।

केदारनाथ धाम जाने के लिए जहां आपको पैदल यात्रा करनी पड़ती है, वहीं बद्रीनाथ तक आप सीधे वाहन से जा सकते हैं। पहले सड़क संकरी थी, वन-वे यातायात नियम लागू था और गेट सिस्टम के अनुसार वाहन छोड़े जाते थे। तब वाहनों की संख्या कम थी, लेकिन अब सड़क चौड़ी हो गई है तो वाहनों की संख्या भी बहुत बढ़ गई है। वाहनों के इस भारी संख्या से उपजा दबाव और उनका काला धुआं इस नाजुक हिमालय क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को कितना नुकसान पहुंचता होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। ज्यादा भीड़, ज्यादा दुकानें और ज्यादा होटल मतलब गंदगी भी ज्यादा। गंदगी ने बद्रीनाथ को भी अपना मित्र बना लिया है, जहां तप्त कुंड हैं वहां भी गंदगी दिखाई देती है।

धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं। यही नहीं कुछ लोग साबुन से कपड़े धोते हुए भी दिखलाई देते हैं और यह गंदगी सीधे अलकनंदा में समाती है। कभी बद्रीनाथ में आध्यात्मिक शांति मिलती होगी। कोई समय रहा होगा जब यहां वन्य जीव विचरते थे या पेड़ों की पत्तियों पर ओषजन प्राण वायु के झोंके उछल कूद करते थे, पर अब यहां वाहनों के ईंधन के धुएं से निकलती जानलेवा कार्बन मोनोऑक्साइड और ध्वनि प्रदूषण ज्यादा है। लोगों की भीड़, दुकानदारों की आवाज और होटल धर्मशालाओं के जेनरेटरों की आवाज के साथ माहौल को मेले का रूप देने के लिए शोर का अटूट भंडार है। अब अलकनंदा के दोनों और खाली जमीन नहीं बची है। मुख्य मंदिर को चारों ओर से मकानों ने ढक सा दिया है।

ऋषि गंगा और अलकनंदा की धाराओं के संगम पर स्थित बद्रीनाथ को कभी बद्री वन के नाम से जाना जाता था। बद्री का शाब्दिक अर्थ 'बेर' होता है। कहते हैं कभी इस स्थान पर बेरो के जंगल हुआ करते थे, पर आज उनका अस्तित्व कहीं नजर नहीं आता। आज तो ऑक्टोपस की विशाल बाहों की तरह होटल, धर्मशालाएं और आश्रम चारों तरफ पसरे पड़े हैं। उनकी विकराल दाढ़ में पहले पेड़ समाते हैं, फिर चट्टानें और अब नंबर है अलकनंदा की धार का। बद्रीनाथ में आपको हर सुविधा के दीदार हो जाएंगे। यहां बाजार, बैंक, डाकघर, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाएं सभी कुछ हैं। पूजा सामग्री, सीडी, मालाएं, चित्रों, पेय पदार्थ, आइसक्रीम आदि से सजी सैकड़ों दुकानें हैं। किसी चीज की कमी नजर नहीं आती। सीजन टाइम में सामग्री के रेट भी बढ़ जाते हैं। ऊनी कपड़ों, कालीनों की दुकानें भी आपको यहां मिल जाएंगी, लेकिन इन तमाम सुख सुविधाओं का नकारात्मक पक्ष यह है कि जिस सुकून की तलाश में आप बद्रीनाथ धाम आए हैं, वह शायद आपको न मिल पाए। रोजमर्रा का माया जंजाल यहां भी आपका पीछा नहीं छोड़ता।

आपका पत्र

रोकनी होगी अन्न की बर्बादी

वैसे तो भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता का दर्जा प्राप्त है, लेकिन अन्न की बर्बादी के मामले में हम किसी से कम नहीं हैं। चाहे हमारे यहां शादियां हों या भंडारे सभी जगह भोजन की बर्बादी देखी जाती है। दुनिया में खासकर भारतीय लोगों में अपने अन्न के प्रति बर्बादी कहीं अधिक देखी जाती है, जहां एक ओर काफी बड़ी संख्या में लोग भुखमरी के शिकार हैं, उनको एक समय का भोजन भी नहीं मिलता है, वहीं दूसरी ओर तमाम कार्यक्रमों और घरों में भोजन की बर्बादी बहुत बड़ी मात्रा में की जाती है।

हमारा मानना है कि 'उतना ही ले थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में'। भोजन की बर्बादी के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। इसमें मीडिया की भी सकारात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, हल्द्वानी।

राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाने की सियासत

दल	उम्मीदवार	मत मिले
भाजपा	श्यामा चरण गुप्ता	3,13,772
सपा	कुंवर रेवती रमण सिंह	2,51,763
बसपा	केशरी देवी पटेल	1,62,073
कांग्रेस	नंद गोपाल गुप्ता नंदी	1,02,453



- भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और सपा से कांग्रेस में आए उज्ज्वल रमण सिंह के बीच छिड़ा है रोचक मुकाबला
- लाल बहादुर शास्त्री, बहुगुणा, जनेश्वर मिश्र, मुरली मनोहर जोशी और अमिताभ बच्चन कर चुके यहां का प्रतिनिधित्व
- बीते चार दशक से यहां जीत दर्ज करने के लिए तरस रही है कांग्रेस, क्या इस बार खत्म हो पाएगा पार्टी का सूखा
- अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेताओं को ही मिलती रही जीत, ब्राह्मण तय करते रहे चुनावी दिशा

इलाहाबाद संसदीय सीट

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारा। संगम नगरी इलाहाबाद (प्रयागराज) लोकसभा सीट से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी और दिग्गज समाजवादी जनेश्वर मिश्र जैसे नेता चुनाव लड़कर संसद पहुंचे और आज भी याद किए जाते हैं। इनके अलावा महानायक अमिताभ बच्चन भी इलाहाबाद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह 1984 के चुनाव में यहां जीते थे, तब से कांग्रेस इलाहाबाद में जीत के लिए तरस रही है।

साल 2014 से यह सीट भाजपा के पास है और इस बार पार्टी हैट्रिक लगाने की उम्मीद पाले हैं। इलाहाबाद में अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेता ही जीत हासिल करते रहे हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि यहां ब्राह्मण ही राजनीति की दिशा तय करते हैं। इसी समीकरण के चलते भाजपा ने अपनी सांसद रीता बहुगुणा जोशी के स्थान पर राज्य के कद्दावर नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने सपा से आए उज्ज्वल रमण सिंह पर दांव लगाया है। उज्ज्वल के पिता रेवती रमण सिंह भी दिग्गज नेताओं में शुमार रहे हैं। वह आठ बार विधायक रहने के साथ इलाहाबाद से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। उज्ज्वल करछना से दो बार विधायक और अखिलेश यादव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

2022 के विधानसभा चुनाव में वह नौ हजार मतों से चुनाव हार गए थे। उज्ज्वल चुनाव से पहले सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अपना दल कमेरावादी से हंसराज कोल चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि बसपा ने रमेश पटेल को मैदान में उतार रखा है।

2019 लोकसभा जनादेश

भाजपा	सपा	कांग्रेस
55.62 %	34.89 %	3.59%
4,94,454 मत	3,10,179 मत	31,953 मत
रीता बहुगुणा जोशी	राजेंद्र सिंह पटेल	योगेश शुक्ला

पांच में चार विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में मेजा, करछना, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव कुल पांच विधानसभा सीटें हैं। बारा और कोरांव विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इन पांच सीटों में से 2002 के चुनाव में भाजपा ने चार सीटों पर जीत हासिल की थी। केवल करछना सीट सपा के पास है।

उज्ज्वल रमण सिंह – कांग्रेस।

नीरज त्रिपाठी – भाजपा।

रमेश सिंह पटेल – बसपा।

...जब वीपी सिंह निर्दलीय लड़कर बने सांसद डॉ. जोशी की जीत से खुला भाजपा का खाता

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव और तीन बार उपचुनाव हुए हैं। 1952 से 1971 तक यहां कांग्रेस का कब्जा रहा है। 1973 में भारतीय क्रांति दल से जीते जनेश्वर मिश्रा ने कांग्रेस के वर्चस्व तोड़ा था।

इसके बाद 1984 में कांग्रेस यहां जीती, जब अमिताभ बच्चन कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। भाजपा का यहां खाता 1996 में मुरली मनोहर जोशी की जीत के साथ खुला।

जोशी ने 1996 से 1999 तक लगातार तीन बार यहां से जीत हासिल की। 2004 और 2009 में सपा के रेवती रमण सिंह जीते। लेकिन 2014 की मोदी लहर में यह सीट भाजपा ने फिर वापस छीन ली।

भारतीय जनता पार्टी से उतरे श्याम चरण गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के रेवती रमण सिंह को करारी शिकस्त दी। 2019 के चुनाव में भाजपा से उतरीं रीता बहुगुणा जोशी ने सपा के राजेंद्र सिंह पटेल हरा दिया था।

भाजपा के लिए वोट बैंक संभाले रखने की चुनौती

- वोटों की उठापटक के बीच यह चुनाव भाजपा और सपा-कांग्रेस से जुड़े दो सियासी परिवारों की जंग होने के कारण दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने पिछले दो चुनावों में इलाहाबाद में ब्राह्मणों और निषादों के साथ अति पिछड़ी जातियों का गठजोड़ बनाया था। यहां ब्राह्मण और निषाद मतदाता पांच लाख से ज्यादा हैं। भाजपा इस बार भी इनके साथ ही करीब दो लाख पटेल मतदाताओं को भी अपना परंपरागत वोट बैंक मान रही है। लेकिन मेजा से सपा विधायक संदीप पटेल के अलावा ब्राह्मण तथा निषाद बिरादरी के कई नेता कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल के साथ मजबूती से खड़े नजर आ रहे हैं। उधर, बसपा के रमेश पटेल भी इस बार पटेल मतों में सेंधामारी कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा के सामने अपने वोट बैंक में बिखराव रोकना बड़ी चुनौती है।

मतदाताओं की चुप्पी बढ़ा रही प्रत्याशियों की चुनौती

- इलाहाबाद में लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में आने के साथ रोचक मोड़ लेता नजर आ रहा है। मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों की चुनौती बढ़ा रही है। यहां ब्राह्मण तथा भूमिहार मतदाताओं की भूमिका निर्णायक मानी जाती है। लेकिन इस बार अनुसूचित जाति के वोटर भी जीत-हार का फैसला कर सकते हैं, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है। पिछड़ों में अगर निषाद, कुर्मी मतदाताओं की संख्या काफी है और उनके वोटों के लिए भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी में घमासान छिड़ा है।

पहली बार दलित और कोल मतदाता हुए महत्वपूर्ण

- लोकसभा क्षेत्र में तीन लाख से अधिक दलित तथा कोल मतदाताओं की इस बार अहमियत काफी बढ़ गई है। अपना दल कमेरावादी के हंसराज कोल सजातीय मतों के साथ अन्य बिरादरी का वोट हासिल करने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो बसपा के रमेश पटेल इन मतों को अपना परंपरागत वोट बैंक मानकर अगड़ा-बनाम पिछड़ा मुद्दे पर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। लेकिन पिछले चुनावों में यहां बसपा के कमजोर होने के कारण दलित मतदाताओं का भाजपा की तरफ झुकाव रहा है।

जातीय गोलबंदी : सेंधमारी से बचने के लिए घेराबंदी

फूलपुर संसदीय सीट

दिग्विजय सिंह

अमृत विचारा। प्रयागराज से सटी फूलपुर लोकसभा सीट इस समय चर्चा में है। रविवार को यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भीड़ के बेकाबू हो जाने और बैरीकेड तोड़कर मंच तक पहुंचने के कारण भाषण दिए बिना वापस लौटना पड़ा था। फूलपुर में इस बार भाजपा और सपा के बीच कांटे के संघर्ष में बसपा त्रिकोण बनाने की जगह खोज रही है। मजे की बात यह है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी भी पहले बसपा में रह चुके हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर पहली बार कमल खिला था। केशव प्रसाद मौर्य चुनाव जीते थे, लेकिन 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो केशव प्रसाद मौर्य योगी सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद हुए उपचुनाव में सपा ने भाजपा को हरा दिया। हालांकि 2019 में भाजपा ने फिर इस सीट पर कब्जा कर लिया।

प्रवीण पटेल – भाजपा।

अमरनाथ मौर्य – सपा।

जगन्नाथ पाल – बसपा।

पिछड़ा वर्ग में कुर्मी मतदाता तय करते हैं जीत-हार

- फूलपुर में पिछड़े वर्ग के मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। खासकर कुर्मी मतदाता यहां जीत-हार तय करते रहे हैं। वर्ष 1977 के बाद हुए चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार यहां चुनाव जीते हैं। अगड़ी जाति से 2009 में कपिल मुनि करवरिया के अलावा 2004 में अतीक अहमद को ही जीत मिली थी। पिछड़ी जाति में भी नौ मर्तबा कुर्मी उम्मीदवार ही फूलपुर से संसद पहुंचे हैं। इस जातीय समीकरण को देखते हुए ही भाजपा ने इस बार यहां अपनी सांसद केशरी पटेल के स्थान पर फूलपुर विधानसभा सीट से 2022 में लगातार दूसरी बार चुनाव जीते अपने विधायक प्रवीण पटेल को उतारा है। प्रवीण पटेल ने पहली बार 2007 में बसपा से झूंसी विधानसभा सीट पर चुनाव जीता था। इसके बाद 2017 और 2022 में उन्होंने भाजपा से फूलपुर सीट पर चुनाव जीता। सपा ने यादव व मुस्लिम मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों का ध्रुवीकरण कराने की नीयत से अमर नाथ मौर्य को मैदान में उतारा है। अमरनाथ विधानसभा चुनाव में इलाहाबाद शहर पश्चिमी से टिकट कटने के बाद भी पूरी निष्ठा से पार्टी से जुड़े रहे। इसी कारण सपा अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में उन्हें मौका दिया। अमरनाथ इससे पहले बसपा से 2002 में शहर पश्चिमी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़े थे। वह दो बार जिला कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। सपा की कोशिश चुनाव को कुर्मी बनाम अन्य पिछड़ा वर्ग बनाकर मुस्लिम मतों के सहारे जीत हासिल करने की है। बसपा ने पार्टी के प्रयागराज मंडल के जोन प्रभारी जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है। वह पुराने कार्यकर्ता हैं। कांशीराम जब फूलपुर से लोकसभा का चुनाव लड़े थे, तो उनके कार्यालय का संचालन जगन्नाथ पाल ही करते थे। यहां बसपा की रणनीति एक लाख जाटव और ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं के साथ गैर कुर्मी पिछड़ा वर्ग के वोटरों को साधने की है। अपना दल कमेरावादी ने महिमा पटेल पर दांव लगाया है।

55.68% भाजपा को मिले थे 2019 के चुनाव में वोट

46.95% सपा ने पाए थे 2018 के उपचुनाव में वोट

तीन लाख कुर्मी, दो लाख यादव के अलावा तीन लाख अन्य पिछड़ी जाति के मतदाता

- फूलपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक तीन लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है। पिछड़ी जाति के अन्य मतदाताओं की संख्या तीन लाख से अधिक है। करीब ढाई लाख मुस्लिम व ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। अगड़ी जातियों में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब दो लाख है। शहर के दोनों विधानसभा क्षेत्रों शहर उत्तरी एवं पश्चिमी में कायस्थ मतदाताओं की संख्या भी दो लाख तक है।

बीते तीन चुनावों में दो बार भाजपा को मिली है इस सीट पर जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा की केशरी देवी पटेल ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,44,701 वोट मिले थे। सपा के पंधारी यादव 3,72,733 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर और कांग्रेस के पंकज पटेल 32,761 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। इससे पहले 2018 के उपचुनाव में सपा के नागेंद्र पटेल 3,42,922 वोट पाकर जीते थे। भाजपा से उतरे वाराणसी के पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह पटेल को 2,83,462 और निर्दलीय उम्मीदवार अतीक अहमद को 48,094 वोट मिले थे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के केशव प्रसाद मौर्य 5,03,564 पाकर जीते थे। सपा के धर्मराज सिंह पटेल को 1,95,256, बसपा के कपिल मुनि करवरिया को 1,63,710 तथा कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद कैफ को 58,127 मत मिले थे।

- भाजपा से फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल और सपा के अमरनाथ मौर्य के बीच मुकाबले में बसपा भी कम नहीं
- भाजपा प्रत्याशी बसपा से रह चुके विधायक, जबकि सपा उम्मीदवार बसपा से लड़कर हार चुके विधानसभा चुनाव
- 2014 के चुनाव में पहली बार केशव प्रसाद मौर्य ने खिलाया कमल, लेकिन उपचुनाव में हार गई थी भाजपा
- साल 1977 के बाद हुए लोकसभा चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार ही यहां से चुनाव जीते

पं. नेहरू और रामपूजन के नाम पर हैट्रिक का रिकार्ड

- पं. जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में फूलपुर लोकसभा सीट को अपनी कर्मभूमि मानकर चुनाव लड़ा और वह लगातार 1952, 1957 और 1962 में यहां से सांसद चुने गए। नेहरू के धुर विरोधी रहे समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने 1962 में फूलपुर सीट पर उन्हें चुनौती दी, लेकिन जीत नहीं सके थे। फूलपुर से अब तक सिर्फ दो ही नेता जवाहरलाल नेहरू और रामपूजन पटेल जीत की हैट्रिक लगा पाए हैं। रामपूजन 1984, 1989 और 1991 में इस सीट से सांसद चुने गए थे। 1964 में नेहरू के निधन के बाद उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित फूलपुर से चुनाव जीतकर सांसद बनी थीं। वह 1967 में भी चुनाव जीती थीं। 1969 में यहां से जनेश्वर मिश्र और 1971 में वीपी सिंह चुनाव जीते थे। 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में यहां से कमला बहुगुणा जीती थीं। 1980 में जनता पार्टी (सेक्युलर) के बीडी सिंह के बाद 1984 में कांग्रेस से फिर 1989 और 1991 में जनता दल से चुनाव लड़कर राम पूजन पटेल जीते। 1996 और 1998 में सपा के जंगबहादुर पटेल, 1999 में सपा से धर्मराज पटेल, 2004 में सपा से अतीक अहमद, 2009 में बसपा से कपिल मुनि करवरिया के बाद 2014 में यहां भाजपा का खाता खुला और केशव प्रसाद मौर्य सांसद चुने गए। हालांकि मौर्य के 2017 में विधान सभा चुनाव जीतकर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने पर 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के नागेन्द्र पटेल ने जीत हासिल की थी।

छठे चरण में हरियाणा और दिल्ली में सर्वाधिक प्रत्याशी

चुनाव डेस्क

अमृत विचारा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में सबसे ज्यादा प्रत्याशी दिल्ली और हरियाणा में किस्मत आजमा रहे हैं। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 223 तो दिल्ली की सात सीटों पर 162 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

छठे चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की 10, दिल्ली की सात, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखंड की चार, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। बिहार में 86, हरियाणा में 223, जम्मू-कश्मीर में 20, झारखंड में 93, दिल्ली में 162, ओडिशा में 64, उत्तर प्रदेश में 162 और पश्चिम बंगाल 79 प्रत्याशी मैदान में हैं। आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों में आम आदमी पार्टी के सभी पांच उम्मीदवार, आरजेडी के सभी चार उम्मीदवार, सपा के 12 में से नौ उम्मीदवार, भाजपा के 51 में से 28 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के नौ में से चार, बीजद के छह में से दो और कांगेस के 25 में से आठ उम्मीदवार शामिल हैं।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली से पार्टी की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के लिए मालवीय नगर में प्रचार करते हुए लोगों से कमल खिलाने की अपील की।

44 डिग्री तापमान में मतदान से नहीं लगा फायदे-नुकसान का अनुमान

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। 45 डिग्री तापमान में आसमान से बरसती आग के बीच लोकतंत्र के पर्व में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदाताओं के रुख की थाह लेने में राजनीतिक विश्लेषकों को पसीने छूटते रहे, इसकी वजह यह रही कि बीते चार चरणों में तीन चरण में कम मतदान को लेकर तमाम निहितार्थ निकाले गए थे। लेकिन पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान के आंकड़ों ने हिसाब किताब लगाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं छोड़ा। अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में कमोबेश पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अमेठी लोकसभा क्षेत्र में साल 2019 में 54.08 प्रतिशत मदान हुआ था। इस बार 54.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अंतिम आंकड़े में यह एक फीसदी तक बढ़ सकता है, जिसे बढ़ा हुआ या भारी मतदान नहीं कहा जा सकता। मोहनलाल गंज में 2019 में 62.79 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार यहां 62.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो अभी थोड़ा बढ़कर पिछली बार से आधा प्रतिशत तक अधिक रह सकता है। इसी तरह फतेहपुर में 2019 में 56.79 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है। अंतिम आंकड़ें में यहां भी एक प्रतिशत तक ज्यादा मतदान दर्ज किया जा सकता है, जो परिणाम के लिहाज से कोई बड़ा संकेत करता नहीं नजर आ रहा है। गोंडा में 51.64 प्रतिशत मतदान होने की खबर है, यहां 2019 में 52.20 प्रतिशत वोट डाले गए थे। अंतिम आंकड़े में इस बार भी मतदान 52 फीसदी रहने का अनुमान है। बांदा में भी मतदान पिछली बार जैसा ही रहा। यहां 2019 के 60.8 के मुकाबले 59.64 प्रतिशत मतदान हुआ जो अभी बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच सकता है। इसी तरह फतेहपुर में भी 2019 के 56.79 के मुकाबले 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है, जो अंतिम आंकड़े में थोड़ा बढ़ने पर भी एक फीसदी से अधिक नहीं होने का अनुमान है।

बाराबंकी में चार, रायबरेली में दो फीसदी अधिक वोट पड़े

- बाराबंकी में सबसे अधिक करीब चार प्रतिशत वोट अधिक पड़े हैं। यहां पिछली बार 63.61 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, इस बार 67.10 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है, जो अंतिम गणना में थोड़ा बढ़ सकता है। रायबरेली में करीब दो फीसदी अधिक मतदान की खबर है। यहां 2019 में 56.34 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार दर्ज किया गया 58.04 प्रतिशत मतदान अंतिम आंकड़े में थोड़ा और ऊपर जा सकता है।

- अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने डाले वोट

झांसी में चार, लखनऊ, जालौन व कौशांबी में दो फीसदी कम वोटिंग

- झांसी में 60 फीसदी से ज्यादा मतदान होने के बावजूद पिछली बार से लगभग चार फीसदी कम वोट पड़े हैं। झांसी में 2019 में 67.68 प्रतिशत वोट पड़े थे, इस बार 63.70 प्रतिशत मतदान हुआ है। जालौन में दो प्रतिशत कम वोट पड़े हैं। यहां पिछले चुनाव में 58.49 के मुकाबले इस बार 56.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। कौशांबी में भी करीब दो प्रतिशत मतदान घट गया। यहां 2019 के 54.56 के मुकाबले 52.79 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। हमीरपुर में 2019 की अपेक्षा डेढ़ प्रतिशत कम मतदान का हिसाब लगाया जा रहा है। यहां पिछली बार के 62.32 की अपेक्षा 60.56 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। लखनऊ में पिछली बार से करीब दो प्रतिशत कम वोटिंग हुई। 2019 के 54.78 के मुकाबले यहां 52.23 प्रतिशत मतदान की सूचना है।

प्रयागराज में कल ओवैसी करेंगे सभा

अमृत विचार, प्रयागराज: प्रयागराज में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर सभी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं ने संगम नगरी में जनसभाएं शुरू कर दी हैं। 22 को एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी जनसभा करेंगे। उनके साथ अपना दल कमेराबादी की विधायक डॉ. पल्लवी पटेल भी मौजूद रहेंगी। यह जनसभा फूलपुर लोकसभा से पीडीएम मोर्चा प्रत्याशी महिमा पटेल के समर्थन में की जाएगी। ओवैसी की जनसभा बुधवार शाम 4:00 बजे गंगापार के मऊआईमा इलाके में होगी। नेताओं ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

जनसभा में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली, पूर्वांचल अध्यक्ष, इसरार अहमद, अपना दल कामेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल, राष्ट्रीय उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम, पाल और प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद बिंद भी इस शामिल होंगे।

पूर्व प्रवक्ता अफसर महमूद ने बताया की महिमा पटेल के साथ ही ओवैसी की जनसभा प्रतापगढ़ में आयोजित की गई है। इसके लिए जिला प्रतापगढ़ प्रशासन से अनुमति भी मांगी गयी है।

विधानसभा क्षेत्रों में दिखी अलग-अलग तस्वीर

- फैजाबाद लोकसभा सीट के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा और इंडी गठबंधन में लड़ाई
- कई क्षेत्रों में बसपा व भाकपा ने भी लगाई सेंध
- 2019 में 59.59, इस बार 59.13 प्रतिशत मतदान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: फैजाबाद लोकसभा चुनाव में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में लड़ाई की तस्वीर भी अलग-अलग दिखी। भाजपा और इंडी गठबंधन समर्थित सपा सभी विधानसभा क्षेत्रों में लड़ेगी। कई क्षेत्रों में बूथों पर कहीं त्रिकोणीय टक्कर भी दिखी। बसपा और भाकपा ने भी कई क्षेत्रों में सेंध लगाई है।

बात शुरू करते हैं अयोध्या से। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। यह भाजपा के कब्जे में है। यहां वोटिंग के दौरान मतदाताओं के जो रुझान दिखे उसमें ज्यादातर बूथों पर फूल और साइकिल आमने सामने थी। अंतर ज्यादा होने की संभावना है। वहीं बीच-बीच में हाथी अपनी धमक दिखा रहा था।

बीकापुर विधानसभा क्षेत्र भाजपा के कब्जे में है। विधानसभा चुनाव में सपा यहां रनर रही। यहां टक्कर कमोवेश उसी तरह की मानी जा रही है। यहां भी ज्यादातर बूथों पर साइकिल और फूल की सीधी लड़ाई दिखी। कुछ विशेष क्षेत्र के बूथों पर बसपा काडर के वोटों ने तस्वीर बदलने की कोशिश जरूर की। गिनती के बूथों पर हंसिया-बाली ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र सपा के कब्जे में है। यह स्व. मित्रसेन यादव का क्षेत्र रहा है। उनके पुत्र भाकपा से प्रत्याशी हैं। विधानसभा चुनाव में यहां कांटे की टक्कर हुई थी। इस बार भाकपा प्रत्याशी के मैदान में होने से कई बूथों पर लड़ाई की तस्वीर बदली दिखी। कदमताल में कई बूथों पर बसपा भी इसमें शामिल रही लेकिन प्रभावी नहीं दिखी।

रुदौली विधानसभा क्षेत्र भाजपा के कब्जे में है। यहां एक ओर फूल का बटन दब रहा था तो दूसरी ओर साइकिल दौड़ रही थी। हालांकि विधानसभा चुनाव में बसपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। यदि मतदान का रुझान पहले जैसा रहा। तो कौन किससे आगे निकल जाए कहा नहीं जा सकता है।

दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र भी भाजपा के कब्जे में है। विधानसभा चुनाव में भाजपा और सपा के बीच वोटों का अंतर ठीक-ठाक रहा है। यहां भी क्षेत्रवार दोनों दलों के बीच टक्कर के आसार है। विधानसभा क्षेत्र में मतदान अधिक होने से भी परिणाम पर असर को लेकर चर्चा हो गई है। फिलहाल लड़ाई सीधी होने के आसार हैं। अंतर नहीं कहा जा सकता है।

लल्लू सिंह

अवधेश प्रसाद

सच्चिदानंद

अरविंद सेन

अयोध्या से राजनीतिक दिग्गज हैं मैदान में

अयोध्या : अयोध्या से राजनीतिक दिग्गजों या उत्तराधिकारियों ने चुनाव मैदान में ताल ठोंकी है। भाजपा से पांच बार के विधायक, मंत्री व दो बार के सांसद लल्लू सिंह मैदान में हैं। इंडी समर्थित सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद नौ बार के विधायक, मंत्री रह चुके हैं। विरासत की जंग लड़ रहे अरविंद सेन स्व. मित्रसेन के बड़े पुत्र हैं। बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद राजनीति की नर्सरी के नई पौध है।

2019 के चुनाव जैसा रहा मतदान

अयोध्या में मतदान साल 2019 के लोकसभा चुनाव के आसपास ही रह गया है। उम्मीद थी कि कई मुद्दों और प्रत्याशियों की सक्रियता से इस बार मतदान बढ़ेगा लेकिन मतदान 59 .13 प्रतिशत ही रहा। वर्ष 2019 में मतदान का प्रतिशत 59 .59 था।

भाजपा प्रत्याशी को लेकर जनता में नाराजगी: राजा भैया

अमृत विचार, प्रतापगढ़ : कौशांबी संसदीय क्षेत्र का चुनाव सोमवार को सकुशल संपन्न हो गया। वोटिंग के दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने भी बेती गांव के प्राथमिक विद्यालय पर बने पोलिंग बूथ पर दोपहर 12 बजे मतदान किया।

इसके बाद राजा भैया ने पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद विनोद सोनकर के प्रति कहा कि कहा कि प्रत्याशी को लेकर कुंडा व बाबागंज की जनता में भी नाराजगी है।

मालूम हो कि प्रचार के अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा मानिकपुर में आयोजित एक जनसभा में बिना नाम लिए राजा भैया के खिलाफ टिप्पणी की गई थी। कहा गया था कि राजा ईवीएम से पैदा होते हैं, अब ना कोई राजा रह गया है और ना ही कोई रानी। इस बात को लेकर राजा भैया के समर्थकों में आक्रोश था। जिसे लेकर सोशल मीडिया के अलावा वैसे भी लोगों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

अपनी ढपली अपना राग

देश में नरेंद्र मोदी की सरकार है, हम लोग भाजपा से हैं, एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे।
– अमित शाह

जनता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी है, भाजपा को हरा रही है। नफ़रत की राजनीति से यह देश अब ऊब चुका है।
– राहुल गांधी

गठबंधन की सरकार बनने पर आटा के साथ डाटा भी मुफ्त में दिया जाएगा। गठबंधन की सरकार आएगी तो खुशियों के दिन आएंगे।
–अखिलेश यादव

गुंडे, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों के एक गिरोह का नाम इंडिया गठबंधन है। यहीं गिरोह मोदी को प्रधानमंत्री नहीं रहने देना चाहता।
–केशव प्रसाद मौर्य

इलेक्शन बायस्कोप

राही ब्लाक के मैनूपुर में मतदान का बहिष्कार कर रहे मतदाताओं से बात करते कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी। अमृत विचार

बस्ती: बसपा प्रत्याशी ने मुकाबले को बनाया त्रिकोणीय

- 2019 के संसदीय चुनाव में भी भाजपा ने हरीश पर लगाया था दांव
- बसपा ने नामांकन के आखिरी दिन बदल दिया था प्रत्याशी
- सपा से राम प्रकाश चौधरी हैं मैदान में

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार: बस्ती लोकसभा चुनाव में बसपा प्रमुख मायावती के राजनीतिक पैंतरे से भाजपा और सपा दोनों दलों के उम्मीदवारों का सिरदर्द बढ़ गया है। मायावती की प्रत्याशी बदलने वाली नयी चाल से पहले मुख्य चुनावी मुकाबला मौजूदा भाजपा सांसद हरीश द्विवेदी और उनके पिछले चुनाव के प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी राम प्रकाश चौधरी के बीच माना जा रहा था, लेकिन बसपा ने यहां ऐन वक्त पर ऐसी चाल चली कि मुकाबला त्रिकोणीय हो गया। बसपा ने पहले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र को अपना प्रत्याशी बनाकर सामने किया फिर नामांकन के आखरी दिन इस फैसले को पलटते हुए दयाशंकर की जगह लवकुश पटेल से अधिकृत उम्मीदवार के रूप में नामांकन करा दिया।

दरअसल, राम प्रकाश चौधरी ने इस बार दल बदल लिया है। पिछले चुनाव में वह हाथी की सवारी कर रहे थे। इस बार वह साइकिल पर सवार होकर भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देने आए हैं। ऐसे में इस लोस सीट से भाजपा के टिकट पर ताल ठोक रहे हरीश द्विवेदी के सामने वह चुनौती बन कर आ खड़े हुए हैं।

इस बीच क्षेत्र में राजनीतिक जानकार यह भी कह रहे हैं कि बसपा के मौजूदा प्रत्याशी लवकुश को अगर पूर्व बसपा प्रत्याशी दयाशंकर का साथ मिला तो भाजपा प्रत्याशी को नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि दोनों मिलकर भाजपा के ही वोट बैंक में ज्यादा सेंधमारी कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर बसपा उम्मीदवार से सपा की भी राह बहुत मुश्किल हो गई है। हकीकत तो यह है कि लवकुश पटेल सपा प्रत्याशी राम प्रकाश चौधरी के पुराने करीबी और दूर के रिश्तेदार रहे दिवंगत पूर्व विधायक नंदू चौधरी के बेटे हैं।

ऐसे में बसपा उम्मीदवार लवकुश भाजपा के साथ-साथ इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के लिए भी चुनौती हैं। इसके पीछे एक कारण और यह बताया जा रहा है कि बसपा का कोर वोट जो कि सपा प्रत्याशी की ओर झुक रहा था, पटेल के मैदान में आ जाने से उसने भी चुप्पी साध ली है।



भाजपा को मिले थे 4,71,163 मत

2019 के चुनाव में बीजेपी ने अपने सांसद हरीश द्विवेदी को मैदान में उतारा था। उनके सामने बसपा के राम प्रसाद चौधरी और कांग्रेस के राज किशोर सिंह थे। इस चुनाव में सपा का बसपा के साथ गठबंधन था और यहां पर बसपा ने उम्मीदवार खड़ा किया था। हरीश द्विवेदी को 471,163 वोट मिले थे तो बसपा के राम प्रसाद चौधरी के खाते में 4,40,808 वोट आए थे, राज किशोर को 86,920 वोट मिले थे।

हरीश द्विवेदी

राम प्रकाश चौधरी

लवकुश पटेल

ब्राह्मण मतों में सेंधमारी का प्रयास

बस्ती में अति पिछड़ों की संख्या अधिक है। ब्राह्मणों की भी तादाद काफी ज्यादा है। यह वर्ग पिछले चुनाव में भाजपा के साथ ही बताए जाते थे। यादव और मुस्लिम भी हैं, मगर उनका वोट निर्णायक नहीं होता है लेकिन इनके वोट इस सीट पर जीत-हार के अंतर को प्रभावित करता है। बस्ती में लड़ाई दिलचस्प होने के आसार हैं। पिछले चुनाव में बसपा के टिकट पर लड़े रामप्रसाद चौधरी महज 30 हजार वोटों से ही हारे थे। हालांकि, उस समय सपा-बसपा गठबंधन भी था। इस बार बसपा भी चुनाव मैदान में है। इसलिए, लोकसभा चुनाव 2019 के वोट प्रतिशत के हिसाब से आकलन करना गैर मुनासिब होगा। बस्ती की हरैया विधानसभा सीट पर ब्राह्मणों की बहुलता है और बसपा नेता दयाशंकर भी इसी विधानसभा क्षेत्र से आते हैं। इसलिए अगर पार्टी के ही विश्वासपात्र बने रहे तो ब्राह्मण मतों में वह सेंधमारी करने का प्रयास जरूर करेंगे।

सवर्ण तय करते हैं रुख

बस्ती संसदीय सीट पर कुर्मी बिरादरी की संख्या ज्यादा है और वे ही निर्णायक भूमिका में होते हैं। लेकिन, सवर्ण भी कम नहीं है। ब्राह्मण और क्षत्रियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। यही वोट बैंक चुनाव का रुख तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह चुनाव पिछले चुनाव से थोड़ा अलग है। पिछड़ों का रुख और सवर्ण मतदाताओं का रुझान ही इस चुनाव में जीत-हार की कहानी लिखेगा।

कोई देख कर हुआ खुश, किसी ने जताई नाराजगी

- राहुल गांधी ने मतदान केंद्रों पर जाकर देखी व्यवस्था, युवाओं ने ली सेल्फी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी सोमवार दोपहर बछरावां मतदान केंद्र पर मतदान प्रक्रिया को देखने पहुंच गए। एक ओर कुछ मतदाता उन्हें देख कर खुश हुए और उनके साथ सेल्फी ली, तो कुछ नाराज मतदाताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी भी की। इस पर वह मुस्करा कर आगे चले गए। राहुल गांधी ने सदर विधानसभा क्षेत्र के राही ब्लाक के मैनूपुर भी गए। यहां पर ग्रामीणों से मतदान बहिष्कार को लेकर वार्ता करते हुए भरोसा दिलाया कि जल्द ही मांगों को पूरा करा दिया जाएगा। इसके बाद कुचरिया, उतरपारा, बेलाभेला, बेला टेकई में बने बूथ पहुंचकर मतदान के बारे में जानकारी ली।

बस्ता ले जाने की सूचना पर पहुंचे राहुल

राही, रायबरेली : राही क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा दूसरे पक्ष का बस्ता समेट कर ले जाने का आरोप लगाया। इसके बाद ग्रामीण भड़क गए। जैसे-तैसे मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने शांत कराया। सूचना पर राहुल गांधी भी पहुंच गए। इससे पहले सुबह शांति पूर्ण ढंग से मतदान चल रहा था। दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में अलग-अलग ग्रामीण बस्ता लगा कर पर्चियां बना रहे थे। सुबह साढ़े दस बजे के करीब कुछ लोग आए और एक पक्ष के बस्ते को लेकर चले गए। ग्रामीणों की मानें तो एक प्रत्याशी के भाई संग कुछ अज्ञात लोग मतदान बूथ पर पहुंच कर दूसरे पक्ष का बस्ता लेकर चले गए।

मोदी आज 25 हजार से अधिक महिलाओं से करेंगे सीधा संवाद

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 मई मंगलवार को वाराणसी में कार्यक्रम अपनी काशी के माध्यम से लगभग 25 हजार महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे। डॉ. संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में महिलाओं द्वारा संचालित होने वाले 'नारी शक्ति संवाद' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विशेष कार्य करने वाली महिलाओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रहेंगे।

भाजपा महिला मोर्चा की अर्चना मिश्रा ने सोमवार को बताया कि कार्यक्रम के लिए समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री महिलाओं से बात करेंगे और उनके व्यवसाय आदि विषय लेकर चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी को रिसीव करने, मंच संचालन, व्यवस्था समेत संपूर्ण दायित्व मातृ शक्ति के कंधे पर ही है। पंडाल में भारत के स्वरूप को दिखाने का प्रयास किया जायेगा। वहीं मराठी, बंगाली, दक्षिण भारतीय आदि प्रांत की महिलाएं अपने अलग-अलग परिधान में दिखेंगी। इनमें डॉक्टर, शिक्षिका, गृहिणी, अधिवक्ता, खिलाड़ी, व्यापारी समेत सभी वर्ग की महिलाएं भी शामिल रहेंगी ।

हेलीकॉप्टर और कार तक पहुंचे सपा के बेकाबू समर्थक

- समर्थकों के बीच से अखिलेश यादव को मंच तक पहुंचाने में सुरक्षा कर्मियों को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत
- जैसे-तैसे मंच पर पहुंचे सपा प्रमुख ने माइक से अपील कर समर्थकों को कराया शांत

धनघटा, संतकबीरनगर

अमृत विचार: प्रयागराज के बाद जनपद संतकबीरनगर के धनघटा में भी सपा मुखिया अखिलेश यादव की जनसभा में भी हंगामा हुआ। सोमवार की दोपहर सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर जैसे ही आसमान में दिखाई दिया उनके समर्थकों की भीड़ बेकाबू हो गई।

सैकड़ों युवा हेलीपैड की तरफ दौड़ पड़े। भीड़ को काबू करने में पुलिस कर्मियों को खूब पसीना बहाना पड़ा। जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर लैंड किया तेज हवाओं के साथ धूल उड़ने लगी जिसके चलते कुछ देर के लिए भीड़ तितर-बितर हो गई। लेकिन जैसे ही हेलीकॉप्टर के पंखे थमे भीड़ एकबार फिर हेलीकॉप्टर की तरफ दौड़ पड़ी। सुरक्षा कर्मियों को समझ में नहीं आ रहा था कि भीड़ को कैसे हटाया जाय। जैसे तैसे हेलीकॉप्टर के पास एक कार पहुंचाई गई। सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ से बचाते हुए अखिलेश यादव को कार में बैठाकर मंच की तरफ रवाना किया। कार मंच के पास पहुंची तो बेकाबू भीड़ बैरीकेडिंग और कुर्सियां तोड़ते हुए कार के पास पहुंच गई।

पुलिस कर्मियों और अखिलेश यादव के सुरक्षा कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें घेरे में लेकर मंच तक पहुंचाया। बाद में अखिलेश यादव ने मंच पर पहुंच कर माइक संभालते हुए सभी को शांत रहकर सभा को सफल बनाने की अपील किया और उसके बाद उन्होंने अपना सम्बोधन शुरू किया।

धनघटा में आयोजित जनसभा में शामिल होने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भीड़ से निकालने का प्रयास करते पुलिस व सुरक्षाकर्मी।

- भीड़ को काबू करने में पुलिस कर्मियों को भी पसीना बहाना पड़ा
- जैसे ही हेलीकॉप्टर आसमान में दिखाई दिया, समर्थकों की भीड़ बेकाबू हो गई

इस बार के चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर हार रही है : अखिलेश यादव

भीड़ से उत्साहित सपा मुखिया ने जनसभा में कहा कि इस बार के चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर हार रही है। 400 के बाद वाली सीटें भाजपा जीत सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कहते हैं कि यहां शांति कायम हो चुकी है। उनके कार्यकाल में आयोजित हुई सभी परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते हैं। बेरोजगार युवा भाजपा से बदला लेना जानता है। 4 जून को जुमले वाली सरकार की विदाई तय हो चुकी है। किसानों, नौजवानों, बेरोजगारों और महिलाओं की नब्ज टटोलते हुए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के खिलाफ जनता का ग़ुस्सा बढ़ता जा रहा है। सातवें चरण का चुनाव आते-आते जनता का ग़ुस्सा भी सातवें आसमान पर होगा। उन्होंने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही गरीब महिलाओं को लखपति और बेरोजगारों को नौकरी देने के साथ ही आटा और डाटा फ्री दिया जाएगा। पेपर लीक से लेकर खाद के बोरियों में कटौती और थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज कसा।

ये रहे उपस्थित

- जनसभा में एमएलसी किरणपाल कश्यप, विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व मंत्री लालमणि प्रसाद, प्रदेश सचिव नित्यानंद यादव, केडी यादव, राम वृक्ष यादव, गौहर अली, रामा यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, विजय बहादुर यादव, सुबोध यादव, राजमन यादव, रामभवन शर्मा, राहुल यादव बादल, अजीम खान, राजेंद्र आजाद, मनोज यादव पहलवान, अंकिता बॉबी, अलगू चौहान, यूसुफ खान, हनुमान कन्नौजिया आदि उपस्थित थे।

चुनावी चक्कर

माइक चलता रहता तो राहुल-अखिलेश न होते रफूचक्कर :

आखिर प्रयागराज की जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुखस अखिलेश यादव को मच छोड़कर क्यों जाना पड़ा? दरअसल, रविवार को इंडिया गठबंधन की दो संयुक्त रैलियां थी। एक फूलपुर में तो दूसरी नैनी शहर में। लेकिन फूलपुर की रैली में मौजूद भीड़ बैरिकेड तोड़कर मंच तक पहुंच गई जिससे सभा में अफ़रातफ़री का माहौल बन गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को मंच तक आने से रोकने की कोशिश की, लेकिन भीड़ मंच तक पहुंच गई। जिस वक्त यह नौबत आयी उस वक्त सपा के मुखिया अखिलेश यादव सभा को संबोधित कर रहे थे। अचानक भीड़ के मंच तक पहुंचने के बाद उन्हें अपना भाषण रोकना पड़ा। भीड़ में ज़्यादातर उन्हीं के समर्थक नजर आ रहे थे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मंच पर मौजूद सपा नेता दूधनाथ पटेल ने बताया कि जब कार्यकर्ताओं की भीड़ बैरिकेड तोड़कर मंच तक पहुंच तो आपाधापी में माइक का तार टूट गया। माइक बंद होने से न तो अखिलेश और न ही राहुल भीड़ से शांत रहने की अपील कर सके। दूधनाथ पटेल कहते हैं कि, माइक चलता रहता तो भीड़ को कंट्रोल किया जा सकता था, लेकिन वो नहीं हो सका। दूसरी ओर अपेक्षाकृत सुरक्षाकर्मियों की संख्या भी बहुत कम थी। बाद में दोनों नेताओं ने सूझबूझ दिखाते हुए बिना बोले ही सभा से चले जाने में समझदारी दिखायी। वहीं जाते-जाते भीड़ को संतुष्ट करने के लिए अखिलेश यादव ने सभा स्थल के ऊपर चार-पांच बार हेलीकॉप्टर भी घुमाया। उधर, कांग्रेस के प्रयागराज जिलाध्यक्ष सुरेश यादव कहते हैं, भीड़ में युवा राहुल गांधी जी को देखने के लिए उमड़ पड़े थे। यानि दोनों ही पार्टियों के समर्थक अब अपने-अपने नेताओं की प्रशंसा में ही बयान दे रहे हैं।

सीटों को लेकर नहीं करूंगा भविष्यवाणी : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रक्षामंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने कहा कि सीटों को लेकर कोई भविष्यवाणी नहीं करूंगा। एनडीए का संकल्प 400 पार का है।

रक्षामंत्री ने विपुल खंड गोमती नगर के स्कॉलर होम स्कूल पोलिंग बूथ पर मतदान करने के बाद उक्त बात पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा देश के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि परिवार के साथ मतदान अवश्य करें। वहीं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से भ्रमित है। जनता ने उन्हें नकार दिया है और हम रायबरेली, अमेठी सहित प्रदेश में सभी 80 सीटें जीत रहे हैं।


लखनऊ में मतदान करने के बाद उंगली में लगी स्याही का निशान दिखाते रक्षा मंत्री।

राहुल और अखिलेश अपने ही गढ़ में चुनाव हारेंगे : सुधांशु

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विकसित और सुरक्षित भारत के लिए मतदान करें। उन्होंने कहा कि राहुल और अखिलेश अपने ही गढ़ में चुनाव हारेंगे। जब चुनाव आता है तो राहुल गांधी को अपनी परंपरागत सीट रायबरेली व अमेठी की याद आती है। यही हाल अखिलेश यादव की कन्नौज संसदीय सीट के लिए रहती है। दोनों भूल जाते हैं कि जनता की सेवा लगातार करने के उपरांत ही बेहतर परिणाम मिलता है।

मतदान के बाद उंगली में लगी स्याही का निशान दिखाते सुधांशु त्रिवेदी।

लग रहा है इस बार परिवर्तन जरूर होगा : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **कहा- इस बार का चुनाव मुद्दों और जनता की समस्याओं को लेकर नहीं लड़ा जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है**

अमृत विचार : जनता के रवैये से मुझे यह महसूस हो रहा है कि इस बार परिवर्तन जरूर होगा। यह बात बसपा प्रमुख ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस के निकट चिल्ड्रन अकादमी स्कूल में बने पोलिंग बूथ पर मतदान करने के बाद कही।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के मुताबिक इस बार का चुनाव मुद्दों और जनता की समस्याओं को लेकर नहीं लड़ा जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। बसपा प्रमुख ने कहा सारा चुनाव आरोप-प्रत्यारोपों तक ही सीमित नजर आया। पत्रकारों से बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश आनंद को लेकर उठे एक सवाल के जवाब में मायावती ने कहा कि इस विषय पर मैं पहले ही अपने सोशल मीडिया पर संदेश साझा कर चुकी हूं, इसके अलावा मुझे कुछ नहीं कहना है। इससे पहले मायावती ने आमजन से बढ-चढ़ कर वोट डालने की अपील की।

राजधानी स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी में मतदान करके निकलतीं बसपा सुप्रीमो मायावती।

हमने भी किया मतदान...

प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल ने परिवार के साथ डाला वोट।

प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने पत्नी व पुत्री के साथ किया मतदान।

मतदान करने के बाद पत्नी के साथ डीजीपी प्रशांत कुमार।

खेल निदेशक आरपी सिंह ने पत्नी डॉ मांडवी सिंह के साथ डाला वोट।

वोट डालने के बाद सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाते राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा।

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग।

14,984 बूथों पर कराई गई वेबकास्टिंग

जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग ने किया पर्यवेक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 5वें चरण में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 14,984 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग कराई गई। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के पोस्टल बैलेट मतदान के लिए अर्ह श्रेणियां (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें तथा मतदान कार्मिक) में 21,907 मतदाताओं के जरिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। इसके अलावा कुल 32,250 सेवा मतदाताओं को भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 29,005 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग के जरिये 14 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक व 15 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे। इसके अलावा 2,416 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 327 जोनल मजिस्ट्रेट, 549 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 3,619 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये थे। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे।

5वें चरण के मतदान की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

ईवीएम की सुरक्षा अर्द्ध सैनिक बलों को

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

250 मतदान केंद्रों पर खराब हुई ईवीएम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान ईवीएम में खराबी, फर्जी मतदान समेत कई शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें समय पर निस्तारित कराया गया। ईवीएम खराबी की 250 शिकायतें पाई गईं, जिनका समय पर निस्तारण कराया गया। चुनाव में सभी 28,688 मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। निर्वाचन क्षेत्रों के मॉक पोल के दौरान कुल 167 बैलेट यूनिट, 268 कंट्रोल यूनिट व 349 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम बजे तक कुल 67 बैलेट यूनिट, 67 कंट्रोल यूनिट व 238 वीवीपैट बदले गये। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व में मॉक पोल के दौरान बैलेट यूनिट, दो कंट्रोल यूनिट व 11 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे कोई बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट बदले नहीं गये।

राजधानी में कई राजनीतिक हस्तियों ने किया मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मुख्य सचिव और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने भी परिवार संग किया मताधिकार का प्रयोग**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में तमाम राजनीतिक हस्तियों समेत शासन के बड़े अधिकारियों ने भी अपने-अपने मताधिकार प्रयोग राजधानी के विभिन्न पोलिंग बूथों पर किया। इनमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा व सुधांशु त्रिवेदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र एमएलए पंकज सिंह के अलावा कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर वोट किया। इनमें कई अकेले वोट डालने आए तो कई परिवार संग निकले।

सोमवार को मताधिकार का प्रयोग करने वाले अधिकारियों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री व सूचना संजय प्रसाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, सूचना निदेशक शिशिर, डीजीपी प्रशांत कुमार शामिल रहे, जिन्होंने अपने-अपने परिवार के साथ मतदान किया।

इसके अलावा एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश, एएसपी यूपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह, आईएएस ऋतु सुहास, आईएएस धनंजय शुक्ला, एसीएस नितिन रमेश गोकर्ण, आईएएस अनुज झा, आईएएस राजशेखर, उप्र. विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे, आईएएस मनोज कुमार सिंह, विधुत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद इन सभी ने अपने परिवार के साथ में सेल्फी ली और कईयों ने इसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया।

छह फार्मासिस्टों की मौतों की जांच की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत पर फेडरेशन चिंतित**

अमृत विचार : सोमवार को गाजीपुर व बुलंदशहर में एक-एक फार्मासिस्ट की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। इसी प्रकार बीते पांच दिनों में स्वास्थ्य विभाग में सेवारत छह फार्मासिस्टों की ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है। आकस्मिक मौतों पर फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र. ने चिंता व्यक्त करते हुए मौत के कारणों की जांच की मांग की है।

बुलंदशहर मालागढ़ के जिला अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट सूरज और गाजीपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचवर में तैनात फार्मेसिस्ट 40 वर्षीय वकार शाहिद की दोपहर एक बजे हार्टअटैक से मृत्यु हो गई है। इसके पहले 15 मई को प्रयागराज में सीएचसी हंडिया में तैनात फार्मासिस्ट प्रमोद यादव की अस्पताल जाते समय हृदयाघात से कार में मौत हो गई थी। उसी दिन कौशांबी मंझनपुर में कार्यरत फार्मेसिस्ट सदाशिव सिंह की भी अस्पताल में हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद 17 मई को सिद्धार्थनगर स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत फार्मासिस्ट बी. नारायण की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। अगले दिन 18 मई को प्रयागराज में ही रामनगर सीएचसी में तैनात फार्मेसिस्ट जय सिंह की अस्पताल में ही हार्ट अटैक पड़ने से मृत्यु हो गई।

> छह फार्मासिस्टों के निधन में केवल एक की मार्ग दुर्घटना से मृत्यु हुई, जबकि अन्य सभी की मृत्यु का कारण अज्ञात है। सभी की उम्र 40 से 52 के मध्य में है। इस प्रकार की आकस्मिक मौतों के कारणों की वजह जानने के लिए शोध होने चाहिए। जारी शोधों को गति प्रदान करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बढ़ावा मिलना चाहिये।
>
> **-सुनील यादव, अध्यक्ष फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र.**

ट्रेन में 5.3 किग्रा अफीम के साथ पकड़ी गई महिला

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर सोमवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रवर्तन लखनऊ टीम को त्रिवेणी एक्सप्रेस से एक महिला नशा तस्कर को 5 किलो 300 ग्राम अफीम के साथ पकड़ने में सफलता मिली। महिला तस्कर अफीम को लेकर सप्लाई करने बरेली जा रही थी। चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के सहयोग से नारकोटिक्स टीम ने गिरफ्तार कर लिया। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अफीम की कीमत लगभग 53 लाख बताई जा रही है। महिला तस्कर का नाम संगीता देवी है, जो कि रांची झारखंड की मूल रूप से रहने वाली है। महिला तस्कर से अभी अन्य तस्करों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

बसपा प्रमुख जौनपुर में आज सभा को करेंगी संबोधित

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती मंगलवार को जौनपुर में प्रत्याशी श्याम सिंह यादव के लिए समर्थन जुटाएंगी। चुनावी सभा में पूर्व घोषित प्रत्याशी धनन्जय सिंह की पत्नी श्रीकला से टिकट वापस लेने की वजह भी जनमानस में उपजे अविश्वास को भी खत्म करने का प्रयास करेंगी।

वर्ग पहेली-76

बाएं से दाएं

3.1. सुरमा, काजल 2. रसांजन।

4.1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।

5.1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा

6.1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।

9.1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

ऊपर से नीचे

1.1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।

2. उल्लू।

3.1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।

6.1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।

7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।

8.1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।





सुडोकू -155

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			1			3	4	
4	5							
	4	5					7	8
9								5
	1	7					9	6
							6	9
	6	2	3					

सुडोकू -154 का हल

8	1	7	4	6	5	2	9	3
4	2	5	1	9	3	6	7	8
6	3	9	2	7	8	1	5	4
5	9	6	3	2	1	8	4	7
3	7	4	6	8	9	5	1	2
1	8	2	7	5	4	3	6	9
2	5	8	9	4	6	7	3	1
9	6	1	8	3	7	4	2	5
7	4	3	5	1	2	9	8	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मई मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 17 .39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 05 .46 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आपको अधीर होने से बचना चाहिए। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपका मन कुछ विचलित सा हो सकता है। यदि नौकरी कर रहे हैं तो व्यापार की इच्छा होगी। आपके सामने व्यवसाय को लेकर अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

वृष — आज पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है,किंतु आप किसी भी तरह के लोन आदि लेने वाली गतिविधि से स्वयं को दूर रखें। व्यवसाय में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। किसी मित्र को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

मिथुन — आज नया कार्य शुरू करने में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। आपको लोग आश्वासन देंगे,लेकिन आपकी मदद से पीछे हटेंगे। आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके दिमाग में व्यवसाय को लेकर नए-नए विचार आएंगे।

कर्क — आज पारिवारिक जीवन को समय अवश्य दें। अधिकारियों के बीच अपनी छवि का ध्यान रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिसके परिणाम भविष्य में खराब होंगे जिनके प्रति आप श्रद्धा भाव रखते हैं, वे आपको गलत सलाह दे सकते हैं।

सिंह — आज आप कई तरह के उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए जिसके बारे में आपके पास कम जानकारी है। आप लोगों के बीच काफी सक्रिय रहेंगे।

कन्या — आज का दिन सामान्य फलदायक रहेगा। धन की कमी से कुछ काम रुक सकते हैं,जो लोग किराए पर रहते हैं, वे अपने लिए घर खरीदने की योजना बना सकते हैं। अधिकारियों के व्यवहार को लेकर सावधान रहें।

तुला — आज नई जॉब के आवेदन के लिए समय उत्तम है। व्यवसाय में आप बदलाव करने को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव काफी ज्यादा बढ़ सकता है। आप लोगों की मदद काफी सोच-समझकर ही करें।

वृश्चिक — आज कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। मन पुरानी बातों को लेकर अशांत रहेगा। यदि किसी स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित हैं तो आपको कुछ सावधान रहना चाहिए। चिकित्सीय कार्यों में धन खर्च होगा।

धनु — आज हृदय रोगियों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। किसी सामाजिक सभा में आप सम्मिलित हो सकते हैं। अटका हुआ धन मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए दिन शुभ है। संपत्ति को लेकर विवादों को आप अपने पक्ष में कर लेंगे।

मकर — आज सहकर्मी आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। राजनेताओं के लिए दिन शुभ है। प्रेमीजन को विवाह का प्रस्ताव दे सकते हैं। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। आप अपनी गलतियों का मूल्यांकन करें। इससे आप काफी सारी समस्याओं को सुलझा सकेंगे।

कुंभ — आज बड़ी आर्थिक गतिविधियों के लिए दिन शुभ नहीं है। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। आपको अपने दस्तावेजों को काफी संभाल कर रखना चाहिए। कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने का प्रयास करेंगे।

मीन — आज आपको ऐसे अवसर मिलेंगे जहां आपको दो में से किसी एक को चुनना होगा। नया कारोबार शुरू करने से पहले अपने शुभचिंतकों से विमर्श कर लें। आपको काफी शांत रहना चाहिए। तभी आप परिस्थितियों के अनुसार निर्णय ले पाएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — सुबह : 11.02
जुआरी — शाम : 04 .25

&pictures
मास — सुबह : 08 .13
हॉलीडे — दोपहर : 02 .01

ZEE CINEMA
वंडर वुमन — सुबह : 11 .11
द इंट्रूडर — रात : 09 .00
सागर — सुबह : 09 .50
हमारी अधुरी कहानी — रात : 07 .50

colors CINEPLEX
पहेली — सुबह : 11 .33
देवदास — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02 .01 बजे

जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1100 बोल्ड 1130 डीएमओ 880।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2350-2500
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000 -2100
ज्वार	2000 -4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200 -2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5900 -6000
अरहर	9000 -10000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	10000 -11000
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	15700-15800
अरहरस्पेशल1	13500-13600
चनादाल	7200-7300
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7100-7150
मसूरदाल	7300-7350
उड़ददाल	9000- 13000
उड़द धोवा	10000- 13000
मूँगदाल	9500 -10500
मूँग धोवा	10000-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1325-1350
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4900-5000
अलसी	4500 -4600 रुपये।

मार्च में रियल्टी धारणा सूचकांक में आया सुधार

नाइट फ्रैंक और नारेडको के अनुसार 6 माह के लिए है सकारात्मक परिदृश्य

नई दिल्ली, एजेंसी

जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़ी कंपनियां और वित्तीय संस्थान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि को लेकर उत्साहित हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में धारणा सूचकांक बेहतर होने के साथ अगले छह महीनों को लेकर खासी उम्मीदें लगी हुई हैं। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक और उद्योग निकाय नारेडको की सोमवार को जारी एक संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च आर्थिक वृद्धि और मजबूत संपत्ति की मांग उनकी धारणाओं में सुधार के प्रमुख कारक हैं। रियल एस्टेट धारणा सूचकांक (जनवरी-मार्च) रिपोर्ट आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच

कराए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है। यह दर्शाती है कि उद्योग के आपूर्ति पक्ष के बीच बाजार के भरोसे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मौजूदा धारणा सूचकांक अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 69 था लेकिन मार्च तिमाही में यह सुधरकर 72 हो गया। भविष्य की धारणा का सूचकांक भी बीती तिमाही में बढ़कर 73 हो गया जबकि दिसंबर तिमाही में यह 70 था। सलाहकार फर्म ने कहा-यह सकारात्मक वृद्धि पथ भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में हितधारकों के निरंतर आशावाद और रियल एस्टेट बाजार में स्थायी मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, आवासीय बाजार का दृष्टिकोण विशेष रूप से आशाजनक है।

रियल एस्टेट मामलों के प्रभावी दिवाला समाधान के लिए कानूनी सुधार जरूरी

दिवाला कानून के तहत रियल एस्टेट मामलों के समाधान में अधिक दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स ऑफ आईसीएआई (आईआईआईपीआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि परियोजनाओं को पूरा करने और घर खरीदारों को आवंटन पर हरसंभव ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रक्रियात्मक और समन्वय संबंधी मुद्दों को अनुमति नहीं देने का सुझाव भी दिया है। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) कर्ज में फंसी संपत्तियों के समयबद्ध समाधान का प्रावधान करती है। रियल एस्टेट मामलों के समाधानों में सुधार और नियामक रेरा के साथ समन्वय' पर गठित अध्ययन समूह ने आईबीसी और रियल एस्टेट विनियमन एवं विकास अधिनियम (रेरा) के तहत कानूनी और साथ ही व्यावहारिक पहलुओं में कुछ महत्वपूर्ण कमियों को चिह्नित किया है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि आईबीसी के तहत रियल एस्टेट मामलों को सुलझाने में अधिक प्रभावकारिता के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है।

रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस मामले में 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने वित्त वर्ष 2018-19 में रिलायंस कमर्शियल में पेशेवर कदाचार और ऑडिटिंग (अंकेक्षण) खामियों के लिए दो लेखाकारों (ऑडिटर) पर कुल 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने श्रीधर एंड एसोसिएट्स पर दो करोड़ रुपये और अजय वस्तानी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, नियामक ने वस्तानी को किसी भी कंपनी या निकाय के कार्यों और गतिविधियों के वित्तीय विवरणों या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से पांच साल के लिए रोक दिया है। यह आदेश ऐसे समय आया है जब कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने एनएफआरए को सूचित किया कि पीडब्ल्यू ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत मंत्रालय को एक रिपोर्ट दायर की थी।

फोनपे ने श्रीलंका में यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

फोनपे ने लंकापे के सहयोग से श्रीलंका में सभी लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट पर यूपीआई पेमेंट प्राप्त करने की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोलंबो में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा की मौजूदगी में यह घोषणा की गई और झा ने भारत और श्रीलंका के संबंधों तथा अधिक मजबूत बनाने में फिनटेक कनेक्टिविटी की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ़ श्रीलंका के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा। लंकापे के सीईओ चन्ना डी सिल्वा और फोनपे के इंटरनेशनल पेमेंट के सीईओ रितेश पई ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यूपीआई का इस्तेमाल दुनियाभर के बाज़ारों में कैसे किया जा सकता है और इससे मर्चेंट को किस तरह फायदा हो सकता है। फोनपे ने घोषणा की कि उसके ऐप यूज़र अब श्रीलंका की यात्रा करते समय पूरे देश में लंकापे क्यूआर वाले मर्चेंट को यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट कर सकते हैं। यूज़र कैश ले जाने या करंसी कन्वर्शन को कैलकुलेट किए बिना, सुरक्षित और तुरंत पेमेंट करने के लिए लंका क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। उनके अकाउंट से भारतीय रुपये में राशि डेबिट की जाएगी, जिसमें करंसी एक्सचेंज रेट दिखाया जाएगा। इन ट्रांज़ैक्शन की सुविधा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और लंकापे नेशनल पेमेंट नेटवर्क के ज़रिए दी गई है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	84,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,500
गिन्नी (प्रति नग)	54,800-55,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,450
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	71,300
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	82,500
चांदी तैयार	82,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	71,000
सोना जेवरात गिन्नी	70,000
चांदी पक्की	815 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,550
चांदी आभूषण	82,600।

सरकार ने वाहनों की गति मापने वाले उपकरण के लिए लोगों से मांगे सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सड़कों पर वाहनों की गति मापने में उपयोग होने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण के लिए नियमों के मसौदे पर लोगों से सुझाव मांगे हैं।

मंत्रालय ने इस बारे में एक परिपत्र जारी किया है। नियमों के मसौदे में कहा गया है कि अंतिम रूप से नियम अधिसूचित होने के बाद स्थापित रडार उपकरणों को एक वर्ष के भीतर सत्यापित करने की जरूरत होगी। लोगों को इस बारे में 11 जून तक सुझाव देने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा है कि फिर से प्रमाणन की जरूरत होने पर मौजूदा स्थापित उपकरणों को भी सत्यापित किया जाना चाहिए। ऐसे रडार उपकरण जो पहले से लगे हैं और जिनका फिर से सत्यापन होना है अथवा अगले वर्ष के भीतर होना है, उन्हें नए नियम लागू होने के एक वर्ष के भीतर सत्यापित किया जाना चाहिए और मुहर लगाई जानी चाहिए। यदि गति माप परिणामों का उपयोग कानूनी कार्यवाही में किया जाना है, नियम के तहत जो भी शर्तें निर्धारित होती हैं, उन्हें रडार उपकरण को पूरा करना होगा।

उबर को दिल्ली में बस चलाने के लिए मिला लाइसेंस

नई दिल्ली। ऐप आधारित ऑनलाइन कैब बुकिंग सेवा देने वाली कंपनी उबर को दिल्ली परिवहन विभाग से सरकार की प्रीमियम बस योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में बसें संचालित करने के लिए एग्रीगेटर लाइसेंस प्राप्त हुआ है। एग्रीगेटर से आशय कारोबारी मॉडल से है। यह एक नेटवर्क मॉडल होता है जिसके तहत सेवा प्रदाताओं और सेवा लेने वालों को एक मंच पर जोड़ा जाता है। कंपनी ने कहा कि दिल्ली बस संचालन के लिए लाइसेंस देने वाला पहला राज्य बन गया है। वहीं उबर दिल्ली प्रीमियम बस योजना के तहत पहली एग्रीगेटर बन गई है।

बिजली की अधिकतम मांग 235 गीगावॉट के करीब पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- पारा चढ़ने के साथ एसी और कूलर का बढ़ गया उपयोग

देश में पारा चढ़ने के साथ बिजली की अधिकतम मांग मई में 235 गीगावॉट के आसपास बनी हुई है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर एयर कंडीशनर और कूलर के उपयोग के कारण बिजली की मांग बढ़ी है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग छह मई को दिन में 233 गीगावॉट (एक गीगावॉटबराबर 1,000 मेगावॉट) पर पहुंच गई। एक साल पहले इस दौरान यह 221.42 गीगावॉट थी। मंत्रालय ने महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मई में दिन के दौरान बिजली



की मांग 235 गीगावॉट और शाम के समय 225 गीगावॉट तक पहुंच जाएगी। वहीं जून, 2024 में दिन के दौरान इसके 240 गीगावॉट और शाम के समय 235 गीगावॉटरहने की संभावना है। पिछले सप्ताह, 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 229.57 गीगावॉट तक पहुंच गई, जबकि 15, 16 और 17 मई को यह लगभग 226 गीगावॉट थी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। इसका कारण गर्मी से राहत दिलाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के एक जून को केरल तट पर पहुंचने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून लगभग पूरे देश में फैलते हुए जून के अंत तक दिल्ली पहुंचता है। इससे बिजली की मांग अगले महीने भी अधिक रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल मार्च में अनुमान लगाया था कि अलनीनो की स्थिति कम से कम मई तक जारी रहने से अधिक गर्मी और लू वाले दिन होंगे।

राष्ट्रीय

दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी भाजपा: मोदी

भुवनेश्वर में बोले प्रधानमंत्री, 4 जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राजग 400 से अधिक सीट जीतेगा

भुवनेश्वर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि भाजपा दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी और चार जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक लोकसभा सीट जीतेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार रात एक साक्षात्कार में कहा-पूरे देश के लिए हमारी रणनीति एक समान है। फिर एक बार मोदी सरकार और चार जून को 400 पार। उन्होंने कहा कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने एक मिथक पैदा किया है कि भाजपा दक्षिणी राज्यों में कोई ताकत नहीं है या वहां उसकी मौजूदगी नहीं है।

उन्होंने कहा-2019 के चुनाव को देखिए। तब भी दक्षिण भारत में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पुरी में लोकसभा चुनाव के लिए रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ही थी। एक बार फिर, मैं यह कहता हूं कि इस बार दक्षिण में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा होगी तथा उसके सहयोगियों को और अधिक सीटें मिलेंगी। मोदी ने कहा-हम दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेंगे और पिछली बार से भी अधिक अंतर से जीतेंगे। उन्होंने बताया-हमने पहले ही लोगों की सोच में बदलाव देखा है। हम दक्षिण क्षेत्र में अपनी सीटों की संख्या और मत प्रतिशत में भी बड़ी वृद्धि देखेंगे।

रोड शो शुरू करते ही मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा माहौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद निकल कर लगभग सौ मीटर चलकर मारीचिकोट चौराहे पर अपना रोड शो शुरू करने पहुंचते ही इस तीर्थनगरी में ग्रैंड रोड की हवा मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठी। नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी राज्य इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल, पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा तथा री विधायक उम्मीदवार जयंत शारंगी के साथ एक सजे हुए वाहन पर खड़े थे।

अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला और भाजपा केवल आज ही नहीं, बल्कि कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही है। प्रधानमंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह किसी को भी खास नागरिक के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। मोदी ने रविवार रात साक्षात्कार में ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को अल्पसंख्यकों को लेकर अब तक का सबसे स्पष्ट बयान माना जा रहा है।

मप्र में पति ने डाक से पत्र भेजकर पत्नी को तीन तलाक दिया, मामला दर्ज

रतलाम (मप्र)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में अपनी पत्नी को डाक से तीन पत्र भेजकर कथित तौर पर तीन तलाक देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आलोट थाने के प्रधान आरक्षक अनिल भावसन ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को उज्जैन जिले के घोसला निवासी ईशान सतानिया के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि जोड़े ने नवंबर 2020 में शादी की और इसके तुरंत बाद महिला के ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया था।

देशभर में बदलाव की चल रही है आंधी : राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान आरंभ होने के बाद सोमवार को कहा कि जनता विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') के साथ मिलकर खुद यह चुनाव लड़ रही है और देशभर में बदलाव की आंधी चल रही है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज 49 सीट पर मतदान हो रहा है। इसमें रायबरेली लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है जहां से राहुल गांधी खुद कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान है। पहले चार चरणों में ही यह साफ हो गया है कि जनता

संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़ी हो गई है और भाजपा को हरा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नफरत की राजनीति से ऊब चुका यह देश अब अपने मुद्दों पर वोट कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा-युवा नौकरी के लिए, किसान एमएसपी और कर्ज से मुक्ति के लिए, महिलाएं आर्थिक निर्भरता और सुरक्षा के लिए तथा मज़दूर वाजिब मेहनताने के लिए और देश में बदलाव लाने के लिए मतदान करने को आगे आया है।

एक नजर

तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से एक की मौत

पुडुकोट्टई। तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के अथिपल्लम गांव में सोमवार को एक पटाखा फैक्टी में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आग संभवत: वेल्डिंग की चिंगारी के कारण लगी। दुर्घटना में जिस व्यक्ति की मौत हुई उसकी पहचान कार्तिक के रुप में की गई है। एक अन्य कर्मचारी को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन और बचाव सेवा के कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

बिहार में गंगा में डूबने से पांच लोगों की मौत

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय जिले में सोमवार को पांच युवक गंगा नदी में डूब गये जिनमें से सभी की उम्र 17 से 20 साल के बीच थी। चकिया थाना अध्यक्ष नीरज कुमार चौधरी के अनुसार घटना सिमरिया घाट पर हुई जहां पास के गांव के निवासी मुंडन समारोह के बाद स्नान के लिए आए थे। इन लोगों के तेज धारा में बह जाने के बाद गोताखोरों की मदद से पांच लोग के शव बरामद कर लिए गए हैं।

खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी

उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि देश में कार्यरत खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। अर्ध-खुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन के दौरान परिसर से बाहर काम करने और शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज के साथ आत्मसात करने और मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए पेश किया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उल्लेख किया कि जेलों और कैदियों से संबंधित मामले में न्याय मित्र के रूप में सहायता कर रहे वकील के. परमेश्वर ने कहा है कि केंद्र द्वारा एक आदर्श मसौदा नियमावली तैयार की गई है जिसमें खुले शिविरों/संस्थाओं/जेलों का नाम 'खुले सुधारात्मक संस्थान' किया गया है। पीठ ने 17 मई को पारित अपने आदेश में कहा-हम (केंद्रीय) गृह मंत्रालय को आदर्श जेल नियमावली, 2016 और आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा

अधिनियम, 2023 के आने के बाद खुले सुधार संस्थानों के संबंध में हाल के घटनाक्रमों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि जयपुर में सांगानेर खुले शिविर का क्षेत्र कम करने का प्रस्ताव है। इसने कहा-हम निर्देश देते हैं कि संबंधित स्थलों पर कार्यरत खुले शिविरों/संस्थानों/जेलों के क्षेत्र में कटौती का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल और पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार और प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, लागू नियमों, दिशानिर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के साथ साझा करें। संबंधित राज्यों में ऐसी संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। पीठ ने मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह में आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

ईडी ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो जून को आत्मसमर्पण के बाद के लिए किया आवेदन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दो जून को आत्मसमर्पण करने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की सोमवार को मांग की।

ईडी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष आवेदन दायर कर दो जून को आत्मसमर्पण करने पर केजरीवाल के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की और दावा किया कि उन्हें पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद केजरीवाल एक जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ने उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। इस बीच, ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल और सह-अभियुक्त, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के खिलाफ मामले में मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने दोनों राजनीतिक नेताओं के खिलाफ दायर अपने पूरक आरोप पत्रों के समर्थन में यह दलील दीं। न्यायाधीश आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बिंदु पर मंगलवार को भी ईडी की दलीलें सुनना जारी रखेंगी।

भारत सेवाश्रम संघ पर टिप्पणी करने के लिए संत ने ममता बनर्जी को भेजा नोटिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। महाराज ने संगठन के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए ममता से मांफी मांगने को भी कहा है। ममता को कानूनी नोटिस भेजने की पुष्टि करते हुए स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा-अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी निजी तौर पर मुझे अपमानित करतीं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। एक आध्यात्मिक गुरु होने के नाते हम निजी आलोचना से प्रभावित नहीं होते क्योंकि हम यहां लोगों की सेवा के लिए हैं। लेकिन उन्होंने (ममता ने) संगठन को अपमानित किया है, जो अस्वीकार्य है।

यौन उत्पीड़न मामले में रेवन्ना की जमानत मंजूर

बेंगलुरू। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने हाई-प्रोफाइल यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) विधायक एवं राज्य के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका को सोमवार को मंजूरी दे दी।जद-एस नेता को पहले 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट से अंतरिम राहत मिली थी। आज के सत्र में, न्यायाधीश जे. प्रीत ने एसआईटी की ओर से उठायी गई आपत्तियों के बावजूद उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने का फैसला किया। होलेनरसीपुरा टाउन थाने में दर्ज मामले में श्री रेवन्ना और उनके बेटे, हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सहायिका के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

केजरीवाल के विरूद्ध दीवार लेखन के पीछे भाजपा का हाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप नेता आतिशी ने साजिश रचने का लगाया आरोप

आम आदमी पार्टी ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में मेट्रो ट्रेन के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरूद्ध जो दीवार लेखन किया गया है उसके पीछे भाजपा का हाथ है। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से इस मुद्दे पर चर्चा करने और ज्ञापन देने के लिए के लिए ई-मेल भेजकर समय मांगा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने इस मामले का संज्ञान लिया और इसकी जांच की जा रही है।

आप नेता आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा इस बात

से घबरा गई है कि वह दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट हारने वाली है, इसलिए वह अलग-अलग तरह की साजिश रचकर केजरीवाल को निशाना बना रही है। आतिशी ने आरोप लगाया-उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कराया और फिर जब वह तिहाड़ जेल के अंदर बंद थे तो 15 दिनों तक उन्हें इंसुलिन नहीं दिया गया, जिसके बाद हमें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब वह जेल से बाहर आ गए तो उन्हें निशाना बनाने के लिए स्वाति मालीवाल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन भाजपा की यह साजिश भी सफल न हो सकी क्योंकि वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि आप की राज्यसभा सदस्य पर हमले के आरोप झूठे हैं। उन्होंने दावा किया-अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है।

केजरीवाल पर हमला करा सकती है आप: भाजपा

वहीं भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पुलिस और निर्वाचन आयोग से मुख्यमंत्री केजरीवाल की सुरक्षा को दोगुनी करने की अपील की है। इसी के साथ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए उन पर हमला करा सकती है। सचदेवा ने कहा कि आप मुख्यमंत्री आवास के अंदर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हुए हमले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-केजरीवाल से मेरा एक ही सवाल है कि वह अपने घर में मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना पर कब अपनी चुप्पी तोड़ेंगे? दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांगा है।

रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीतकर भी ओलंपिक नहीं जा सकेगा भारत

एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने मिश्रित 4X400 मीटर रिले में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

बैंकॉक, एजेंसी

भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को पहली एशियाई रिले चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। हालांकि भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही।

मुहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट 14.12 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन मिनट 14.34 सेकेंड का था जो भारतीय टीम ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के दौरान बनाया था। भारतीय टीम रेस के चारों चरण के दौरान बढ़त बनाए हुए थी। श्रीलंका की टीम तीन मिनट 17.00 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि वियतनाम की टीम ने तीन मिनट 18.45 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

सोमवार का यह समय भारतीय टीम को विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में 21वें स्थान पर जगह दिलाता है। टीम का लक्ष्य 15वें या 16वें स्थान तक आना था। इस तरह भारतीय टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह मुश्किल हो गई है क्योंकि पेरिस में मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में सिर्फ 16 टीम हिस्सा लेंगी। बहामास के नसाऊ में विश्व एथलेटिक्स रिले से पहले ही 14 चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई कर चुकी हैं। अब 30 जून की समयसीमा तक देशों के सर्वश्रेष्ठ समय के आधार पर सिर्फ दो स्थान भरे जाने हैं। चेक गणराज्य (तीन मिनट 11.98) और इटली (तीन मिनट 13.56 सेकेंड) रोड डू पेरिस सूची में अभी क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं। इससे पहले ही शीर्ष 14 टीम विश्व एथलेटिक्स रिले के दौरान पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा चुकी हैं जहां भारतीय टीम क्वालीफाई करने में नाकाम रही। सोमवार को भारत का लक्ष्य कम से कम तीन मिनट 13.56 सेकेंड से बेहतर प्रदर्शन करना था जिससे कि वह 16वें स्थान पर आ जाए लेकिन टीम ऐसा करने में नाकाम रही। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 30 जून की समय सीमा से पहले मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भेजने पर विचार कर सकता है। भारत मंगलवार को एशियाई रिले के दूसरे दिन पुरुष और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में प्रतिस्पर्धा पेश करेगा। बहामास में राजेश रमेश, रूपल चौधरी, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्री दांडी की भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी ने खराब प्रदर्शन किया और पहले दौर के क्वालीफायर की हीट (शुरुआती दौर की रेस) में पेरिस का टिकट कटाने में विफल रही। पुरुषों की चार 400 मीटर रिले दौड़ में भाग लेते समय रमेश के घायल हो जाने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे दौर के क्वालीफायर की हीट से अपना नाम वापस ले लिया। बाद में पुरुषों और महिलाओं दोनों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने दूसरे दौर की क्वालीफिकेशन हीट के दौरान पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

केकेआर और सनराइजर्स आजमाएंगे दम

लीग के पहले क्वालीफायर मैच में दोनों टीमों की ओर से रनों का अंबार लगने की उम्मीद

अहमदाबाद, एजेंसी

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।

लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। वैसे प्लेआफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिये अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है। सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका। केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था।

बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेट हो गए। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरूआत दी है। मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं। रॉयल्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने के कारण साल्ट की जगह टीम में आये रहमानुल्लाह गुरबाज को अभ्यास नहीं मिल सका जिससे केकेआर खेमा चिंतित होगा। केकेआर के लिये नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है। कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती है जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। आस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं। उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं। सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है। हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आये हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप फाइनल में देखा गया था कि अहमदाबाद में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को अधिक सफलता मिलती है।

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजांफर।

सनराइजर्स हैदराबाद : अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	14	24
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
अर्शदीप (पंजाब)	14	19

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	14	708
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	14	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	12	533

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

क्रिकेट छोड़ने का मन बना रहे थे स्वप्निल

बेंगलुरु, एजेंसी

बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने आईपीएल की पिछली नीलामी के शुरुआती दौर में अपनी बोली नहीं लगने के बाद खेल छोड़ने का मन बना लिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें टीम में शामिल कर लिया।

18 साल के घरेलू क्रिकेट करियर में स्वप्निल ने बड़ौदा और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है। आईपीएल में वह आरसीबी से पहले पंजाब और लखनऊ का हिस्सा रह चुके हैं। स्वप्निल ने कहा कि नीलामी के दिन पहले मैं धर्मशाला जा रहा था। जब मैं वहां पहुंचा तब शाम के सात-आठ बज रहे थे। तब तक नीलामी का आखिरी दौर था, मुझे लगा कि मेरे लिए चीजें खत्म हो गईहै। मैंने सोचा था कि मैं मौजूदा घरेलू सत्र में खेलूंगा और अगर जरूरत पड़ी तो अगला सत्र खेलने के बाद करियर खत्म कर दूंगा क्योंकि मैं पूरी ज़िंदगी खेलना नहीं चाहता था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2006 में पदार्पण करने वाले स्वप्निल को आरसीबी ने 20 लाख रुपये की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार ने फोन किया तो हम भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए।

विश्व रिकॉर्ड के साथ दीप्ति ने जीता स्वर्ण

कोबे (जापान), एजेंसी

भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55 . 07 सेकेंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पैरा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकेंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी।

विश्व पैरा चैंपियनशिप

टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिये है। दीप्ति ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में 56.69 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था जो तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड था। दीप्ति जूनियर और सीनियर में सक्षम खिलाड़ियों के साथ भी चुनौती पेश कर चुकी हैं। सक्षम शरीर वाले खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने जूनियर स्तर पर कई पदक जीते हैं। उन्होंने सीनियर स्तर पर सक्षम खिलाड़ियों के साथ पिछली बार चेन्नई में 2022 राष्ट्रीय अंतर राज्यीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर रेस में प्रतिस्पर्धा पेश की थी। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भाग्यश्री महाराव ने भी महिला गोला फेंक एफ34 वर्ग में 7.56 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीत लिये हैं । रविवार को निशाद कुमार (टी47 ऊंची कूद) और प्रीति पाल (टी35 200 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था।

खेल डायरी

नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर से बाहर

जिनेवा। भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टिएन बाएज से हारकर बाहर हो गए हैं । दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी अर्जेंटीना के क्लेकोर्ट विशेषज्ञ प्रतिद्वंद्वी ने 7 . 6, 6 .3 से हराया। नागल ने हार के बाद ट्वीट किया कि आज की हार से निराश हूं। लेकिन फ्रेंच ओपन से पहले अच्छी तैयारी हुई । अगला लक्ष्य पेरिस ।

पूर्वोत्तर में क्रिकेट अकादमी की रखी आधारशिला

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर राज्यों के उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने छह राज्यों में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमियों की आधारशिला रखी। क्रिकेट अकादमी अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम के खिलाड़ियों को सुविधा प्रदान करेंगी। यह अकादमी शिलांग, ईटानगर, कोहिमा, आइजोल, इंफाल और गंगटोक में स्थित होंगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, पूर्वोत्तर में इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मानसून के दौरान प्रशिक्षण के लिए कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई या अहमदाबाद की यात्रा करनी पड़ती थी।

खेल या शिक्षा, अनुशासन जरूरी: गोपीचंद

पटना। खिलाड़ी और कोच के रूप में बेहद अनुशासित पुलेला गोपीचंद ने प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए अनुशासन का महत्व बताया। पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 50 साल के गोपीचंद इंजीरियंग और मेडिसिन पाठ्यक्रम की प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से मुखातिब थे। भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच गोपीचंद ने छात्रों से कहा, खेल हों या शिक्षा दोनों समान हैं। दोनों में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है। समय के साथ इसमें मार्गदर्शक की जरूरत जुड़ गई है। शिक्षा के साथ जब ट्रेनिंग दी जाती है तब छात्र प्रतिस्पर्धा में सक्षम बन पाता है।

इंडियन ओपन सर्फिंग 31 मई से

मेंगलुरू। इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) का पांचवां सत्र 31 मई से दो जून तक यहां खेला जाएगा। इसमें चार वर्गों में पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर 16) बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने बतसश्स कि इंडियन ओपन सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीरिज का दूसरा चरण होगा। इससे पहले केरल में मार्च में अंतर्राष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल हुआ है।

खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी सिंधू

मलेशिया मास्टर्स

कुआलालम्पुर, एजेंसी

ब्रेक से लौटी पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज कर अपना मनोबल बढ़ाने के इरादे से उतरेगी। सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया। वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है।

ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी सिंधू का रिटर्न पहले की तरह नहीं रहा है और कई मुकाबले वह हार गई हैं। वह छह प्रतिस्पर्धाओं में से दो में ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सकी हैं। वह 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीती थी। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। इस टूर्नामेंट में एंग सि यंग, चेन यू फेइ, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसे सितारे भाग नहीं ले रहे हैं।

सिंधू का सामना युवा खिलाड़ियों से होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। पुरुष युगल में कृष्णा प्रसाद गारागा और साई प्रतीक के की जोड़ी उतरेगी। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी के अलावा सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ खेलेंगे।

इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे मैच में पाकिस्तान को 34 रन से हराया

लीड्स, एजेंसी

- **तीन मैचों की श्रृंखला इंग्लैंड की टीम ने 3-0 से जीती**

डैनी व्याट 48 गेंदों में (87) और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान को 34 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है।

177 रनों का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने पहले विकेट लिए 60 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिदरा अमीन (26) का पहला विकेट गिरा। अगले ही ओवर में गुल फिरोजा भी (30) पवेलियन लौट गई। सदफ शमास (6) और मुनीबा अली(3) 10वें और 11वें ओवर में गिरने से पाकिस्तानी टीम बैकफुट पर आ गई। कप्तान निदा डार और आलिया रियाज ने पारी को संभालने का प्रयास किया और मैच के अंत तक पिच पर टिकी रहीं। पाकिस्तान की टीम चार विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 34 रन से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन, लॉरेन फ़िलर, सोफी एक्लेस्टोन और डेनिएल गिब्सन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट लिए। खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने निर्धारि 20 ओवरों में 176 रन का स्कोर खड़ा किया।

बॉलीवुड हलचल

यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम और उनके पति फिल्मकार आदित्य धर माता-पिता बन गये है। यामी गौतम और आदित्य धर ने सोशल मीडिया पर एक साथ पेरेंट्स बनने की खबर शेयर की है। बेटे होने की अनाउंसमेंट के साथ ही उन्होंने बेटे का नाम भी बताया है। यामी और आदित्य ने बेटे का नाम 'वेदाविद' रखा है, जिसका मतलब होता है वेदों को जानने वाला। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, हम सूर्या अस्पताल के बेस्ट डॉक्टर्स, खासकर डॉ. भूपेन्द्र अवस्थी और डॉ. रंजना धनु के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिनकी स्पेशलाइजेशन और कोशिशों ने इस खुशी के अवसर को संभव बनाया। हम माता-पिता बनने की इस खूबसूरत जर्नी पर निकल रहे हैं, हम उत्सुकता से अपने बेटे 'वेदाविद' के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हम इस समय आशा और विश्वास से भरे हुए हैं कि वह हमारे पूरे परिवार और राष्ट्र का भी गौरव बनेगा।

अगस्त में शुरू होगी जू. एनटीआर की फिल्म एनटीआरनील

मुंबई। मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर की आने वाली फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर, केजीएफ सीरीज़ और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक प्रशांत नील के साथ काम करेंगे। फिल्म, जिसका अस्थायी नाम एनटीआरनील है, की घोषणा बहुत पहले की गई थी। निर्देशक प्रशांत नील, माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स की अगली एक्शन महाकाव्य फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर निर्माताओं ने शूट अपडेट की घोषणा की। निर्माताओ ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैन ऑफ मासेस को जन्मदिन की शुभकामनाएं -टीम एनटीआरनील। एक पावरहाउस प्रोजेक्ट के लिए खुद को तैयार करें।



पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल ड्रॉ में होंगी 32 टीमें, एक देश अधिकतम रख सकता है दो टीम

बालाजी या युकी किससे जोड़ी बनाएंगे रोहन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में एन श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी के साथ जोड़ी बनाएंगे और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) से उसे मंजूरी मिलना तय है।

विश्व युगल रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरूष युगल ड्रॉ में 32 टीमें होंगी जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है। क्वालीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं जो एटीपी या डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिये। फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वालीफिकेशन के लिए मान्य होगी। एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि आम तौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है। चयन समिति उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जायेगी। रोहन जिसके साथ भी खेलना चाहेगा, उस पर विचार किया जायेगा।



बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था। वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे।

हमेशा विवादों से घिरा रहा है भारतीय टेनिस

भारतीय टेनिस में ओलंपिक या बहु खेल आयोजनों में नामांकन को लेकर हमेशा विवाद रहा है। 2012 में महेश भूपति और बोपन्ना दोनों ने लिएंडर पेस के साथ खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पेस ने विष्णु वर्धन को जोड़ीदार बनाया था। इसके बाद मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा को पेस के साथ खेलने के लिए कहा गया लेकिन देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी सानिया ने पेस को तसल्ली देने के लिये उनका इस्तेमाल करने पर एआईटीए को आड़े हाथों लिया था। एशियाई खेल 2018 में पेस ने दो दिन पहले यह कहकर नाम वापिस ले लिया था कि एआईटीए ने उन्हें विशेषज्ञ जोड़ीदार नहीं दिया है। एआईटीए ने बोपन्ना का जोड़ीदार दिविज शरण को बनाया था जिससे पेस को एकल खिलाड़ी के साथ खेलना पड़ा। बोपन्ना का यह ओलंपिक पदक जीतने का आखिरी मौका होगा जो 2016 रियो खेलों में मिश्रित युगल में सानिया के साथ पदक से चूक गए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

कार्निवाल

जर्मनी में वार्षिक कार्निवाल ऑफ कल्चर परेड के दौरान रविवार को वेशभूषाधारी प्रतिभागी परेड में दुनिया भर से हजारों लोग रंगबिरंगी वेशभूषा में पहुंचे। उत्सव में भाग लेते युवती। ● एजेंसी

सुनक ने संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के लेकर मांगी माफी

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सरकार को सौंपी गई एक जांच रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर देश में 1970 के दशक में मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के प्रकरण को दबाने का आरोप लगाए जाने के बाद सोमवार को माफी मांगी।

जांच समिति के अध्यक्ष सर ब्रायन लैंगस्टाफ द्वारा इस मुद्दे पर अपना कड़ा फैसला सुनाए जाने के कुछ घंटे बाद संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में सुनक ने कहा कि जांच में उल्लिखित विफलताओं और इनकार के रवैये के बाद यह ब्रिटेन के लिए शर्म का दिन है। यह माना जाता है कि ब्रिटेन में, 1970 के दशक से लेकर 1990 के दशक के शुरुआती वर्षों तक एचआईवी या हेपटाइटिस से संक्रमित रक्त आधान करने से करीब 3,000 लोगों की मौत हुई।

● **1970 के दशक में मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के प्रकरण को दबाने का आरोप**

इस प्रकरण को 1948 से ब्रिटेन की सरकार संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में सबसे घातक आपदा माना जाता है। उन्होंने सभी पीड़ितों को मुआवजा देने की पुष्टि की।

आयुष्मान भारत योजना ने बदल दी छह साल पुरानी कहानी, समझिए पूरी पिक्चर

साल 2018 में केंद्र सरकार ने गरीब परिवारों के इलाज के लिए जिस आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना को लॉन्च किया था, उस योजना ने अब एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। दरअसल, इस योजना के लाभार्थियों में महिलाओं की संख्या बढ़कर 48 फीसदी हो गई है। पिछले 6 सालों में आयुष्मान भारत के तहत अस्पताल में भर्ती होकर अपना इलाज करने वाले लोगों का आंकड़ा 6.5 करोड़ है, जिसमें से 3.2 करोड़ महिलाएं हैं। योजना के तहत सरकार ने 6 सालों में इलाज पर कुल 81,979 करोड़ रुपए खर्च किए और इनमें से महिला लाभार्थियों पर खर्च होने वाली रकम 39,349 करोड़ रुपए है। आयुष्मान को लागू करने वाली एजेंसी नेशनल हेल्थ अथॉरिटी से जुड़े अधिकारियों ने ये आंकड़े दिए हैं और बताया कि देश के 8 राज्य ऐसे हैं, जहां महिला लाभार्थियों की संख्या पुरुषों से ज्यादा रही है।

एसे मिलता है योजना का लाभ?

इस योजना का लाभ उठाने के लिए चार शर्तें हैं। पहली- आपकी सालाना इनकम 2 .5 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। दूसरी- परिवार में 16 साल से ऊपर का कोई भी अन्य कमाने वाला सदस्य ना हो। तीसरी- अगर आप एससी या एसटी कैटेगरी से हैं तो इस योजना के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

क्या है आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना

आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत गरीब वर्ग के परिवारों को 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत अभी तक 32 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए जा चुके हैं। हालांकि, योजना के लॉन्च होने के बाद शुरुआती दो सालों में केवल 10 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड ही जारी हो पाए थे। बाद में जब इस काम में आशा कर्मियों को शामिल किया गया तो पिछले दो सालों के भीतर ही सरकार ने 20 करोड़ कार्ड जारी कर दिए।

एक नजर

लाई चिंग ते ने ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

ताइवान। लाई चिंग ते ने सोमवार को ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। चिंग ते ने कहा कि द्वीपीय राष्ट्र चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश जारी रखेगा और स्वशासित लोकतंत्र की वास्तविक स्वतंत्रता की नीति को बरकरार रखेगा। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस पर नियंत्रण हासिल करने की बात कह चुका है।

बारिश से प्रभावित ऊटी में आठ पर्यटकों को बचाया

उधगमंडलम। तमिलनाडु के ऊटी में राज्य पर्यटन बोट हाउस के पास बारिश के पानी में फंसे वाहन से आठ पर्यटकों को अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों ने सोमवार को बचा लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऊटी दमकल स्टेशन के अधिकारी प्रेमकुमार ने बताया कि यहां बस स्टैंड के पास बोट हाउस के पास आंशिक रूप से डूबे एक वाहन को देखकर कुछ स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को इस बारे में सूचित किया। इसके बाद विभाग के कर्मचारी तुरंत वहां पहुंचे और वाहन में फंसे सभी आठ लोगों को बाहर निकाला।

जुमा आपराधिक रिकॉर्ड के चलते नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि एक आपराधिक मामले में दोष सिद्धि की वजह से पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को अगले हफ्ते होने वाले संसदीय चुनाव में खड़े होने की इजाजत नहीं है। यह निर्णय अहम चुनाव से पहले देश में राजनीतिक तनाव बढ़ा सकता है। संवैधानिक अदालत ने कहा कि संविधान उन लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगाता है जिन्हें 12 महीने से ज्यादा की सज़ा दी गई है। जुमा (82) को 2021 में संवैधानिक न्यायालय ने अदालत की अवमानना के मामले में 15 महीने की सज़ा सुनाई थी।

कनाडा में नाव दुर्घटना में तीन की मौत, 5 घायल

ओटावा। कनाडा में शनिवार रात हुई एक नाव दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। यह दुर्घटना कनाडा की राजधानी ओटावा से लगभग 140 किमी दक्षिण में बॉब्स झील के क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे (0130 जीएमटी) के बाद हुई। स्थानीय पुलिस ने कहा, "एक नाव को ओपन बो फिशिंग स्टाइल बोट और दूसरे को स्पीड बोट बताया जा रहा है।

रईसी की मौत पर उठे सवाल

चीन बोला- राष्ट्रपति के हैलीकॉप्टर हादसे के लिए सिर्फ कोहरे को जिम्मेदार नहीं मान सकते

दुबई, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हैलीकॉप्टर क्रैश में मौत पर अब चीन ने सवाल खड़े किए हैं। चीन के एक्सपर्ट के मुताबिक ईरान घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रहा है इसलिए राष्ट्रपति रईसी के साथ हुए हादसे को सिर्फ दुर्घटना कहना मुश्किल है।

ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीनी के एक्सपर्ट्स का मानना है कि राष्ट्रपति रईसी के साथ हुए हादसे का कारण निर्धारित कर पाना मुश्किल है। इसके लिए सिर्फ कोहरे को जिम्मेदार नहीं मान सकते हैं। शंघाई इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी के मिडिल ईस्ट स्टडीज इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर लियू झोंगमिन ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के तनावपूर्ण संबंध हैं और हाल की घटनाओं से दोनों के बीच दूरियां और ज्यादा हो गई हैं।

बता दें कि रविवार को यह हादसा अजरबैजान और ईरान की सीमा के पास हुआ। रईसी का हैलीकॉप्टर जहां क्रैश हुआ वह जगह ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जोल्फा शहर के पास है।

दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित तो राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर कैसे फंस गया

अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर मौसम इतना ही खराब था तो पायलट ने हेलीकॉप्टर को आगे बढ़ाने का फैसला क्यों किया? एक सवाल यह भी है कि फ्लीट में शामिल जब दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित वापस आ गए तो राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर कैसे फंसा रह गया। हालांकि, इसकी संभावना है कि दुर्घटना खराब मौसम की वजह से ही हुई हो, लेकिन साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

रईसी की मौत का क्या है परमाणु कनेक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार बना रहा था। ईरान के इस परमाणु मिशन से अमेरिका नाराज था। परमाणु कार्यक्रम के कारण अमेरिका ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हुए थे। ईरान जल्द ही परमाणु परीक्षण करने की तैयारी में था। ईरान का परमाणु संपन्न होना अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा बन सकता था। अमेरिका और पश्चिमी देश आमतौर पर इजरायल को समर्थन करते रहे हैं।

दुनिया के सबसे कट्टर नेता माने जाते थे इब्राहिम रईसी

दुबई। ईरान-इराक युद्ध के अंत में 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों को सामूहिक फांसी दिए जाने में शामिल रहे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी दुनिया के सबसे कट्टर नेता के रूप में जाने जाते थे। राष्ट्रपति रईसी के नेतृत्व में ईरान ने हथियार बनाने के आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन किया एवं देश ने इजराइल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए। उत्तर-पश्चिमी ईरान में रविवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों की ऐसे समय में अचानक मौत हो गई जब ईरान आंतरिक असंतोष और दुनिया के कई देशों के साथ अपने संबंधों को लेकर संघर्ष कर रहा है।

हिजाब का विरोध करने वालों पर की थी कार्रवाई

रईसी हिजाब का विरोध करने वालों के खिलाफ थे। हिजाब नहीं पहनने के कारण हिरासत में ली गई महसा अमीनी की मौत के बाद 2022 में देशभर में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों पर महीनों चली कार्रवाई में 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी

पिछले महीने ही ईरान ने इजरायल पर हमला किया था।

सरयू नदी के पवित्र जल से हिंदू मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा

कोलंबो, एजेंसी।

● **श्रीलंका के सीता एलिया गांव में सीता अम्मन मंदिर में हुआ यह आयोजन**

श्रीलंका में एक हिंदू मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या की सरयू नदी के पवित्र जल का इस्तेमाल किया गया। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। श्रीलंका के सीता एलिया गांव में सीता अम्मन मंदिर में यह आयोजन हुआ।

भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका में सीता अम्मन मंदिर के कुंभाभिषेकम कार्यक्रम में हजारों भारतीय, श्रीलंकाई और नेपाली श्रद्धालु शामिल हुए। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। देवी सीता को समर्पित इस मंदिर का अभिषेक समारोह सरयू नदी के पवित्र जल से हुआ, जो भारत के अयोध्या से लाया गया था।

श्रीलंका की एक वेबसाइट न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के मुताबिक भगवान राम की जन्मभूमि माने जाने वाले अयोध्या और देवी सीता का जन्मस्थान माने जाने वाले नेपाल से सीता अम्मन मंदिर को पवित्र प्रसाद प्राप्त हुआ। भारत और श्रीलंका सहित दुनिया भर से श्रद्धालु इस समारोह को देखने और इसमें भाग लेने के लिए एकत्र हुए।

गोपी थोटाकुरा ने पहला भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनने पर जताया गर्व

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी: उद्यमी और पायलट गोपी थोटाकुरा ने कहा कि उन्हें अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन के एनएस -25 मिशन पर एक पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष में जाने वाला पहला भारतीय बनने पर गर्व है।

थोटाकुरा (30) और पांच अन्य सदस्यों को लेकर गयी ब्लू ओरिजिन की सातवीं मानवयुक्त उड़ान सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंची। एनएस-25 रविवार सुबह पश्चिम टेक्सास में लॉन्च साइट वन से रवाना हुई थी। वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए। ब्लू ओरिजिन द्वारा एक्स पर पोस्ट किए एक वीडियो में थोटाकुरा को अंतरिक्ष यान से यह कहते हुए सुना गया भारत अंतरिक्ष में। उन्हें हाथ में एक छोटा भारतीय ध्वज भी पकड़े हुए देखा गया। आंध्र प्रदेश में जन्मे उद्यमी और पायलट थोटाकुरा को एक बैनर पकड़े हुए भी देखा गया जिस पर लिखा था मैं हमारे सतत ग्रह के लिए एक पर्यावरण-योद्धा हूं। उनके साथ अंतरिक्ष में गए चालक दल के अन्य सदस्यों वायुसेना के पूर्व कैप्टन एड ड्वाइट शामिल हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने जीता विश्वास मत

काठमांडू, एजेंसी।

● **सभा में 157 वोट मिले, 18 महीने में चौथी बार टला संकट**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया, जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था। विश्वासमत हासिल करने के बाद प्रचंड नेपाल में लगातार सत्ता संघर्षों के बीच राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने का प्रयास करते हुए गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते रहेंगे।

नेपाल की प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेता प्रचंड (69) को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले। सरकार को विश्वास मत हासिल करने के लिए कम से कम 138 मतों की आवश्यकता थी। मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया और उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी की। लामिछाने पर सहकारी निधि के दुरुपयोग का आरोप है। विपक्षी दल की इस नारेबाजी के कारण मतदान प्रक्रिया में देरी हुई। मतदान के दौरान प्रतिनिधि सभा का एक सदस्य तटस्थ रहा। सदन के अध्यक्ष राज घिमिरे ने घोषणा की कि संसद में बहुमत मिलने के साथ ही प्रचंड ने विश्वास मत हासिल कर लिया है।

इससे पहले 13 मार्च को तीसरी बार जीता था विश्वास मत

इससे पहले प्रचंड ने 13 मार्च को लगातार तीसरी बार विश्वास मत जीता था। प्रचंड ने तब नेपाली कांग्रेस को छोड़ दिया था और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) के साथ नया गठबंधन बनाया था। पिछले साल, प्रचंड को तब विश्वास मत का सामना करना पड़ा था जब पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करने को लेकर मतभेद के बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था।

जूलियन असांजे को प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील की अनुमति

लंदन। ब्रिटेन की एक अदालत ने सोमवार को व्यवस्था दी कि विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे जासूसी के आरोप में स्वयं को अमेरिका प्रत्यर्पित करने के आदेश के खिलाफ अपील कर सकते हैं।

उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने कहा कि असांजे के पास ब्रिटेन सरकार के प्रत्यर्पण आदेश को चुनौती देने का आधार है। इस फैसले के बाद असांजे के लिए अपील करने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके चलते यह कानूनी लड़ाई वर्षों तक खिंच सकती है। असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कंप्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप है।

युद्ध के दृश्यों ने मेरा दिल तोड़ दिया: बाइडेन

अटलांटा, एजेंसी।

● **ऐतिहासिक ब्लैक मोरहाउस कॉलेज में बाइडेन ने कहा - अमेरिकी छात्रों की पीड़ा वह मुझे सकते हैं**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो रविववर को कहा कि इजरायल-हमास युद्ध की तस्वीरों ने उनका दिल तोड़ दिया है। बाइडेन ऐतिहासिक ब्लैक मोरहाउस कॉलेज के पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने इजरायल-हमास युद्ध पर अमेरिकी छात्रों की पीड़ा को स्वीकार किया।

उन्होंने छात्रों से कहा मैं शांतिपूर्ण अहिंसक विरोध प्रदर्शन का समर्थन करता हूं। बाइडन ने कहा कि गाजा में मानवीय संकट है इसलिए मैंने युद्ध को रोकने के लिए तत्काल संघर्ष विराम का आह्वान किया है और कहा है कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले के बाद हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों को घर लाया जाए। राष्ट्रपति ने अमेरिकी लोकतंत्र और इसकी सुरक्षा में उनकी भूमिका पर भी विचार किया। बाइडन ने कहा यह दुनिया की सबसे कठिन, सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। उन्होंने कहा इसमें कुछ भी आसान नहीं है। मैं जानता हूं कि यह मेरे परिवार सहित आपमें से कई लोगों को क्रोधित और निराश करता है।



इजराइल और हमास नेताओं के गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध

हेग। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक करीम खान ने सोमवार को कहा कि वह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित इजराइल और हमास के नेताओं के लिए सात महीने के युद्ध के दौरान उनके कृत्यों के संबंध में गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध कर रहे हैं। करीम खान ने कहा कि उनका मानना है कि नेतन्याहू, उनके रक्षा मंत्री योव गैलेंट और हमास के तीन नेता - येह्या सिनवार, मोहम्मद दीफ और इस्माइल हनियेह गाजा पट्टी और इजराइल में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं।

इन्फ्लुएंजा से लड़ने में एमआरएनए आधारित टीके महत्वपूर्ण हथियार

कुआलालंपुर, एजेंसी

● **हर साल वायरस से साढ़े छह लाख लोगों की होती है मौत**

एमआरएनए टीकों का क्लीनिकल परीक्षण शुरू हो गया है और शोधकर्ताओं को इन्फ्लुएंजा के खिलाफ लड़ाई में इसके व्यापक रूप से सकारात्मक परिणाम मिलने की आशा है। इन्फ्लुएंजा से हर साल दुनिया भर में 6,50,000 लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, विकासशील देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की 99 प्रतिशत मौतें इन्फ्लुएंजा से संबंधित संक्रमण के कारण होती हैं।

इन्फ्लुएंजा के मौजूदा टीकों में हर साल मौसमी बीमारी के करोड़ों मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने की सीमाएं हैं क्योंकि वे केवल एक विशिष्ट स्वरूप या उत्परिवर्तन के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करते हैं। फ्लू वायरस के नए स्वरूप में बदलाव का मतलब है कि टीकों की लगातार निगरानी की जानी चाहिए और हर साल उनको विकसित किया जाना चाहिए। लेकिन एमआरएनए तकनीक पर आधारित सार्वभौमिक इन्फ्लुएंजा टीका में विभिन्न स्वरूपों के खिलाफ व्यापक और लंबे समय तक चलने वाली प्रतिरक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

एमआरएनए आधारित टीकों का इस्तेमाल कोविड महामारी के दौरान सफलतापूर्वक किया गया था। इस तकनीक से तेजी से टीके का निर्माण किया जा सकता है और कई क्षेत्रों में इन्फ्लुएंजा वायरस के खिलाफ कदम उठाने में मदद मिल सकती है।

इन्फ्लुएंजा के नए स्वरूप हमेशा खतरनाक होते हैं। इनमें से अधिकतर की शुरुआत जानवरों से होती है। 1918 के स्पैनिश फ्लू जैसी महामारी, जिसमें 5 करोड़ लोग मारे गए और एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) वायरस का हालिया प्रकोप इन्फ्लुएंजा से उत्पन्न खतरे को रेखांकित करता है। यह वायरस के सभी उप स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम एक सार्वभौमिक इन्फ्लुएंजा टीके की तत्काल आवश्यकता को भी रेखांकित करता है।

चीन ने बोइंग और दो रक्षा कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

बीजिंग। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए सोमवार को बोइंग और अमेरिका की दो रक्षा कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। बीजिंग, ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए रक्षा कंपनियों के खिलाफ हाल के वर्षों में प्रतिबंधों की घोषणा कर चुका है।

इसी कड़ी में चीन ने ये नये प्रतिबंध लागू किये हैं। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी यूनिट, जनरल एटमिक एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स पर भविष्य में अपने देश में निवेश करने और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन व अधिकारियों की यात्रा पर रोक लगा दी।

खगोल विज्ञान | बर्फ के नीचे अति सूक्ष्म कणों का पहली बार पता चला

अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज

नैनीताल : वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिक बर्फ के नीचे दबे दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज की है। न्यूट्रिनो ब्रह्मांड की उत्पत्ति के दौरान के कण हैं। इनके बर्फ के नीचे मौजूद होने का पहली बार पता चला है। न्यूट्रिनो लगभग एक खरब छोटे कण हर सेकंड हमारे पास से गुजरते हैं।

यह खुले वातावरण में तैरते रहते हैं। इनकी उत्पत्ति बिग बैंग के साथ हुई थी। यह पूरे ब्रह्मांड में मौजूद हैं। इनसे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है। ब्लैक होल से भी इनकी उत्पत्ति संभव है, जो इनकी संख्या में वृद्धि करते हैं। ब्रह्मांड में बढ़ी संख्या में मौजूदगी के बावजूद इनका पता लगाना आसान नही है। इनका पता लगाने के लिए न्यूट्रिनो भौतिकविदों को बहुत बड़े प्रयोग करने पड़ते हैं।

अंटार्कटिक की तस्वीर।

अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो का पता लगाने के लिए भी बड़े प्रयोग वैज्ञानिकों को करने पड़े है। जिसमें आइसक्यूब प्रयोग की मदद लेनी पड़ी। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ऊर्जावान न्यूट्रिनो है। जिन्हें ताऊ न्यूट्रिनो के नाम से जाना जाता है। इसका पता लगाने के लिये लगभग 10 वर्षों का डेटा एकत्र करना पड़ा। तब इसकी खोज हो पाई। ऐसी खोज पहली बार हुई है। यह खोज विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यूड जर्नल फिजिकल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। इस खोज से न्यूट्रिनो के अत्यधिक ऊर्जावान कण की उत्पत्ति की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिल पाएगी।

पृथ्वी से अछूते नही ब्रह्मांड की उत्पत्ति के तार

नैनीताल : अति सूक्ष्म न्यूट्रिनो कणों की बर्फ के नीचे दबे होने की खोज बताती है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति के तार पृथ्वी से जुड़े होने से अछूते नही हैं। यह कण सृष्टि के उत्पत्ति के दौरान के अवशेष हैं। तकनीक में निरंतर आ रहे सुधार के चलते यह खोज सम्भव हो पाई है। उम्मीद है कि भविष्य ब्रह्मांड की अति सूक्ष्म जानकारी हमे मिलते रहेगी।